CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 17°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 4 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 76 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 | 15 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश पुलिस में जल्द पूरी होगी 81 हजार पदों पर भर्ती: योगी पेज 2



मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना खेल टाइम्स




ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में लगा महंगाई का तड़का सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल पेज 12

# ईरान ने जिंदा पकड़ा अमेरिकी पायलट!, एक और एफ-15 विमान गिराने का दावा

**तेहरान, वार्ता**

**ईरान और अमेरिका** के बीच बढ़ता तनाव कम होने का नाम ही नहीं ले रहा हैं। दोनों देश अपने-अपने हिसाब के कई बड़े दावे कर रहे हैं। कभी अमेरिका कहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। वहीं, इन सबके बीच ईरान की ओर से भी बड़ा दावा किया गया है।

ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि उसकी सेना ने एक और अमेरिकी एफ-15ई स्टील्थ लड़ाकू विमान को मार गिराया है। ईरानी सेना ने शुक्रवार को दो उन्नत अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराने की बात कही है। जिनमें दूसरा एफ-35 विमान भी शामिल है। एजेंसी ने विमान के मलबे की तस्वीरें भी जारी की हैं और कहा है कि यह विमान अमेरिका के लेकनहीथ स्क्वाड्रन का था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि विमान पूरी तरह तबाह हो गया और पायलट के बचने की संभावना बहुत कम है। ईरान के सरकारी टीवी से जुड़े एक स्थानीय चैनल ने दावा किया है कि दक्षिण-पश्चिमी ईरान में एक अमेरिकी लड़ाकू विमान का पायलट पैराशूट के जरिये बाहर निकल गया। चैनल ने लोगों से अपील की कि यदि कोई पायलट को जिंदा पकड़कर पुलिस को सौंपता है, तो उसे इनाम दिया जाएगा। एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका ने ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर और सी-130 विमान से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पायलट की स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस दावे पर अभी तक अमेरिका की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है और मामले की पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरान का दावा है कि पिछले 24 घंटों में यह दूसरा एफ-15ई विमान है, जिसे मार गिराया गया है। इससे पहले 2 अप्रैल और 23 मार्च को भी ऐसे ही दावे किए गए थे। ईरान लगातार कह रहा है कि उसने अमेरिकी आधुनिक लड़ाकू विमानों को निशाना बनाया है और उन्हें गिराया है। आईआरजीसी ने इन हमलों की पुष्टि की है। एक बयान में आईआरजीसी ने कहा कि उसकी नव विकसित हवाई रक्षा प्रणालियों ने मध्य ईरान में एक स्टील्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर मार गिराया है। आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिकी वायुसेना के लेकनहीथ स्क्वाड्रन से संबंधित यह विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया और पायलट के बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है।



■ **व्हाइट हाउस ने मामले को लेकर साधी चुप्पी**

### ईरान के हमले में अमेरिकी रडार को नुकसान

**वाशिंगटन।** ईरान के सऊदी अरब में प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर किए गए हमले में अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) के एक रडार एएन/टीपीवाई-2 को नुकसान पहुंचा है। सीएनएन ने सैटेलाइट चित्र का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। यह रडार, प्रिंस सुल्तान हवाई अड्डे पर कई चलने वाले ट्रेलरों के बीच बंटा हुआ है, अभी खुले में है। एंटीना जला हुआ लगता है और उसका एक बड़ा हिस्सा गायब है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने तेहरान समेत ईरान के ठिकानों पर हमले किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने जवाब में इजरायली इलाके और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला किया, जिसमें बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हैं।

आईआरजीसी ने ईरान की हवाई रक्षा प्रणाली के पूर्ण विनाश के बारे में ट्रम्प के दावे को झूठा दावा बताया है। इस बयान में ईरान के एकीकृत हवाई रक्षा नेटवर्क की निरंतर प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद, कुछ ही क्षण पहले केशम द्वीप के दक्षिण में आईआरजीसी नौसेना की आधुनिक उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली ने शत्रु के उन्नत लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। ईरानी मीडिया के अनुसार, यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के लिए हाल ही में बड़ा झटका है। युद्ध की शुरुआत के बाद से, ईरान ने दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 सहित कई उन्नत अमेरिकी विमानों को मार गिराया है।

# ट्रम्प सरकार में उथल-पुथल

## 24 घंटे के दौरान निकाले गए आर्मी चीफ और अटॉर्नी जनरल

**वाशिंगटन।** अमेरिका की अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी को हटाए जाने के बाद अब ट्रम्प सरकार में कुछ और बड़े अफसरों को निकाले जाने की आशंका बढ़ गई है। अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने आर्मी चीफ जनरल रैंडी जार्ज को तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया।

व्हाइट हाउस के प्लान से जुड़े कई लोगों ने बताया कि और भी अधिकारियों को हटाने पर चर्चा चल रही है। इसमें आर्मी सेक्रेटरी डेनियल ड्रिस्काल और लेबर सेक्रेटरी लोरी चावेज-डीरेमर का नाम भी शामिल है। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में बड़े अधिकारियों को हटाने से बचते रहे थे। उन्हें लगता था कि ऐसा करना डेमोक्रेट्स और मीडिया के सामने झुकना होगा। पिछले कुछ महीनों तक यह आदेश था कि मिडटर्म चुनाव से पहले किसी कैबिनेट अधिकारी को नहीं हटाया जाएगा, लेकिन ईरान युद्ध के बाद ट्रम्प की लोकप्रियता घटने से स्थिति बदल गई है। ईरान से जंग के बीच अमेरिकी सरकार में तेजी से प्रशासनिक बदलाव हो रहे हैं। सबसे पहले होमलैंड सिक्योरिटी चीफ क्रिस्टी नोएम को बेदखल किए जाने से इसकी शुरुआत हुई। उन्हें किस वजह से हटाया गया इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं बताई गई है। कुछ समय से उनकी काम करने की शैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग की जिम्मेदारी होती है कि देश को अंदर और बाहर से आने वाले खतरों से सुरक्षित रखा जाए। उनकी राजनीतिक छवि भी विवादों में रही, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ रहा था। आलोचकों का कहना था कि वे ज्यादा राजनीतिक बयानबाजी कर रही हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति बनने से पहले ही साउथ डकोटा की गवर्नर क्रिस्टी नोएम को होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का चीफ बनाने के लिए नामित कर दिया था। व्हाइट हाउस के एक करीबी ने द अटलांटिक से कहा कि क्रिस्टी नोएम को हटाने पर जो प्रतिक्रिया मिली, उससे ट्रम्प को हिम्मत मिली और उन्होंने बॉन्डी को हटाने का फैसला आगे बढ़ाया। माना जा रहा है कि पैम बॉन्डी ने एपस्टीन मामले को ठीक से नहीं संभाला। दरअसल, एपस्टीन मामले से जुड़ी सच्चाई सामने लाने की मांग लंबे समय से हो रही थी, खासकर 'क्लाइंट लिस्ट' को लेकर, जिसमें यह बताया जाता है कि किन-किन प्रभावशाली लोगों का उससे संबंध था। एपस्टीन पर आरोप था कि वह नाबालिग लड़कियों का शोषण करता था और एक बड़ा नेटवर्क चलाता था, जिसमें ताकतवर और अमीर लोग शामिल हो सकते थे। इसी वजह से लोग यह जानना चाहते हैं कि उस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल था। इसी दबाव में बॉन्डी ने कुछ लोगों को व्हाइट हाउस बुलाया और उन्हें एपस्टीन फाइल्स फेज 1 नाम का फोल्डर दिया। फोल्डर देने के बाद मामला उल्टा बॉन्डी के लिए परेशानी बन गया। दरअसल उम्मीद थी कि कोई बड़ी जानकारी या खुलासा सामने आएगा, लेकिन जब लोगों ने उन्हें देखा, तो पता चला कि उनमें कोई नई या चौंकाने वाली जानकारी नहीं थी।

■ **काश पटेल-तुलसी गबार्ड को भी हटाने की चर्चा**



### रैंडी जॉर्ज समय से एक साल पहले जबरन निकाले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज को भी तुरंत रिटायर होने का आदेश दिया गया है। सूत्रों ने दावा किया है कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने यह आदेश दिया। रैंडी का पद साल 2027 में समाप्त होने वाला था। उनके जाने के बाद वाइस चीफ ऑफ स्टाफ जनरल क्रिस्टोफर लॉ नेव कार्यवाहक आर्मी चीफ की जिम्मेदारी संभालेंगे। ला नेव पहले हेगसेथ के सहायक रह चुके हैं। इस पूरे मामले में आधिकारिक तौर पर कोई वजह नहीं दी गई है। पेंटागन ने सिर्फ इतना कहा कि वह रिटायर हो रहे हैं और उनकी सेवा के लिए धन्यवाद दिया, लेकिन जो संकेत मिलते हैं, उनसे लगता है कि यह फैसला व्यक्तिगत गलती की वजह से नहीं, बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे बदलाव का हिस्सा है। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ अपने पद संभालने के बाद कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को हटा या बदल चुके हैं। यानी सेना के टॉप लेवल पर नई टीम बनाई जा रही है। एक और बात यह है कि रैंडी जॉर्ज को पिछली सरकार के समय नियुक्त किया गया था।

# तारागिरी युद्धपोत भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल

## रक्षा मंत्री ने कहा: मजबूत व सक्षम नौसेना समय की जरूरत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मजबूत और सक्षम नौसेना को समय की जरूरत बताते हुए कहा है कि भारतीय नौसेना महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों, 'चोक प्वॉइंट्स' और राष्ट्रीय हितों से जुड़े डिजिटल ढांचों की सुरक्षा कर रही है, जिससे भारत जिम्मेदार समुद्री शक्ति के रूप में पहचान बना रहा है।

प्रोजेक्ट 17 ए श्रेणी के चौथे अत्याधुनिक स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस तारागिरी को शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में श्री सिंह की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आधुनिक नौसैनिक जहाज निर्माण का उत्कृष्ट उदाहरण यह नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट, लगभग 6,670 टन के वजन के साथ, युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के सहयोग से बहु-भूमिका अभियानों के लिए निर्मित किया गया है। यह उन्नत स्टील्थ तकनीक का उपयोग करता है, जिससे इसकी रडार पहचान क्षमता काफी कम हो जाती है और इसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में घातक बढ़त मिलती है। पचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री और कम समय में निर्मित आईएनएस तारागिरी भारत की जहाज निर्माण क्षमता और मजबूत सार्वजनिक- निजी सहयोग का उदाहरण है। रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में आईएनएस तारागिरी को केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह जहाज उच्च गति से संचालित हो सकता है और लंबे समय तक समुद्र में तैनात रह सकता है। इसमें ऐसे तंत्र लगे हैं जो दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हैं, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत जवाब दे सकते हैं। इसमें आधुनिक रडार, सोनार और ब्रह्मोस जैसी मिसाइल प्रणालियां तथा सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी हैं, जो इसकी क्षमता को और बढ़ाती हैं।

**तारागिरी केवल एक युद्धपोत नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और सशक्त नौसैनिक शक्ति का प्रतीक: राजनाथ सिंह**



# हम अकेले जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए: भारत

## भारतीय विदेश सचिव ने कहा: इस संकट का समाधान बातचीत से ही संभव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की पहल पर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के लिए एक बड़ी ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें 60 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। बैठक में विक्रम मिसरी ने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के ही नागरिक मारे गए हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट संकट में अब तक 3 भारतीय नाविक मारे जा चुके हैं, ये सभी विदेशी जहाजों पर काम कर रहे थे। भारत ने कहा कि इस पूरे संकट का हल सिर्फ बातचीत और शांति से ही निकल सकता है। भारत ने सभी देशों से अपील की कि तनाव कम करें और आपसी बातचीत के जरिये रास्ता निकालें। वहीं भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन गुजरात के पास पहुंचने से ठीक पहले उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसके पीछे पेमेंट से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। केपलर के लीड रिसर्च एनालिस्ट सुमित रितोलिया के मुताबिक, पहले सप्लायर्स 30 से 60 दिन का क्रेडिट देते थे, लेकिन अब वे एडवांस या तुरंत भुगतान की मांग कर रहे हैं। इसी वजह से डील अटक गई और टैंकर ने रूट बदल लिया। हालांकि, जहाज का एआईएस (ट्रैकिंग सिस्टम) डेस्टिनेशन कभी भी बदला जा सकता है। अगर पेमेंट से जुड़े मुद्दे सुलझ जाते हैं, तो टैंकर दोबारा भारत की ओर भी आ सकता है। वाडिनार पोर्ट पर नायरा एनर्जी की करीब 20 मिलियन टन क्षमता वाली रिफाइनरी है, जहां इस टैंकर के पहुंचने की संभावना थी। गौरतलब है कि 2018 तक भारत ईरान से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। उस समय भारत रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल आयात करता था, जो कुल आयात का लगभग 11.5 प्रतिशत था। लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल खरीदना बंद कर दिया और अन्य देशों से सप्लाई बढ़ा दी।




■ **ऑनलाइन बैठक में 60 देश हुए शामिल**

■ **भारत आने वाला ईरानी तेल टैंकर चीन मुड़ा, गुजरात के पास बदला रूट, पेमेंट विवाद की आशंका**

# एमसीडी और एएसआई के रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने राष्ट्रीय राजधानी में दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है।

पहला मामला 31 मार्च को दर्ज किया गया था, जिसमें शाहदरा नॉर्थ जोन में तैनात एक बेलदार पर आरोप है कि उसने एक व्यक्ति के घर को न गिराने के बदले 80,000 रुपये की रिश्वत मांगी। एक अप्रैल को सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को 5,000 रुपये लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। जांच में सामने आया कि वह अपने लिए 5,000 रुपये और एक जूनियर इंजीनियर के लिए 70,000 रुपये मांग रहा था। इसके बाद जूनियर इंजीनियर की भूमिका भी सामने आने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे मामले में, सीबीआई ने नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर सब-सर्कल में तैनात एएसआई के एक संरक्षण सहायक और एक मॉन्यूमेंट अटेंडेंट को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मॉन्यूमेंट अटेंडेंट ने संरक्षण सहायक की ओर से 3.50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, ताकि 24 मार्च को जारी नोटिस वापस लिया जा सके और काम जारी रखने की अनुमति दी जा सके।

■ **अधिकारियों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया**

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान के रेगिस्तान में ओले गिरे, सात जिलों में बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी की शुरुआत के बाद मौसम ने फिर करवट ली है। राजस्थान के रेगिस्तानी जिलों जैसलमेर और बीकानेर में शुक्रवार को ओले गिरे। जयपुर समेत सात जिलों में बारिश हुई। चूरू में धूल भरी आंधी चली। पंजाब के साथ ही चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में भी मौसम बदला। मोहाली, पठानकोट और बठिंडा के कुछ इलाकों में बारिश हुई। उत्तर प्रदेश में वाराणसी समेत कई जिलों में तेज धूल भरी आंधी के बाद बारिश हुई। प्रयागराज और जौनपुर सहित सात जिलों में तेज हवा चली और बारिश हुई। चित्रकूट में बिजली गिरने से 2 और ललितपुर में 1 व्यक्ति की मौत हो गई। दिल्ली में भी शुक्रवार सुबह धूलभरी आंधी चली।

### चुनाव के लिए मतदान के दिन सवेतन अवकाश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनावों और उपचुनाव के दिन सभी पात्र कर्मचारियों के लिए सवेतन अवकाश अनिवार्य करने का आदेश जारी किया है। आयोग के अनुसार विधानसभा चुनाव के घोषित कार्यक्रम के तहत असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव तथा गोवा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा के 8 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव कराए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, असम, केरल, पुड्डुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल 2026 को मतदान होगा।

### पश्चिम बंगाल में मालदा हिंसा का मुख्य आरोपी अरेस्ट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में एसआईआर से जुड़े न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने के मामले में मुख्य आरोपी समेत 35 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के 48 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा एयरपोर्ट से पकड़ा। वह बेंगलुरु भागने की फिराक में था। इस्लाम कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील है। वह 2011 में एआईएमआईएम का उम्मीदवार रह चुका है। मोफक्करुल पर आरोप है कि मालदा के सुजापुर में 1 अप्रैल को एसआईआर में नाम कटने के विरोध प्रदर्शन में भड़काऊ भाषण दिया। इससे लोग भड़क गए और हजारों लोगों ने कलियाचक के बीडीओ ऑफिस को घेर लिया।

### फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटें मुफ्त देने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एयरलाइंस को फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के चुनने देने वाले निर्देश को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 15 दिन पहले 18 मार्च को कहा था कि डीजीसीए को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी फ्लाइट में सीट चयन के लिए न्यूनतम 60 फीसदी सीटें बिना चार्ज उपलब्ध कराई जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु विस चुनाव को कांग्रेस ने उतारे 27 प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गो सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का राज्य विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है। तमिलनाडु विधानसभा के लिए इस बार एक ही चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा और चुनाव के नतीजे 04 मई को घोषित होंगे।

### गांधी को है हार का शतक लगाने की जल्दी : मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्हें अपनी हार का शतक लगाने की जल्दबाजी है, असम में भारतीय जनता पार्टी की जीत उनकी इस ख्वाहिश जरूर पूरा करेगी। श्री गांधी द्वारा असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सरमा पर की गई टिप्पणी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। श्री मौर्य ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री पर ओछी टिप्पणी कर गांधी ने साबित कर दिया है कि उनका सांसद के तौर पर पांच बार और एक बार लोकसभा में विपक्ष के नेता का अनुभव कुंठा से लबालब है। आमजन की तो छोड़िए, गांधी संवैधानिक पद पर बैठे किसी जम्मिेदार व्यक्ति को भी किसी क्षण अपमानित कर सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में चार व पांच को बारिश

## तेज हवाओं ने बिगाड़ा मौसम, धूल भरी आंधी से लोग रहे परेशान

**नई दिल्ली, वार्ता**



**■ यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश का अलर्ट कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है**

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह धूल भरी तेज आंधी चलने के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। तेज हवाओं की वजह से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया और चारों तरफ धूल ही धूल नजर आई।

मौसम विभाग ने 3, 4 और 5 अप्रैल को बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। इसे लेकर आईएमडी ने अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा है कि ये बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। आज दिल्ली का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आईएमडी के अनुसार 4 अप्रैल को दिल्ली में दोपहर के समय बिजली कड़कने और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान और शाम के समय बारिश के आसार हैं। मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रह सकता है। आईएमडी के अनुसार ईरान के पास सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में बदलाव हो रहा है, जिस कारण यूपी के कई जिलो में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। हवा 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है, जिस कारण तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। आईएमडी के अनुसार आज बिहार में मौसम साफ रहेगा, लेकिन 5 अप्रैल के बाद आंधी, बारिश और बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज बिहार में बारिश के आसार नहीं हैं। राज्य में 5 से 7 अप्रैल के बीच मौसम में बदलाव होगा। एमपी के कई जिलों में कल बारिश के साथ ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग ने कहा कि है राज्य के कई जिलों में 5 अप्रैल तक बारिश होने और ओले गिरने के आसार है। आज भी बादल छाए रहने और बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं राजस्थान में भी तेज आंधी के साथ बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के मौसम में यह बदलाव 8 अप्रैल तक जारी रहेगा, जिस कारण तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

# पीओके बनेगा भारत का हिस्सा: इलियासी

## अखिल भारतीय इमाम संघ प्रमुख बोले: पश्चिम एशिया में शांति बनाने में मोदी भूमिका निभाएंगे

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय इमाम संघ (एआईआईओ) के प्रमुख इमाम उमर अहमद इलियासी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) जो भारत का अभिन्न अंग है, बहुत जल्द भारत में शामिल होगा।

इसके साथ ही उन्हें यह भी उम्मीद है कि पश्चिम एशिया में शांति बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने दावा किया कि एकीकरण की यह इच्छा स्वयं पीओके के लोगों की ओर से आ रही है। श्रीनगर में पत्रकारों से बात करते हुए श्री इलियासी ने कहा कि पीओके के निवासी अपनी आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए जनमत संग्रह कराना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कश्मीर से अपने पड़ोसी देश को कुछ बताना चाहता हूं कि पीओके हमारा अभिन्न अंग है और निश्चित रूप से फिर से भारत में शामिल होगा। पीओके के लोग जनमत संग्रह कराना चाहते हैं और अपने घरों को वापस लौटना चाहते हैं। इमाम ने कहा कि पीओके के लोग जम्मू-कश्मीर की प्रगति देखकर खुश हैं और उनकी भावनाएं भारत के साथ जुड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि यह हम नहीं, बल्कि पीओके के लोग हैं, जो ऐसा चाहते हैं। इंशाल्लाह! उनकी 'घर वापसी' जल्द होगी और पीओके भारत में शामिल हो जाएगा। अंतरधार्मिक संवाद में सक्रिय रहने वाले श्री इलियासी 'सत्तारूढ़ भाजपा-आरएसएस से निकटता' के लिए जाने जाते हैं। वह उन चुनिंदा मुस्लिम धर्मगुरुओं में भी शामिल थे, जिन्हें 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया था। श्री इलियासी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद कश्मीर 'नया कश्मीर' में बदल गया है। उन्होंने दावा किया कि इस क्षेत्र में विकास, शिक्षा और पर्यटन में भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 को हटाने से पूरे कश्मीर में खुशहाली आई और जमीनी स्तर पर प्रत्यक्ष बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि आज कश्मीर एक 'नया कश्मीर' है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां विकास हुआ है और पर्यटन में भी वृद्धि हुई है। लोग खुश हैं। इलियासी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब छोटे बच्चे पत्थरबाजी किया करते थे। आज बच्चों के हाथों में कलम है। इलियासी ने जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष और भाजपा नेता दरख्शां अंद्राबी के काम की भी सराहना की।

# चड्ढा ने 'आप' पर लगाया आवाज दबाने का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

**■ वीडियो जारी कर कहा-मेरी आवाज खामोश करने से क्या फायदा**

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने पद से हटने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए चड्ढा ने एक वीडियो संदेश जारी किया है, जिसमें उन्होंने सीधे तौर पर अपनी ही पार्टी के फैसले पर सवाल उठाए हैं और एक शायराना अंदाज में चेतावनी भी दी है।

संसद भवन के बाहर से रिकॉर्ड किए गए इस वीडियो में चड्ढा काफी आक्रामक और भावुक नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपनी बात की शुरुआत करते हुए कहा कि मुझे जब-जब संसद में बोलने का मौका मिलता है, मैं जनता के मुद्दे उठाता हूं। मैंने हवाई अड्डों पर महंगे खाने, जोमैटो-ब्लिंकिट के डिलीवरी राइडर्स की समस्याओं, टोल प्लाजा की लूट और मिडिल क्लास पर टैक्स के बोझ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। चड्ढा ने आगे तीखे स्वर में पूछा कि क्या इन जनहित के मुद्दों पर बात करना कोई गुनाह है? उन्होंने कहा कि पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखकर उनके बोलने पर रोक लगाने की सिफारिश की है, जो बेहद हैरान करने वाला है। राघव चड्ढा ने वीडियो में स्पष्ट किया कि पार्टी ने राज्यसभा को सूचित किया है कि उन्हें अब सदन में बोलने का मौका न दिया जाए। उन्होंने सवाल किया कि आखिर पार्टी उनकी आवाज को क्यों दबाना चाहती है? चड्ढा ने कहा कि भला कोई मेरे बोलने पर रोक क्यों लगाना चाहेगा? मेरी आवाज को खामोश करने से आम आदमी पार्टी का क्या फायदा है?

## मुख्यमंत्री योगी ने गृह विभाग की बैठक में दिए निर्देश

# यूपी पुलिस में 81 हजार पदों पर होंगी भर्तियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण का कड़ाई से पालन किया जाए, 75 जिलों में डिजिटल ढांचा मजबूत हो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में कानून-व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण और जनसुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाया जाए। योग ने गुरुवार देर रात हुई बैठक में निर्देश दिया कि वर्ष 2026 के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में वरीयता और आरक्षण नियमावली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में अपराध नियंत्रण के लिए और अधिक प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने पीआरवी 112 की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान में 6 मिनट का रिस्पांस टाइम सराहनीय है, लेकिन इसे और कम करने के लिए तकनीकी और प्रबंधन स्तर पर सुधार किए जाएं। लखनऊ में लंबे समय से तैनात पुलिसकर्मियों को लेकर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने राजभवन, मुख्यमंत्री आवास और पुलिस मुख्यालय सहित संवेदनशील स्थलों पर वर्षों से जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण करने के निर्देश दिए। अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री ने एक तहसील-एक दमकल वाहन योजना को तेजी से लागू करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने जेलों में आभासी माध्यम से पेशी की समुचित व्यवस्था विकसित करने को कहा, ताकि सुरक्षा और समय दोनों की बचत हो सके। उन्होंने पुलिस रेडियो में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने और प्रदेश के सभी 75 जिलों में डिजिटल ढांचे को मजबूत करने के निर्देश दिए।

## असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

**बारपेटा( असम )।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने असम के बारपेटा विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी है। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि असम की ये पावन धरा पूर्वोत्तर का द्वार है और हर भारत वासी मां कामाख्या का दर्शन करने यहां आता है। असम के इस पावन धरा पर आपसे संवाद करने आया हूँ, असम की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, यहां की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक परम्परा गौरवशाली रही है। सीएम योगी ने इस जनसभा में कहा कि असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। सीएम ने कहा कि डेमोग्राफी बदलने की कांग्रेस और यूडीएफ की साजिश को सफल नहीं होने देंगे। असम को घुसपैठियों का अड्डा नहीं बनने देंगे, ये केवल एनडीए की सरकार कर सकती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 71608.05
निफ्टी 22383.40

सोना 150930
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 250000
प्रति किलो


# इस सप्ताह के पांच धांसू शेयर, गिरते बाजार में मिला 50 प्रतिशत रिटर्न

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय शेयर बाजार में इस हफ्ते भले ही कमजोरी का माहौल रहा हो, लेकिन कुछ चुनिंदा शेयरों ने इस गिरावट के बीच भी शानदार प्रदर्शन किया। विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते बाजार पर दबाव बना रहा।

सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 2 अप्रैल को बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे हफ्ते गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी इस हफ्ते 2.5 प्रतिशत यानी 593.35 अंक गिरकर 22,713.10 पर बंद हुआ। वहीं बीएसई सेंसेक्स 2.6 प्रतिशत यानी 1,953.90 अंक टूटकर 73,319.55 के स्तर पर आ गया। इस दौरान बाजार में उतार-चढ़ाव का माहौल बना रहा। निवेशकों को एक तरफ ग्लोबल संकेतों से थोड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर क्रूड ऑयल की ऊंची कीमतों और कमजोर रुपये ने सेंटीमेंट पर दबाव बनाए रखा। इसके अलावा, इस हफ्ते ट्रेडिंग सेशन भी कम रहे। शुक्रवार 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के कारण बाजार बंद रहा, जबकि इससे पहले मंगलवार को महावीर जयंती के चलते भी बाजार में छुटी रही। इन तमाम दबावों के बावजूद कुछ शेयरों ने शानदार रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया।

कान्फिडेंस पेट्रोलियम इस हफ्ते का सबसे अधिक चढ़ने वाला शेयर है। गणेश इकोस्फीयर टेक्सटाइल इंडस्ट्री की इस कंपनी ने बीते हफ्ते निवेशकों को 44.8 का रिटर्न दिया है। आरपीएसजी वेंचर्स के शेयर ने निवेशकों को 41.7 फीसदी का रिटर्न दिया। पुष्पा ज्वैलर्स जेम्स एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का यह शेयर बीते हफ्ते 34.7 प्रतिशत चढ़ा है। गुरुवार को इसके शेयर 3.18 फीसदी की तेजी के साथ 123.30 रुपये के स्तर पर बंद हुए। नियोजिन फिनटेक के शेयर ने निवेशकों को 31.2 प्रतिशत का दमदार रिटर्न दिया। गुरुवार को यह 4.15 फीसदी की तेजी के साथ 44.39 रुपये के स्तर पर बंद हुआ।

## सोने में आई तेजी, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण सोने और चांदी की कीमत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्न्स के मुताबिक शुक्रवार को सोने की कीमत में जहां तेजी आई, तो वहीं चांदी में कोई बदलाव नहीं हुआ। दोपहर 3 बजे 24 कैरेट सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 1960 रुपये की तेजी के साथ 1,50,930 रुपये पर थी। वहीं चांदी की कीमत प्रति किलो 2.50 लाख रुपये थी। आज शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर एमसीएक्स बाजार बंद है।

इससे पहले बुधवार को जहां सोने और चांदी की कीमत में तेजी आई थी, वहीं गुरुवार को इनमें गिरावट रही। सर्राफा और वायदा दोनों कीमतों में गिरावट आई। सोने की कीमत 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.28 लाख रुपये प्रति किलो के नीचे पहुंच गई। एमसीएक्स पर सोने की कीमत में कारोबार के दौरान 5,000 रुपये की गिरावट आई, जबकि चांदी 19,000 रुपये तक लुढ़क गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 24 कैरेट सोने की कीमत गुरुवार को 4,245 रुपये कम होकर 1,46,608 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जो पहले 1,50,853 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

# पेट्रो. पदार्थो की कालाबाजारी पर 233 एफआईआर दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ बीस लोगों को किया गया गिरफ्तार, 237 पर कार्रवाई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य में पेट्रोल, डीजल और गैस की कालाबाजारी को लेकर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक 233 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। इस दौरान 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 237 आरोपियों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की जा रही है।

खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त ने शुक्रवार को यहां बताया कि 12 मार्च से शुरू हुए इस अभियान के तहत प्रदेशभर में 19,882 स्थानों पर छापेमारी और निरीक्षण किए गए। एलपीजी वितरकों के खिलाफ 33 मामले दर्ज हुए हैं, जबकि गैस कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 200 प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। कार्रवाई पूरे प्रदेश में एक साथ चलाकर कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मंचों से स्पष्ट किया है कि अफवाह फैलाकर बाजार में कृत्रिम संकट पैदा करने वालों के खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में प्रशासन ने निगरानी बढ़ाते हुए ऐसे तत्वों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि कार्रवाई के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। राज्य के 12,888 पेट्रोल पंपों के माध्यम से नियमित बिक्री हो रही है, जबकि 28 मार्च से एक अप्रैल तक बिक्री के आंकड़े भी सामान्य स्तर पर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 97,000 किलोलीटर पेट्रोल और 1,26,000 किलोलीटर डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। अधिकारियों के अनुसार मांग के अनुरूप आपूर्ति बनाए रखने के लिए निरंतर समन्वय किया जा रहा है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर भी विभाग सतर्क है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# जेवर हवाई अड्डे के उद्घाटन पर सियासत तेज

**■ यूपी भाजपा अध्यक्ष चौधरी ने विपक्ष पर साधा निशाना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है और कहा है कि प्रदेश की जनता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेहमान नहीं, बल्कि घर के सदस्य की तरह हैं।

श्री चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी कहा कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के हर घर में प्रधानमंत्री का अपना स्थान है। उन्होंने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा कि मेहमान वे लोग हैं, जो पांच साल में केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच आते हैं और हार मिलने पर व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने नोएडा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग कभी राजनीतिक कारणों से नोएडा आने से भी कतराते थे, आज उसी नोएडा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भव्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन हुआ है। इसे उन्होंने विकास की नई ऊंचाई करार दिया। श्री चौधरी ने विपक्ष की राजनीति को डरपोक और भ्रष्ट बताते हुए कहा कि पहले नोएडा को केवल निजी लाभ का माध्यम बनाया गया, जबकि अब यह क्षेत्र वैश्विक स्तर पर पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट विकास की उस उड़ान का प्रतीक है, जिसे संकीर्ण सोच वाले लोग समझ नहीं पाएंगे। उन्होंने 2027 के विस चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता विपक्ष की राजनीति को पूरी तरह नकारने के लिए तैयार है और लोकतांत्रिक तरीके से उन्हें जवाब देगी। इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर नोएडा एयरपोर्ट और विकास बनाम राजनीति का मुद्दा गरमा गया है। पीएम मोदी ने जेवर हवाई अड्डा के उद्घाटन के दौरान अपने संबोधन में कहा था कि पहले की सरकारों ने नोएडा के विकास को नजरअंदाज किया और आरोप लगाया था कि सपा सरकार के समय इस क्षेत्र को योजनाबद्ध से आगे बढ़ाने के बजाय निजी स्वार्थों के लिए इस्तेमाल किया गया।

# डा. अंबेडकर की जयंती को गांव स्तर पर मनाएगी सपा: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ यह अमृत काल नहीं, संकट काल है, जहां संतों तक की हत्या हो रही**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने निर्णय लिया है कि डा. बीआर अंबेडकर की जयंती को इस बार गांव स्तर पर मनाया जाएगा। इस दौरान संविधान पर मंडरा रहे खतरे और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

श्री यादव ने शुक्रवार को कहा कि संविधान देश की बुनियाद है और इसे कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें समाजवादी लोग रोकने का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि यह अमृत काल नहीं बल्कि संकट काल है, जहां संतों की हत्या तक हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सौदागर की तरह काम कर रही है और हर चीज को बेचने में लगी है, जबकि उसका लक्ष्य केवल मुनाफा कमाना है। श्री यादव ने कहा कि हमें और आपको जो महंगाई देखने को मिल रही है भ्रष्टाचार की वजह से, भ्रष्टाचार के साथ-साथ तो मुनाफा ज्यादा कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से 2024 में पीडीए के लोगों ने एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करके उन्हें हराया था। आने वाले समय में 2027 में बूथ स्तर पर काम करके बीजेपी को हरा कर समाजवादी सरकार बनाने का काम प्रदेश में करेंगे। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था को चौपट करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को खत्म कर दिया है। समाजवादी सरकार में अभिनव स्कूल जो बनाए गए थे, उसकी हालत किसी से छिपी नहीं है। कोरोना के समय समाजवादी सरकार का लैपटॉप शिक्षा का सहारा बना था। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा को नहीं बढ़ाना चाहते हैं, यह रूढ़िवादी रखना चाहते हैं। एंबुलेंस में लोगों की जान जा रही है, गलत ऑपरेशन हो रहा है। जो जिंदा है उन्हें जहां पर मुर्दाघर होता है, वहां ले जा रहे हैं। यादव ने कहा कि हम लोग सब मिलकर तकनीक का सहारा लेकर नकारात्मक प्रचार नहीं करेंगे, सकारात्मक रहेंगे। वह नकारात्मक लोग हैं, उनके अंदर और इतनी नकारात्मकता है कि उनके चेहरे पर आने लगी है।

# संसद की तीन दिनी बैठक बुलाना सरकार की मनमानी

**■ कांग्रेस ने लगाया आरोप, 16 को बैठक**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संसद की बैठक 16, 17 और 18 अप्रैल को बुलाई गई है। इस बारे में सरकार के साथ जो विचार विमर्श हुआ था उसमें कहा गया था कि कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं इसलिए 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाकर इस बारे में विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि 16 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023' में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा की इच्छा जताई, तो श्री खड़गे ने 15 मिनट के भीतर ही पत्र का जवाब देते हुए सुझाव दिया कि अलग-अलग चर्चा करने के बजाय सभी विपक्षी दलों को एक साथ आमंत्रित कर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन करना चाहती है, तो इस पर सभी दलों की सहमति आवश्यक है और इसके लिए सर्वदलीय बैठक सबसे उपयुक्त मंच होगा।

# तीसरे दिन चौथी चिता जलने से पूरे गांव में रहा शोक

## माता-पिता, भाई-बहन की चिता देखकर अभी भी खामोश है शिवम, मंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे पीड़ित परिवार के घर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/बघरा।** कि मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र में हुआ सड़क हादसा कोई सड़क हादसा नहीं बल्कि काल का क्रूर प्रहार था हैदरनगर जलालपुर गांव के उस बदनसीब घर की चौखट पर आज जब उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप पहुंचे, तो वहां का सन्नाटा चीख-चीख कर उस खौफनाक मंजर की गवाही दे रहा था। दो दिन पहले एक झटके में उजड़े उस हंसते-खेलते परिवार की दास्तां सुनकर मंत्री खुद भी भावुक हो उठे मंत्री नरेंद्र कश्यप ने शोकाकुल परिजनों के बीच जमीन पर बैठकर न सिर्फ उनका दर्द बांटा, बल्कि यह एहसास भी कराया कि इस कयामत की घड़ी



में सरकार उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने पीड़ित परिवार को 1 लाख रुपये की तात्कालिक आर्थिक सहायता सौंपी। हालांकि, अपनों को खोने का गम किसी दौलत से नहीं भरा जा सकता, लेकिन मंत्री ने साफ किया कि यह तो बस शुरुआत है, परिवार को बेसहारा नहीं छोड़ा जाएगा हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पूरी घटना से अवगत करा दिया है। मौके से ही जिलाधिकारी को कड़े निर्देश दिए गए कि कागजी कार्रवाई में उलझाने के बजाय, पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं की 'छतरी' के नीचे लाया जाए और राहत राशि को और बढ़ाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

आपको बता दें कि दो दिन पहले हैदरनगर पुल के पास एक बेलगाम बस ने बाइक सवार परिवार को अपनी चपेट में ले लिया था। टक्कर इतनी भीषण थी कि पति, पत्नी और उनके दो मासूम बच्चों बेटा-बेटी के शरीर के परखच्चे उड़ गए। एक ही चिता पर जब पूरे परिवार का संसार जलते देखा, तो पूरा जिला दहल उठा था आज भी गांव की गलियों में सन्नाटा है, और हर जुबान पर बस एक ही सवाल है आखिर उन मासूमों का क्या कसूर था। तीसरे दिन 36 वर्षीय पूनम के अंतिम संस्कार के बाद पूरे गांव की आंखों में आंसु थे और हर कोई शिवम को देखता तो बस उनके दिल दहल उठते।

# भाजपा ने मंत्री संजीव बालियान से मांगा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मेरठ में आयोजित जाट सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की प्रधानमंत्री पर की गई टिप्पणी के बाद कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सांसद संजीव बालियान से स्पष्टीकरण मांगा है, जिससे राजनीतिक हलके में हलचल तेज़ हो गई हैं ।

दरअसल दो दिन पूर्व मेरठ जनपद के सकौती टांडा में आयोजित जाट सम्मेलन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी अब राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया है। महंगाई सहित कई मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था अपने संबा.



धन में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सरकार देश को विश्व गुरु बनाने की बात करती है, लेकिन वर्तमान स्थिति में देश विश्व चेला बन गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने बालियान से फोन पर बातचीत कर यह पूछा कि जब मंच से प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी की जा रही थी, तब उन्होंने तत्काल विरोध क्यों नहीं किया। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि इस तरह के बयान पर मंच से ही कड़ा प्रतिवाद होना चाहिए था। हालांकि संजीव बालियान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है संजीव बालियान का कहना है कि उन्होंने मंच से ही दो बार भगवंत मान की टिप्पणी का विरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम गैर-राजनीतिक स्वरूप का था, जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल थे, ऐसे में इस प्रकार की राजनीतिक बयानबाजी से बचना चाहिए था। इस पूरे घटनाक्रम के बाद भाजपा संगठन ने मामले की आंतरिक समीक्षा शुरू कर दी है। वहीं, विपक्षी दलों के बीच भी बयानबाजी तेज हो गई है, जिससे आने वाले दिनों में यह मुद्दा और तूल पकड़ सकता है।

## किशोरियों के साथ दुष्कर्म का आरोपी पिता मुठभेड़ में घायल

**छपार।** पति का साथ छूट जाने के बाद विवाहिता ने अपने बच्चों के लिए सहारा ढूंढा और दूसरी शादी रचाई। महिला काफी समय तक इस आस में रही कि आखिर उसकी बच्चियों का कोई सहारा बने और यही वजह रही कि महिला ने बच्चियों के लिए एक बाप चुना, लेकिन वहीं बाप इस हद तक गिर सकता है कि वह बाप-बेटी के रिश्ते को ही तारतार कर देगा, यह कभी सोचा भी नहीं था। महिला ने जब अपनी बेटियों के साथ सोतेले बाप द्वारा किए गए दुष्कर्म की कहानी पुलिस को सुनाई तो पुलिस ने आरोपी के लिए एक ही रास्ता चुना और मुठभेड में आरोपी को घायल करने के बाद जेल भेज दिया गया।

गांव रामपुर के मोहल्ला सुंदरनगर निवासी सोनू की पत्नी ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पति ने अपनी दो नाबालिग पुत्रियों के साथ गलत काम किया है। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दबिश दी लेकिन वह फरार हो गया। रात्रि में पुलिस बढ़ेडी दतियाना मार्ग पर राजबाहे के निकट चेकिंग कर रही थी उसी वक्त एक युवक आता दिखाई दिया और रास्ते में खड़ी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पर तमंचे से फायर किया। पुलिस ने भी उसपर फायर किया जिससे गोली उसके पैर में लगी। पुलिस ने घायल अवस्था में उसे पकड़ लिया तलाशी में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया।

उसने पूछताछ में अपना नाम सोनू निवासी बेहडा सादात थाना ककरोली ओर हाल पता रामपुर के मोहल्ला सुंदरनगर बताया। उसने बताया कि वह अपनी पुत्री के साथ पहले भी गलत काम कर चुका है ओर भोपा थाने से जेल जा चुका है। पुलिस ने उसे उपचार के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया ओर पोक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यदि मुठभेड के बाद इस पूरी कहानी पर या यूं कहा जाए कि इस पूरी घटना पर नजर डाली जाए तो घायल आरोपी की पत्नी खुद ही उसकी बेटियों के साथ हुई घिनौनी हरकत की कहानी बयां कर रही है।

# दाल मंडी में व्यापारी की दुकान में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** दिन दहाडे दाल मंडी में चोरी की वारदात से व्यापारियों में हडकंप मच गया है। चोरी का आरोपी ग्राहक बनकर दुकान में घुसा और यहां रखा बैग लेकर फरार हो गया। व्यापारी का कहना है कि बैग में नगदी और कुछ जरूरी कागजात थे मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की छानबीन करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की। पुलिस ने इस संबंध में तहरीर ले ली है। शुक्रवार को नगर कोतवाली से सटी दाल मंडी में दिनदहाडे चोरी की एक वारदात हो गई एक युवक व्यापारी अजय की किरयाना की दुकान पर पहुंचा। और ग्राहक बनकर दुकान में अंदर घुसने के बाद उसने एक-एक चीज करते हुए काफी सामान इकट्ठा कर लिया। इस समय व्यापारी अन्य ग्राहकों के सामान में उलझा हुआ था और व्यापारी को लगा कि यह ग्राहक भी अपने मतलब का सामान निकाल रहा है। इसी बीच आरोपी युवक ने व्यापारी से एक तेल की सीसी मांगी, जब व्यापारी तेल की सीसी उठाने के लिए गया तो इसी बीच आरोपी ने फायदा उठाया ओर बैग लेकर बाहर निकल गया, हालांकि बैग में दस-बारह हजार की नगदी बताई जा रही है और उसमें जरूरी कागजात भी थे। शायद ग्राहक बनकर आए चोर को यह आभास थ कि उस बैग में लाखों रूपये की नगदी है इसलिए वह जाते समय अपनी चप्पल छोडकर व्यापारी की चप्पल पहनकर फरार हो गया। व्यापारी ने काफी दूर तक चोर को तलाश किया, लेकिन उसका कही पता नहीं चला। अन्य व्यापारी भी चोर की तलाश में लगे रहे। सूचना के कुछ देर बाद पुलिसकर्मी भी मौके परपहुंच गए। जिन्होने घटना की छानबीन करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस का कहना है कि चोर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पर टिप्पणी से आक्रोश

**जाट समाज व रालोद कार्यकर्ताओं ने तीनों थानों में दी तहरीर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चौधरी चरण सिंह परिवार टिप्पणी विवाद को लेकर अब मुजफ्फरनगर में हलचल का माहौल है। यहां सियासी और सामाजिक माहौल गर्माया हुआ है। सोशल मीडिया पर कथित आपत्तीजनक टिप्पणी के बाद रालोद कार्यकर्ताओं और जाट समाज के लोगों ने नई मंडी, शहर कोतवाली और सिविल लाइन थाने यानी के अलग-अलग थाने में पहुंचकर एक तहरीर के माध्यम से कार्यवाही की मांग की।

बताया जाता है कि विवाद की शुरूआत उस वक्त हुई जब फेसबुक लाइव वीडियो पर यह टिप्पणी शुरू की गई। रालोद नेताओं का आरोप है कि एक अप्रैल 2026 को एक फेसबुक पेज से करीब काफी समय का लाइव प्रसारित किया गया। जिसमें भारत रत्न चौधरी चरण के परिवार और उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारियों को लेकर भडकाउ बाते की गई है। यह मामला अब सोशल मीडिया तक ही नहीं रहा बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति और किसानों में गहरी भावनात्मक चोट पहुंची है।

बताया जाता है कि रालोद नेताओं और सामाज के लोगों का कहना है कि यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैला जिसके बाद लोगों में भारी रोष देखने को मिला है। अब यह मामला मुजफ्फरनगर में भी नाराजगी में तब्दील हो गया है। अपने-अपने क्षेत्र के लोग सिविल लाइन, नई मंडी और कोतवाली थाने पहुंचे और मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग रखी। लोगों का आरोप है कि राम अवतार पलसानिया पर कार्यवाही की जाए। लोगों का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी अच्छी नहीं है जो सामाजिक संतुलन को बिगाडने की कोशिश की गई है। रालोद के पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि चौधरी चरण सिंह करोडो किसानों की आस्था के प्रति रहे और उनका परिवार को राजनीतिक विरासत है। इस दौरान उन्होने प्रदर्शन भी किया और पुलिस प्रशासन को कहा कि यदि आरोपी के खिलाफ जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो इसमे आंदोलन का रूप लिया जा सकता है।

# सुशील के दो बेटे सहित तीन पर गैंगस्टर लगी

## मसूंरपुर थाने में हुई कार्यवाही, 2025 के मामलों के आधार पर किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शासन के दिशा निर्देशन पर जनपद के पुलिस मुखिया संजय कुमार वर्मा अपराधियों पर लगातार शिंकजा कस रहे है। अपराधी या तो अब पुलिस का निशाना बन रहे है या जमानत तुडवाकर जेल जा रहे है या फिर शातिरों को घेरने के लिए एसएसपी उन पर कड़ी कार्यवाही कर रहे है ऐसा ही एक मामला ओर सामने आया है जहां माफिया सुशील मुछ गिरोह पर एक बडी कार्यवाही की गई। अधिकारियों के आदेश पर मंसूरपुर थाने में सुशील मूंछ के दो बेटो सहित तीन लोगों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही की गई है।

यह कार्यवाही 2025 के एक अपराधिक मामले में की गई है। मंसूरपुर पुलिस ने सुशील मूंछ के बेटे अक्षयजीत उर्फ मोनी और मंजीत उर्फ टोनी तथा एक अन्य आरोपी अमरदीप और गोलू पर एक मामला दर्ज किया है।

पुलिस का कहना है कि तीनो आरोपी रत्नपुरी थाना क्षेत्र के गांव मथेडी के निवासी है। पुलिस ने मंजीत उर्फ टोनी को गिरोह का सरगना चिन्हित किया। पुलिस ने गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्यवाही की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों पर अवैध असलेह के बल पर हत्या जैसी धमकी देना, जबरन वसूली करने का आरोप, रंगदारी और गंभीर करने का आरोप जैसी अपराधिक मामलों को अंजाम देने के मामले में कार्यवाही की गई है इससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था जहां पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 2 और 3 के तहत मंसूरपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की चल-अचल सम्पत्ति को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं एसएसपी का कहना है कि अपराधियों के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सुशील के पिता यूपी पुलिस में एक बडे पर पद पर रह चुके है, लेकिन सुशील मूंछ ने अपराधी मामलों में लिप्त हो गया पुलिस का यह भी कहना है कि उस पर 50 से अधिक मुकदमे है।


## एसएसपी ने किया तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा और उनकी पत्नी डॉक्टर नीलम राय ने रिजर्व पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियो के लिए आयोजित तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय योग, ध्यान एवं प्रणायाम कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर एसएसपी और उनकी पत्नी मौजूद रही और उन्होने कहा कि वर्तमान समय में पुलिसकर्मियों के लिए मान. सिक संतूलन, तनाव, प्रबंधन और सकारात्मक सोच जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम केवल मानसिक शांति प्रदान करते है।

# हज यात्रा पर जाने वाले अहकाम अच्छी तरह से सीखकर जाएं: कासिम

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी ने कहा कि हज एक फर्ज इबादत है, इसलिए हज यात्रा पर जाने वाले खुशनसीब इसके अहकाम अच्छी तरह से सीख कर जाएं।



दारुल उलूम देवबंद की मस्जिद कदीम में जुमा की नमाज से पूर्व बयान करते हुए विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि हज हर उस मर्द औरत पर फर्ज है जिसे अल्लाह ने माल दौलत से नवाज रखा है। लेकिन देखा जाता है कि बहोत से लोग इसे नजर अंदाज करते हैं, जो सरासर गलत है। कहा कि आर्थिक रूप से संपन्न लोगों को चाहिए कि वह इसमें जरा भी लापरवाही न बरते और हज यात्रा पर अवश्य जाएं। उन्होनें कहा कि अलबत्ता हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को चाहिए कि वह हज के अहकाम अच्छी तरह से सीख कर जाए ताकि कोई अहकाम न छुटे। क्योंकि यह ऐसी फर्ज इबादत है कि जिसका मौका अधिकतर लोगों को जिंदगी में एक बार ही मिलता है।

# चाऊमीन में मांस के टुकड़े मिलने पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने रेस्टोरेंट के बाहर किया हंगामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चाऊमीन में मांस के टुकड़े मिलने से नाराज बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मजन. ूवाला रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के बाहर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

शुक्रवार शाम करीब छह बजे काफी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता जायका रेस्टोरेंट के बाहर एकत्र हुए और हंगामा किया। लोगों का कहना था कि



रेस्टोरेंट से ले जाई गई चाऊमीन में मांस के टुकड़े मिलाकर दिए गए है। ऐसा कर उनकी धार्मिक भावनाएं आहत की गई है। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाया। इस मौके पर बजरंग दल के रुद्र मिश्रा, अजय प्रजापति, अनुज सैनी, शिवम सैनी, हिमांशु सैनी, अजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे। वहीं, मामले में गुनारसा गांव निवासी उदित कुमार ने तहरीर दी है। जिसमें कहा गया कि उसने दो अप्रैल को रेस्टोरेंट से चाऊमीन ली थी। जब घर जाकर पैक खोला गया तो उसमें से मांस के टुकड़े मिले। रेस्टोरेंट स्वामी मुस्तफा ने कहा कि गलती से नान वेज चाऊमीन पार्सल हो गई थी। कोतवाली प्रभारी रोजंत त्यागी का कहना है कि रेस्टोरेंट स्वामी ने माना है कि उनसे गलती हो गई थी। तहरीर मिल गई है। आगे की जांच की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर बना उपभोक्ताओं के जी का जंजाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत विभाग द्वारा अभियान चलाकर लोगों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। लेकिन स्मार्ट मीटर लग जाने के बाद उपभोक्ताओं के हिस्से में केवल कठिनाइयां आ रही हैं। बिल माइनस में जाते ही स्मार्ट मीटर लोगों के घरों में अंधेरा कर देता है। जिससे लोगों को बेहद परेशानी हो रही है। इसी समस्या से जूझ रहे दर्जनों महिला व पुरुषों ने एसडीओ कार्यालय पहुंच जमकर हंगामा किया। धार्मिक नगरी देवबंद में जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं उनका कहना है कि यह स्मार्ट मीटर उनके सिर का दर्द बन गए हैं। समस्याओं का निस्तारण तो दूर उनकी कोई सुनने वाला भी नहीं है। माइनस में बिल पहुंचते ही बत्ती गुल हो जाती है, जिसके बाद उन्हें लखनऊ तक फोन घुमाने पड़ते हैं और बिल जमा कर दिए जाने के बावजूद भी दो-दो दिनों तक घरों में अंधेरा रहता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर काफी संख्या में महिला और पुरुष रेलवे रोड स्थित एसडीओ कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए अपनी समस्याएं रखी। हंगामा कर रही कई महिलाओं का आरोप था कि अभी बिल जमा किया उन्हें 8 दिन भी नहीं हुए हैं इसके बावजूद फिर से विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई है। कुछ महिलाओं का कहना था कि घर की बिजली को मोबाइल से जोड़ दिया गया है। उनके पास तो स्मार्ट मोबाइल भी नहीं है उनकी समस्या का समाधान कैसे होगा। एसडीओ संतोष कुमार ने नाराज उपभोक्ताओं को शांत करते हुए जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया।

## पालिकाध्यक्ष ने किया नारियल तोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ

**देवबन्द।** देहात को नगर से जोडने वाले मुख्य मार्ग भायला रोड घास मंडी से एमबीडी चौक तक सीसी सडक निर्माण कार्य का शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष ने नारियल तोडकर शुभारंभ किया। पालिक. ाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा की नगर में बिना किसी भेदभाव विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नगर में सडक निर्माण कराए जाने के साथ ही पयजलापूर्ति और पथ प्रकाश व्यवस्था पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। सभासद वाजिद मलिक ने कहा कि घास मंडी से एमबीडी चौक तक सडक काफी खस्ताहाल थी। उक्त सडक के सीसी निर्माण से नगर व देहात के सभी लोगों को आसानी होगी। इस दौरान भायला रोड के लोगों ने पालिकाध्यक्ष का अभिनंदन भी किया। चौधरी महमूद, इमरान खान, रिहान खान, आदि शामिल रहे।

# वैदिक यज्ञ का आयोजन, भजनों के माध्यम से ईश्वर की महिमा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मेले लगाए गए आर्य समाज के शिविर में वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। साथ ही भजनों के माध्यम से ईश्वर की महिमा का वर्णन किया गया।




यज्ञ के ब्रह्मा अमरीश आर्य कुरड़ी एवं यजमान आदित्य चौहान रहे। अमरेश आर्य व सुरेंद्र आर्य ने बताया कि ईश्वर सच्चिदानंद स्वरूप है, वह कभी जन्म नहीं लेता और न ही मरता है।

उसका कोई निश्चित आकार या मूर्ति नहीं है वह ब्रह्मांड का सृष्टिकर्ता है, वह कण-कण में व्याप्त है। भजनोपदेशकों ने बताया कि महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती ने छुआछूत, जातिवाद, बाल विवाह और सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों का पुरजोर विरोध किया। हमे भी उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। संचालन राजवीर आर्य ने किया। जनेश्वर प्रसाद, जयपाल आर्य, गौतम आर्य आदि शामिल रहे।

# 'कंपनी का नाम पहचानें' विषय पर गोष्ठी

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में दिए गए संकेतों से कंपनी का नाम पहचानें विषय पर रोचक व्यवसायिक गति. विधि का आयोजन आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रांगण में आईक्यूएसी सेल एवं ब्रेनिऑक्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का विषय था - "Guess the Company Name From the Given Clues" दिए गए संकेतों से कंपनी का नाम पहचानें। यह एक मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद Fun Business Activity थी, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी व्यावसायिक समझ, तार्किक क्षमता एवं सामान्य ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल एवं बीबीए विभागाध्यक्ष




राजीव पाल सिंह द्वारा किया गया। दोनों ही गणमान्य व्यक्तियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल पुस्तक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक समझ, विश्लेषणात्मक सोच तथा ब्रांड अवेयरनेस का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया । बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की वास्तविकताओं से जोड़ती हैं और उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने ब्रेनिऑक्स क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह क्लब निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य कर रहा है। इस गतिविधि की मुख्य समन्वयक सोनिका गर्ग रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचा. लित किया। उन्होंने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को गतिविधि के नियमों एवं उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न कंपनियों से संबंधित रोचक संकेत प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर विद्यार्थियों को कंपनी का नाम पहचानना था। इस प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने अपनी तार्किक क्षमता, स्मरण शक्ति तथा ब्रांड पहचान कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न राउंड्स में विभाजित किया गया, जिसमें प्रत्येक राउंड में अलग-अलग प्रकार के संकेत दिए गए। कहीं टैगलाइन के माध्यम से कंपनी पहचाननी थी, तो कहीं लोगो के संकेतों से नाम बताना था ।

**सूचना**

मैंने दून हिल्स एकेडमी से वर्ष 2018 में हाई स्कूल जिसका अनुक्रमांक 5432597 है की मार्कशीट व सनद वास्तव में खो गई है।

मौहम्मद समीर
पुत्र मौहम्मद शहजाद
निवासी बैरून कोटला देवबन्द

# भुगतान के बाद भी नहीं लौटी बिजली, उपभोक्ताओं का प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में लागू प्रीपेड स्मार्ट मीटर योजना अब उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। जहां इसे सटीक बिलिंग और तुरंत बिजली बहाली का माध्यम बताया गया था, वहीं अब इसके चलते लोगों को लंबी बिजली कटौती झेलनी पड़ रही है।

नगर और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में लगाए गए स्मार्ट मीटरों के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल रही। लोगों का कहना है कि रिचार्ज कराने के बाद भी कई-कई घंटों तक बिजली नहीं आती, बल्कि कुछ मामलों में यह समय 2-3 दिन तक पहुंच रहा है। अचानक सप्लाई बंद हो जाना और भुगतान के बाद भी कनेक्शन बहाल न होना उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या बन गया है।इस स्थिति का असर घरेलू जीवन के साथ-साथ छोटे कारोबारों और धार्मिक स्थलों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। लोगों का कहना है कि बिजली न होने से दैनिक कामकाज ठप पड़ जाता है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार को दर्जनों उपभोक्ताओं ने एआईएमआईएम के जिला अध्यक्ष इमरान कासमी के नेतृत्व में एक्सईएन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि बिल जमा करने के बावजूद उनके घरों



में अंधेरा छाया हुआ है। प्रदर्शन के दौरान उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे मजबूर होकर वैकल्पिक उपाय अपनाने पर विवश होंगे। साथ ही गरीब उपभोक्ताओं को विशेष राहत देने की मांग भी उठाई गई। वहीं, बिजली विभाग के अधिकारियों ने लोगों को आश्वस्त किया कि तकनीकी खामियों को दूर करने का काम जारी है और जल्द ही व्यवस्था को सुचारु कर दिया जाएगा।

# नचिकेता स्कूल्स में टैलेंट डे के रूप में मनाया परिणाम दिवस

**मुजफ्फरनगर।** नचिकेता स्कूल्स में विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम को टैलेंट डे के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को पूरे वर्ष के पाठ्यक्रम से संबंधित स्करिकुलम सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियों पर खुशी व्यक्त की और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या जसबीर कौर व उप-प्रधानाचार्या (एडमिन) विक्की जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चा किसी न किसी क्षेत्र में प्रतिभाशाली होता है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करने और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अभिभावकों की भी विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की और बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता




व्यक्त की।

कार्यक्रम का समापन सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देने के साथ हुआ। यह टैलेंट डे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक और यादगार बन गया।

# चौधरी चरण पर टिप्पणी से भड़के रालोद नेता

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया पर भड़काऊ भाषण, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पर अपमानजनक टिप्पणी, जातीय वैमनस्य फैलाने, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने एवं आपराधिक धमकी देने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए रालोद नेताओं ने शुक्रवार के दिन भारी आक्रोश जताते हुए रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के नेतृत्व मे क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह को एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा गया कि बीती 1 अप्रैल को रामावतार पलसानिया संस्थापक अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय जाट संसद द्वारा अपने फेसबुक पेज के माध्यम से एक लाइव वीडियो प्रसारित किया गया। जिसकी अवधि लगभग 30 मिनट से अधिक है। उक्त वीडियो में दिए गए वक्तव्यों का गहन अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि उन्होने सार्वजनिक मंच का दुरुपयोग करते हुए समाज में वैमनस्य, तनाव एवं अशांति फैलाने वाले अनेक आपत्तिजनक, भड़काऊ एवं गैर जिम्मेदाराना बयान दिए हैं। उक्त वीडियो में निम्नलिखित गंभीर आपत्तिजनक तथ्य सामने आए हैं। जातीय वैमनस्य फैलाने का प्रयास वक्ता द्वारा बार बार जाति विशेष के नाम पर समाज को संगठित करने के साथ साथ अन्य समुदायों एवं सामाजिक समूहों के प्रति अविश्वास, विरोध एवं द्वेष की भावना उत्पन्न करने का प्रयास किया गया है जिससे सामाजिक ताना बाना कमजोर होता है। अन्य सामाजिक संगठनो एवं व्यक्तियों के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी कई स्थानों पर अन्य सामाजिक संगठनों, उनके पदाधिकारियों एवं व्यक्तियों को छोटी सोच, समाज तोड़ने वाले आदि शब्दों से संबोधित करते हुए सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया है जिससे आपसी टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। खुलेआम धमकी एवं उकसावे वाले बयान वक्ता द्वारा ईंट का जवाब पत्थर से देंगे घर में घुसकर जवाब देंगे अब किसी की नहीं सुनेंगे जैसे कथनों का प्रयोग किया गया जो स्पष्ट रूप से हिंसा के लिए उकसाने एवं कानून को हाथ में लेने की मानसिकता को दर्शाता है। यह कथन आम जनता को भी भडकाने का कार्य करते हैं। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास भाषण में इस प्रकार के विचार प्रस्तुत किए गए हैं जो विभिन्न समुदायों के बीच अविश्वास एवं विभाजन को बढ़ावा देते है। इससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना है। महापुरुषों के नाम पर भड़काऊ प्रस्तुति।

ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के संदर्भ में ऐसे तरीके से बातें रखी गई जिससे समाज के विभिन्न वर्गो में भावनात्मक उकसावा पैदा हो सकता है। चौधरी चरण सिंह पर अपमानजनक टिप्पणी की गई। सार्वजनिक व्यवस्था एवं कानून के लिए खतरा उक्त भाषण के प्रसारण के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही है जिससे स्पष्ट है कि यह मामला आगे चलकर सामाजिक तनाव एवं कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न कर सकता है। उपरोक्त कृत्य प्रथम ख़ष्टया भारतीय दंड संहिता की निम्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय प्रतीत होते हैं। धारा 153 विभिन्न रंगों के बीच वैमनस्य फैलाना। धारा 295 धार्मिक सामाजिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धारा 504 जान बूझकर अपमान कर शांति भंग करना, धारा 506 आपराधिक धमकी देना, धारा 505 2 वर्गो के बीच शत्रुता फैलाने वाले कथन। इसलिए उक्त वीडियो की तत्काल जांच कराई जाए। संबंधित व्यक्ति के विरु) उपयुक्त धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जाए। भविष्य में इस प्रकार की भड़्काऊ गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु कठोर एवं निवारक कार्रवाई की जाए। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जरुरी कदम उठाए जाएं। इस दौरान रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी, युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, संयम पंवार, रामधन राठी, सभासद कुणाल पंवार और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पहलवान तेजपाल सिंह वेदवान धनौरा आदि रालोद कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# पड़ौसियों ने अकारण घर में घुसकर की मारपीट

**बुढ़ाना।** पिता ने अपने दो पुत्रों की सहायता से बिना किसी कारण अपने पडोसी की पिटाई कर दी और हत्या की धमकी देकर चलते बने। इस मामले में बुढ़ाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कुबेर दत्त शर्मा पुत्र राम शरण शर्मा मौहल्ला बडा बाजार बुढाना ने पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि वह बीती 31 मार्च की सुबह के समय अपने घर पर मकान में चिनाई का कार्य करवा रहा था। तब ही अचानक से उसके ही पडोस में रहने वाले अनिल कुमार पुत्र जय प्रकाश, दीपू और शुभम पुत्रगण अनिल निवासीगण बडा बाजार बुढाना उसके घर मे एकत्र होकर लाठी, डण्डे व लोहे की राड लेकर घर में घुस आये और उससे गाली गलौच करते हुए घर में घुसकर हमला कर दिया। उक्त सभी व्यक्तियों द्वारा हमला करने पर उसने वहां से भागकर ही अपनी जान बचाई। उक्त अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों ने कहा कि अब कि बार तो बच गया। मौका मिला तो जान से मार देंगे। उपरोक्त व्यक्तियों का कहना है कि हमारा कोई भी कुछ नही बिगाड सकता। पीड़ित ने बुढ़ाना पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने तीनों पिता पुत्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# असिस्टेंट कमिश्नर बनने पर किया स्वागत

**बुढ़ाना।** होनहार छात्रा हिमिका गौतम ने विगत दिवस यूपीपीसीएस एग्जाम पास करते हुए असिस्टेंट कमिश्नर बनने का जो गौरव प्राप्त किया है उसको लेकर उनके पैतृक गांव डुंगर के सभी ग्रामीणों में खुशी का माहोल है। उन्होंने यह पढ़ाई पूरी करके अपने गांव का ही नहीं बल्कि क्षेत्र का भी नाम पूरे देश में रोशन किया है। इस अवसर उनको बधाई देने के लिए उनके पास भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के युवा नेता विकास अंबेडकर डूंगर राष्ट्रीय महासचिव भारतीय गुरु रविदास विकास मंच एवं उनकी समस्त टीम पहुंची। इस दौरान मुख्य रुप से उनको बधाई देने वालों में आदिल खान, रवि कटारिया जिला उपाध्यक्ष आजाद समाज पार्टी कांशीराम, जितेंद्र शेरवाल, सूरज, टीनू चौधरी जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा आजाद समाज पार्टी कांशीराम, योगेश मास्टर, रविंदर कुमार और नितिन कुमार आजाद समाज पार्टी कांशीराम इत्यादि सैकड़ों लोग भी उपस्थित रहे। इस दौरान हिमिका गौतम ने सभी गांव वालों का आभार जताया।

# राकेश सैनी ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा-निषाद पार्टी गठबंधन के तहत चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को एडवोकेट राकेश सैनी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ क्षेत्र के देवीदास, चलसीना और गंगधाड़ी गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर पहुंचकर लोगों से संवाद किया और आगामी चुनाव को लेकर समर्थन मांगा।

जनसंपर्क अभियान के दौरान गांवों में राकेश सैनी का जोरदार स्वागत किया गया। सैनी समाज के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों ने बढ़-चढ़कर उनका अभिनंदन किया और उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने उनके समर्थन में नारेबाजी भी की और जीत का आशीर्वाद दिया। माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा नजर आया।

राकेश सैनी ने इस दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के विकास, बेहतर सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे इसी के बल पर चुनाव मैदान में मजबूती से डटे हैं। जनसंपर्क अभियान के बीच राकेश सैनी अपने समर्थकों के साथ नामित सभासद मनोज सैनी के आवास देवीदास पहुंचे। यहां उन्होंने मनोज सैनी को भाजपा सरकार द्वारा सभासद नामित किए जाने पर बधाई दी।

इस मौके पर उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और दोनों नेताओं के समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर राकेश सैनी ने कहा कि मनोज सैनी का सभासद के रूप में नामित होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और इससे स्थानीय विकास कार्यों को और गति मिलेगी। वहीं मनोज सैनी ने भी राकेश सैनी का आभार जताते हुए कहा कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अजित सैनी याहियापुर के समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुटता का संदेश देते हुए चुनाव में जीत का विश्वास जताया। कुल मिलाकर, राकेश सैनी का यह जनसंपर्क अभियान क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और इससे चुनावी मुकाबला और रोचक होता नजर आ रहा है।

# गोल्डन हार्ट एकेडमी में बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**मुजफ्फरनगर।** गोल्डन हार्ट पब्लिक स्कूल में आयोजित **कवि** सम्मेलन में विद्यालय प्रबंधक शशिकान्त शर्मा ने जिला शामली प्रकोष्ठ से पधारे डॉ. प्रीतम सिंह, प्रीतम अनिल कुमार धीमान (पोपट कामचोर) अरुण शर्मा वशिष्ठ श्रीकान्त शर्मा कौशिक सत्यप्रकाश त्यागी, सत्य डा. बिजेंद्र कवियों का स्वागत किया। यहां हास्य श्रृंगार वीर रस और नारी शक्ति का बखूबी वर्णन करते हुए सभी का भावपूर्ण अनुमोदन करते हुए कार्यक्रम का आयोजन प्रफुल्लित किया। प्रभा दहिया स्काउट गाइड कमिश्नर और इंदु राठी सामाजिक कार्यकर्ता सत्यकेतु के द्वारा भी छात्रों के सांस्कृतिक और लोकनृत्य गीत को खूब सराहा कार्यक्रम में रविंद्र राठी ने युवा पीढ़ी को निरोगी एवं सुखी रहने के लिए योग और व्यायाम पर बल दिया। अरशद खान ने आज की खानपान शैली को विषाक्त बताया और अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए बालिकाओं को प्रेरणा दी। विकास अहलावत और प्रशांत चौधरी ने विद्यार्थियों को सामाजिक एकता और प्रबल इच्छा शक्ति को उच्च बनाने पर जोर दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य विकास भार्गव ने आशीर्वाद दिया और विद्यालय समिति अध्यक्षा गीता शर्मा ने सबको योग्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नर्सरी कक्षा में फरहा खातून पुत्री कल्लू प्रथम स्थान अलीना चौधरी पुत्री मोहम्मद नौशाद द्वितीय स्थान लक्ष्य सैनी पुत्र ज्ञानेंद्र सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।एल के जी कक्षा में सिया चौधरी पुत्री अनुज चौधरी प्रथम स्थान वीर बालियान पुत्र अमित बालियान द्वितीय स्थान छवि उपाध्याय पुत्री नरेश उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## प्रभु ईसा मसीह को याद किया

**कालागढ़।** गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसाई धर्म के अनुयायियों ने क्रूस का रास्ता कादराबाद से भिक्कावाला चर्च तक निकला। ईसाई धर्म के लोगों ने उपवास रखकर कड़वा जल पीने के पश्चात प्रार्थना कर प्रभु ईसा मसीह को याद किया। इस दिन ईसाई धर्म के अनुयायी उपवास रखकर पूरे दिन प्रार्थना में मगन रहते हैं। इस मौके पर फादर फ्लिप, फादर जोशी, सिस्टर रोस, सिस्टर करुणा, सिस्टर लिलियन, मास्टर सुरेश, रविंद्र लूसी, श्रद्धा, पीटर, एंथोनी, जेवियर, मनोज पॉल, सागर, हर्ष, नीरज, राजेश, मदन, पिंटू, सागर, कोलविन, सुनील, सुरेश आदि लोग क्रूस रैली में शामिल हुए।

## महापंचायत के लिए रवाना हुए किसान

**बिजनौर।** दिव्यांशु हत्याकांड में आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) कार्यकर्ता देहरादून में आयोजित महापंचायत के लिए रवाना हुए। महापंचायत को संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत संबोधित करेंगे। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, मोनू प्रधान, रजनी सलावत, यीशु राणा, विनीत कुमार, याकूब, नितिन, अशोक कुमार, कल्याण सिंह, विकास कुमार, मुनेंद्र सिंह काकरान, अरुण कुमार, कोमन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी देहरादून के लिए रवाना हुए।

## आभा फाउंडेशन बना सहारा

**चांदपुर।** अग्रणी सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा सराहनीय सामाजिक कार्य किया गया। संस्था द्वारा ग्राम पीपली जट निवासी बुजुर्ग विधवा मुन्नी देवी अपनी बेटी की शादी को लेकर आर्थिक परेशानियों से जूझ रही थीं। उनकी बेटी की शादी 19 अप्रैल होनी तय है। सीमित साधनों के कारण शादी की तैयारियां करना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। ऐसे वक्त में उन्होंने अभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह से मदद की गुहार लगाई। स्थिति को समझते हुए संस्थापिका आभा सिंह ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत सहायता प्रदान की।

# लोई में हुई शेख समाज एकता ट्रस्ट की बैठक

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव लोई में शेख समाज एकता ट्रस्ट संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज की एकता, सुधार और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान संगठन के पदाधिकारियों को शपथ पत्र सौंपे गए और नव नियुक्त जिम्मेदारों का सम्मान भी किया गया। बैठक में समाज में फैली बुराइयों और अनावश्यक खर्चों को रोकने पर विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक लगाई जाएगी। जूता लुकोई जैसी परंपराओं को बंद करने, लड़की देखने के लिए केवल दो लोगों के जाने तथा बारात में सीमित 30 से 50 लोगों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा डीजे और



हल्दी जैसी रस्मों को भी बंद करने पर सहमति बनी। संगठन ने यह भी फैसला लिया कि समाज में किसी भी गरीब परिवार की बेटी की शादी आर्थिक तंगी के कारण न रुके इसके लिए ट्रस्ट हर संभव गोपनीय सहायता प्रदान करेगा और साथ ही दहेज को लेकर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना होने पर संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहेगा। बैठक में शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया गया और सभी अभिभावकों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

कई संगठनों के पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर लोई के लोगों का उत्साहवर्धन किया और हर परिस्थिति में साथ देने का भरोसा दिलाया। यहां दिलशाद को ग्राम लोई का अध्यक्ष, जीशान को राष्ट्रीय सचिव और आरिफ को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक मुनव्वर सिद्दीकी, उपाध्यक्ष साजिद, महासचिव गुलजार, प्रवक्ता शाहवेज, सलाहकार मोमीन, हाफिज अल्लाह मेहर सिद्दीकी, अख्तर कुरथल, कोषाध्यक्ष आरिफ और मीडिया प्रभारी रिजवान समेत पदाधिकारी मौजूद थे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पहले नाम SAHZAAD AHMED ANSARI था, मेरे पिता MOHAMMAD YOUSUF ANSARI व माता SAKEELA BANO व पता H. No. 1026 Gali No.3 Mah- LaddhhaVala Muzaffar nagar (UP) था जोकि गलत है। मेरा सही नाम SHAHZAD AHMED ANSARI व पिता MOHAMMAD YUSUF व माता SHAKEELA पता H.No. 827/294 AMBA VIHAR MUZAFFAR NAGAR-251002, Uttar Pradesh, INDIA है जो कि वास्तव में सही है।

**सूचना**

मेरा बेटा अंकुश कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हो गया है और घर में लडाई-झगडा रखता है अपनी मनमर्जी करता है। मैं और मेरा पुरा परिवार अंकुश की नाजायज हरकतों से तंग व परेशान आ चुके है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने अंकुश से अपने पारिवारिक संबंध खत्म कर उसको समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किसी लेन-देन व वाद-विवाद के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**बॉबी पुत्र हरपाल**
**निवासी-ग्राम दतियाना**
**थाना-छपार, जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विकास कुमार व उसकी पत्नी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही हैं। इसलिए मैने विकास कुमार व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। विकास कुमार व उसकी पत्नी द्वारा किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मैं व मेरा परिवार उनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**राकेश देवी पत्नी अमरपाल**
**निवासी-जागाहेड़ी, थाना तितावी**
**जनपद मुजफ्फरगनर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. फिरोज पुत्र स्व. मौ. सलीम मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है तथा नशा करता है। इसलिए मैंने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर इसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वंग जिम्मेदार होगा।

**श्रीमती नजमा परवीन**
**पत्नी स्व. मौ. सलीम**
**निवासी 40 फुटा रोड,**
**जामिया नगर, थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# दुर्गा मेले में रागिनी कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के श्री दुर्गा चांदनी वाला मंदिर परिसर में कई दिनों से लगे धार्मिक मेले में बीती बृहस्पतिवार की देर रात एक रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कश्यप समाज बुढ़ाना क्षेत्र की खाप के चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप ने सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में अपने कर कमलों द्वारा दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम में भक्ति, संस्कृति और लोक परंपरा से जुड़े प्रदर्शन हुए। कार्यक्रम शुरु होते ही मंदिर में बड़ी संख्या में दर्शक उमड़ पड़े। आसपास के गांवों से भी लोग रागिनी का लुत्फ उठाने पहुंचे। देर रात लोगों की आवाजाही रही। मंच पर कलाकारों ने हरियाणवी व वेस्टर्न यूपी की प्रसिद्ध रागिनियां प्रस्तुत की। यहां रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इनमें कलाकारों ने लोकनृत्य व आधुनिक नृत्य प्रस्तुत किए जिन्हें दर्शकों ने सराहा। देर रात कार्यक्रम जारी रहा। दर्शकों की उपस्थिति बनी रही। यहां मंदिर परिसर में लगे मेले ने भी लोगों को आकर्षित किया। यहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने मेले का भ्रमण किया। खाने पीने के स्टॉल, झूले और अन्य आकर्षणों ने मेले में आने वाले लोगों को व्यस्त रखा।

## शीतला माता मंदिर पर विशाल भंडारा

**नगीना।** श्री बालाजी सत्संग मंडल द्वारा शीतला माता मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। चांदपुर वाले गुरुजी संदीप जैन के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में पुजारी पंडित अजय तिवारी ने संकट मोचन हवन संपन्न कराया। जिसमें सुमित अग्रवाल व अमित गुप्ता ने सपत्नीक यजमान की भूमिका निभाई। इस मौके पर झालू की मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### चरण सिंह पर टिप्पणी से सियासत गरमाई

# भड़काऊ वीडियो के खिलाफ रालोद का विरोध प्रदर्शन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर सोशल मीडिया में की गई कथित अभद्र टिप्पणी और भड़काऊ बयानबाजी को लेकर खतौली क्षेत्र में राजनीतिक माहौल तेज हो गया है। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कोतवाली व रतनपुरी थाने पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। रालोद नेताओं का आरोप है कि 1 अप्रैल 2026 को रामावतार पलसानिया ने अपने फेसबुक पेज पर एक लंबा लाइव वीडियो प्रसारित किया, जिसमें किसान नेता चौधरी चरण सिंह के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया। साथ ही वीडियो में कथित तौर पर ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया गया, जो समाज में वैमनस्य फैलाने और लोगों को उकसाने वाली है। नगर अध्यक्ष नौशाद मौनी और क्षेत्रीय महासचिव धर्मेंद्र तोमर ने कहा कि वीडियो में ईंट का जवाब पत्थर से और घर में घुसकर जवाब देने जैसी बातें कही गई, जो सीधे तौर पर हिंसा को बढ़ावा देती हैं। उनका कहना है कि इस तरह के बयान न सिर्फ सामाजिक सौहार्द बिगाड़ते हैं, बल्कि कानून-व्यवस्था के लिए भी खतरा बन सकते हैं। प्रदर्शन के दौरान रालोद कार्यकर्ताओं ने कोतवाली प्रभारी को लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस विवाद को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। कई यूजर्स ने वीडियो की निंदा करते हुए प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। उधर,



रतनपुरी थाना क्षेत्र में भी रालोद नेता सचिन आर्य अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि वीडियो की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि किसी को भी भड़काऊ बयान देने या कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी और क्षेत्र में शांति बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा छोटा पुत्र शुभम कुमार हमारे कहने-सुनने में नहीं है तथा गलत लोगों की संगत में पड़कर हमारे कहने सुनने से बाहर है, जिस कारण समाज में हमें अपमानित होना पड़ रहा है इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हमने इसे दुकान व मकान तथा अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं इसके द्वारा किए गए किसी भी अच्छे-बुरे कार्य, लेन-देन या वाद-विवाद की कोई जिम्मेदारी हमारी या परिवार के अन्य सदस्यों की नहीं होगी। ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**जोगेन्द्र पुत्र शीशराम**
**ममता पत्नि जोगेन्द्र**
**निवासी-ग्राम शाहबुद्दीनपुर**
**थाना कोतवाली तहसील सदर**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

# सूदखोर सुनार रकम वसूली के बाद भी नहीं दे रहा गहने

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में सूदखोरी का जाल गरीब मजदूरों के लिए लगातार मुसीबत बनता जा रहा है। ताजा मामला एक ऐसे मजदूर का सामने आया है, जिसने अपनी जरूरत के वक्त गहने गिरवी रखकर कर्ज लिया, लेकिन पूरी रकम चुकाने के बाद भी उसे न गहने वापस मिले और न ही भुगतान का कोई प्रमाण।

ग्राम मवी थाना कैराना (जनपद शामली) निवासी प्रेम, जो कोल्हू पर मजदूरी कर अपने परिवार का गुजारा करते हैं, ने बताया कि पारिवारिक संकट के चलते उन्होंने अपने और रिश्तेदारों के सात सोने के हसली गहने खतौली के बड़ा बाजार स्थित एक सुनार के पास गिरवी रखे थे। इसके बदले उन्होंने करीब 2.50 लाख रुपये उधार लिए थे। प्रेम के अनुसार, उन्होंने समय-समय पर किस्तों में रकम चुकाई। पहले करीब 1.57 लाख रुपये, फिर आठ महीने बाद 50 हजार रुपये, इसके अलावा अलग-अलग समय पर 16 हजार, 30 हजार और 50 हजार रुपये भी दिए। इस तरह वह कुल मिलाकर दो लाख रुपये से अधिक की राशि चुका चुके हैं। पीड़ित का आरोप है कि हर बार भुगतान के बाद जब उन्होंने रसीद मांगी, तो सुनार ने बहाने बनाकर टाल दिया। जब वह अपनी पूरी रकम चुकाने के बाद गहने वापस लेने पहुंचे, तो सुनार ने गहने लौटाने से साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, प्रेम का कहना है कि विरोध करने पर सुनार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौच की और दुकान से धक्का देकर बाहर निकाल दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में प्रेम और उनकी पत्नी डोली ने खतौली थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सत्य आचरण, धर्म निष्ठा के साथ जीवन जीएं : स्वामी ओमानन्द

■ शुकतीर्थ में चल रही भगवत कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ के भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित प्रत्यक्षानंद भागवत भवन में मैहर, मध्य प्रदेश से पधारे भक्तों के द्वारा आयोजित भागवत कथा में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने आशीर्वचन करते हुए जीवन उपयोगी सूत्रों पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व उन्होंने पोथी पूजन कर व्यासपीठ पर अलोपीबाग, प्रयागराज से पधारे कथाव्यास रामानुजाचार्य स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज को सम्मानित किया।

स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि जब किसी भी मनुष्य के जन्म-जन्मों के भाग्य उदय होते हैं तो उसको भागवत का आश्रय प्राप्त होता है, जिससे मनुष्य में विवेक जागृत होता है, जो उसके अज्ञान जनित मोह और मद् रूप अहंकार का नाश कर देता है। भागवत भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का समुच्चय एवं त्रिवेणी संगम है। भगवान को प्राप्त करने के लियए भक्ति, परमात्मा को जानने के लिय ज्ञान तथा आत्म कल्याण के लियए वैराग्य अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि भगवद् भक्ति मानव जीवन का सच्चा आभूषण है। संसार से विरक्ति तथा परमात्मा के चरणों में अनुरक्ति मानव कल्याण का सबसे बड़ा साधन है। प्रत्येक मनुष्य को सत्य आचरण, धर्म में निष्ठा तथा कर्तव्य परायणता के साथ जीवन जीना चाहियए। कथा के मुख्य यजमान रण बहादुर सिंह, शकुंतला सिंह, डा. अरविंद, आचार्य विकास आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग ने ग्रामीण की जेब से निकाले 40 हजार रुपये

**बुढ़ाना।** खरीददारी करने के दौरान एक ग्रामीण की जेब से 40 हजार रुपये चोरी हो गए। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। यह पीडित ग्रामीण इरफान पुत्र अफजल अली निवासी गांव रियावली नंगला है जो कि विगत दिवस अपने साले की शादी का सामान खरीदने के लिए बाजार मे दो दिन पूर्व आया हुआ था। वह उस दौरान चूड़ियों की दुकान पर खरीदारी कर रहा था। दुकान पर काफी भीड़ थी। तभी भीड़ का फायदा उठाकर एक नाबालिग युवक ने उसकी जेब से नकदी निकाल ली। इसके बाद आरोपी किशोर मौके से फरार हो गया। पीड़ित के चाचा के बेटे रमजान ने बताया कि इरफान दुकान पर सामान लेने में व्यस्त था। इस दौरान एक संदिग्ध युवक ने उसकी जेब से पैसे निकाले और पास खड़ी एक महिला के साथ चला गया। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। जिसमें आरोपी स्पष्ट रुप से दिखाई दे रहा है। परिजनों के अनुसार शादी की तैयारियों में व्यस्तता के कारण तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई जा सकी। अब पीड़ित ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देने की बात की है। स्थानीय लोगों ने बाजार में बढ़ती ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बुढाना पुलिस से गश्त बढ़ाने व जेबकतरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है। उधर पुलिस ने पीड़ित को आश्वासन दिया है कि शिकायत मिलने पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जल्द कार्रवाई होगी।

### आमने-सामने की बाइकों की भिड़ंत में 6 घायल

**छपार।** बरला – बसेड़ा मार्ग पर दो बाइकों की सामने से टक्कर हो गई जिससे बाइकों पर सवार छह युवक गंभीर घायल हो गये।पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से पुरकाजी सीएचसी भिजवाया। वहां से डाक्टरों एक युवक को मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया जहां उसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बृहस्पतिवार को थाना पुरकाजी क्षेत्र के गांव कैल्लनपुर निवासी सौरभ, रोबिन व हिमांशु बाइक से बसेडा एक वेंकटहाल में मजदूरी करने जा रहे थे। बसेड़ा राजबाहे के निकट मीट की दुकान से एक ही बाइक पर सवार होकर बसेड़ा निवासी साहिल,शिवम व सागर सड़क पर निकले। बाइकों की तेजगति होने के कारण दोनों बाइक सामने से टकरा गई जिससे सभी बाइक सवार गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए एम्बुलेंस से पुरकाजी सीएचसी भेज दिया वहां से डाक्टरों ने 25 वर्षीय साहिल पुत्र मुन्ना निवासी बसेड़ा को गंभीर हालत में मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने एक प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

### किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भारी आक्रोश

**सिखेड़ा / जानसठ।** किसान मसीहा, भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है इस दौरान लोगों ने थाना सिखेड़ा पहुंचकर तहरीर दी और कार्यवाही करने के लिए कहा।

शुक्रवार को चौधरी साहब पर की गई टिप्पणी के खिलाफ थाने पहुंचकर मोंटी कादियान व अशोक प्रधान आदि ने इस तरीके की टिप्पणी करने वालों की घोर निंदा की और तहरीर के माध्यम से बताया कि यह ख्रत्य केवल निंदनीय नहीं, बल्कि यह देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों एवं मेहनतकश वर्ग की भावनाओं को आहत करने का घोर प्रयास है।तो वही अशोक प्रधान व मोंटी कादियान ने चौधरी साहब के अनुयायियों के साथ उपस्थित रहकर इस आपत्तिजनक टिप्पणी को गंभीर अपराध मानते हुए संबंधित व्यद्रि के विरु) थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस दौरान रालोद वरिष्ठ नेता अशोक प्रधान, बिजेंद्र सिंह पवार, युवा रालोद चौधरी मोंटी कादियाँन, संजीव कादियान, विनोद राणा, कवरपाल सिंह, बलकार सिंह,दीपक जटराणा, लवि कादियान,राहुल कुमार आदि मौजूद रहे.!

### आज कई क्षेत्रों की बत्ती 4 घंटे तक रहेगी गुल

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार ने शुक्रवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के अटाली गांव में स्थित 33 केवी लाइन का वायर लाइटनिंग के कारण टूट गया था। जिसको जोड़ने के लिए आज शनिवार की सुबह लगभग नौ बजे से लेकर दोपहर लगभग एक बजे तक शटडाउन रहेगा। इसके साथ ही मिंडकाली बिजलीघर, वैल्ली बिजलीघर, चंधेडी बिजलीघर, बुढ़ाना टाऊन बिजलीघर, बुढ़ाना देहात बिजलीघर और कुरथल बिजलीघर का भी शटडाउन रहेगा। इसलिए इन सभी 33 केवी सब स्टेशन के उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने सभी बिजलीघरों से जुड़े हुए उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे लगभग लगातार चार या सवा चार बजे तक लाइट ना आने पर संयम बनाए रखें और अपने विद्युत संबंधी सभी जरुरी कार्य सुबह नौ बजे से पहले पहले कर लें ताकि किसी भी उपभोक्ता को किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े।

### खेड़ामस्तान में हुआ यज्ञ व हवन का आयोजन

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव खेड़ामस्तान स्थित बाबा हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

हवन का शुभारंभ पंडितों द्वारा विधि-विधान से कराया गया। यजमानों ने हवन में आहुतियां देकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किया। कार्यक्रम में डाक्टर अखिलेश रुहेला, राजेंद्र मलिक, सतिंदर मलिक और देवेंद्र प्रधान सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने हवन में भाग लिया और समाज में भाईचारे व सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता आती है और लोगों में आपसी एकता मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# बाला जयंती पर मीरापुर में शोभायात्रा निकाली



**मीरापुर।** बाला जयंती के पावन अवसर पर मीरापुर नगर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर बाला मंदिर मुक्लमपुरा से एक भव्य शोभा यात्रा पूरे विधि-विधान और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्र)ालुओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा का शुभारंभ बाला मंदिर से हुआ, जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई पुनः मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भक्तजन हजय श्री बाला जीह के जयकारों के साथ भक्ति में लीन नजर आए। यात्रा में आकर्षक झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें ज्योति कलश, गणेश जी की झांकी, बाला जी दरबार, खाटू श्याम जी, सुदामा जी, हनुमान जी , शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, शिव तांडव, परशुराम और दक्ष महाराज की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।बाला जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के विभिन्न मंदि. रों में रामचरितमानस के अखंड पाठ, सुंदरकांड पाठ और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बाला जी को 56 भोग अर्पित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। पंजाबी कालोनी में श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस मौके पर विनोद सुकरालिया, देवेंद्र, शशिकांत रस्तोगी, मोहित, अमित डागा, सचिन पाल, जगमो. हन, विजेंद्र, अमित संगल, अतुल अग्रवाल, प्रदीप डागा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मीरापुर पुलिस की बड़ी कामयाबी, लूटा गया आयशर कैन्टर बरामद

**मीरापुर।** पुलिस पुलिस ने खतौली रोड से लूटा गया आयसर कैन्टर बरामद करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 मार्च को खतौली रोड से एक आयसर कैन्टर को अज्ञात बदमाशों द्वारा माल सहित लूट लिया गया था। घटना के बाद थाना मीरापुर में मामला दर्ज कर पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में 3 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम भुम्मा पुलिस चौकी के पास चेकिंग कर रही थी। तभी सामने से आ रहे संदिग्ध कैन्टर को रोकने का प्रयास किया गया। कैन्टर में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। अचानक हुई इस घटना के बावजूद पुलिस ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए बदमाशों को घेर लिया और बिना मौका दिए तीनों को मौके से दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मरगूब पुत्र यूनुस, रागिब पुत्र खुशेंद और जुबैर पुत्र गफ्फार के रूप में हुई है, जो क्रमशः मेरठ और हापुड़ जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने लूटा गया आयसर कैन्टर भी बरामद कर लिया है। फिलहाल तीनों आरो. पियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# सिविल बार एसो. की कार्यकारिणी का चुनाव सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के लिए हुए चुनाव के लिए सवेरे शुरू हुए मतदान में 398 मतदाताओ मे से 367 मतदाताओ ने अपने मतो का प्रयोग किया। मुख्य चुनाव अधिकारी सैय्यद जैगम मिया जैदी एडवोकेट, व एल्डर कमेटी के चेयरमैन अवध बिहारी लाल गुप्ता,चुनाव अधिकारी विजेन्द्र प्रत्ताप एडवोकेट, चुनाव अधिक. ारी मुकेश कुमार त्यागी एडवोकेट ने बताया कि मतदान सवेरे 8 बजे शुरू होकर शाम 4 बजे तक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मतपत्रो की गणना आज शनिवार को प्रात: 09 बजे से प्रारम्भ होगी।

# शाहपुर चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** शाहपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी का शुक्रवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कस्साबान में स्थित फल व्यवसाई सलीम कुरैशी के आवास पर स्वागत हुआ। शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरेशी ने बताया कि आज वे बुढ़ाना में किसी विवाह समारोह में आए थे। उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि उनका लक्ष्य अपने शाहपुर कस्बे को विकास के पंख लगाने का है और इस पर काम चल भी रहा है। हमारे कस्बे में गंदगी की किसी भी तरह की समस्या नहीं है। इसके लिए उन्हें नागरिकों का भी सहयोग मिलता है। स्वच्छ पानी भी नागरिकों को समय पर मिलता है। तीज त्यौहारों पर सभी धर्मो का ख्याल और सम्मान रखा जाता है। धार्मिक स्थलों के आसपास कली चूने का छिड़काव समय समय पर होता है। सफाई कर्मचारी भी पूरा सहयोग करते हैं। जनता को इसी तरह की सुविधाएं नगर पंचायत से चाहिए होती हैं और वे इसके लिए किसी भी नागरिक को निराश नहीं करते हैं। सभी का ख्याल उनके द्वारा रखा जाता है। जो वायदे जनता से चुनाव के समय पर किए थे उनको समय समय पर पूरा करने का काम किया जा रहा है। शाहपुर ही नहीं आसपास के गांवो के लोगों का भी काम वे निस्वार्थ भाव से करते रहते हैं।

## शादी में नानबाई बनकर आये चोर का किया चालान

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी में आयोजित शादी समारोह में रोटी बनाने आये नानबाई ने आधी रात दो घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। शुक्रवार को पुलिस ने अरोपी का चालान कर दिया। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेडी स्थित मोहल्ला लो. कुपुरा दक्षिणी की तेलियान गली निवासी शहजाद मलिक की बेटी तमन्ना की शादी में रोटी बनाने आये नानबाई ने वहां असलम व उमरदीन के मकान में आधी रात को घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।आहट होने पर जाग गए पीड़ित ने चोर को पकड़ कर चोरी का सामान वापस ले लिया था।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच टॉपर विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुतियों के बीच टापर विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, ट्राफी एवं पदक देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें छात्रों के साथ अभिभावकों ने भी भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, विशिष्ट अतिथि भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के संयोजक डा. कैप्टन प्रवीण चौधरी, डायरेक्टर विराज तोमर, प्रधानाचार्या अलका वर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। समापन पर कक्षा 11वीं विज्ञान वर्ग में वंशिका, नैना, सक्षम, अन्शिका, अमृत, परी वाणिज्य वर्ग में देवांश, दृष्टि, धनंजय हयूमैनिटीज में जयंत, यशिका, गरिमा कक्षा नौवीं में अक्षिता अग्रवाल, मोहम्मद जीशान, सार्थक, प्रजा, विराट, गर्व, अवनी, मोहम्मद ताबी, नैतिक कक्षा आठवीं में अंबर, अमन, रुद्र, सृष्टि, अन्श, अंश, वैष्णवी, कक्षा सातवीं में परी, सोनाक्षी, मोहम्मद सलीम, अनंत, कंगना, आदित्य, कबीर अख्तर, अब्राहम मलिक, दक्ष, रिदा, जोया, कक्षा छठी में शोभित, अवनी, गौरी, मंसिरत, देविका, आज्मी, सूर्याश, आराध्या, हार्दिक, अज्हा, अनुष्का, आरव, आशिया को प्रशस्ति पत्र ट्राफी एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजिक रामकुमार शर्मा, मंडल अध्यक्ष अरूण सिंह, उपप्रधानाचार्या रीता शर्मा, हनी अंतल, संयोगिता, आरआर मिश्रा मौजूद रहे।

# अवैध हथियारों की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक खेत में चल रही अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को पकडा है। मौके से भारी मात्रा में बने व अधबने हथियारों के साथ साथ हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए।

ये कार्रवाई बुढ़ाना प्रभारी सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में गढ़ी चौकी इंचार्ज संदीप चौधरी की टीम ने की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि क्राउन पब्लिक स्कूल से करीब 100 मीटर आगे एक खेत में कुछ लोग अवैध हथियार बना रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान उसके कुछ साथी मौके से फरार हो गये। गिरफ्तार आरोपी साबिर पुत्र रशीद निवासी ग्राम पिठलोक्कर सरधना मेरठ है। पूछताछ में आरोपी साबिर ने बताया कि वो अपने साथियों संग मिलकर काफी वक्त से अवैध हथियार बनाने का काम कर रहा था। वे मांग के अनुसार हथियार तैयार कर उनकी सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार आगामी चुनावों के दौरान इन हथियारों की मांग बढ़ने की संभावना थी जिसके चलते वे बड़े पैमाने पर स्टॉक तैयार कर रहे थे। पुलिस ने मौके से 12 देशी तमंचे और बंदूकें, 12 बोर के कारतूस, .315 बोर के हथियार, अधबने तमंचे, लोहे के फेम, नाल, ड्रिल मशीन, हथौड़ी व रिंच समेत हथियार बनाने के अन्य उपकरण बरामद किए।

# पीसीएस अधिकारी बनने पर रोहित का हुआ स्वागत



**भोपा।** युसुफपुर गांव निवासी युवक रोहित कुमार का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यूपीपीसीएस परीक्षा पास करने के बाद सेवा के लिये चयन होने पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गयी है। घर पहुंचने पर रोहित का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

भोपा क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी युवक रोहित कुमार मनारिया ने सब रजिस्ट्रार पद पर 19 वीं रैंक प्राप्त किया है। चयनित होने के बाद गांव पहुंचने पर परिवारजनों ग्रामीणों ने फूल माला और नगाड़े की धुन पर भव्य स्वागत किया गांव का पहला पीसीएस अधिकारी बनने पर मिष्ठान का वितरण किया।गाँव के साधारण परिवार में जन्मे रोहित कुमार मनारिया की प्रारंभिक शिक्षा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय व उसके बाद क्षेत्र के जनता इंटर कॉलिज में हाईस्कूल व इंटर मीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के उपरांत मुज़फ्फरनगर एसडी डिग्री कॉलिज से बीएससी में डिग्री हासिल करने के बाद बुलन्द शहर कानून की शिक्षा प्राप्त की।जिसके बाद रोहित मनारिया ने प्रशासनिक सेवा करने के लक्ष्य बनाया और 2021 से प्रयास शुरू कर दिये।लगातार कई वर्ष की कोशिश के बाद उन्हें सफलता मिली।रोहित कुमार ने बताया कि बीते 29 मार्च को उनका चयन सब रजिस्टार के लिये हो गया है। जिसके लिये शीघ्र प्रशिक्षण दिया जायेगा।रोहित ने बताया कि उन्होंने धैर्य और मेहनत करके स्वर्गीय पिता नत्थू सिंह के सपनों को चौथे प्रयास में साकार किया।

# किसान नेता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से भड़का रोष



**मोरना।** किसान नेता व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर रोष व्याप्त हो गया है।शुक्रवार को रालोद नेताओ सहित समाज के अनेक व्यक्तियों ने भोपा थाना पर पहुंचकर अभद्र टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ प्रदर्शन किया व पुलिस को एक शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना पर शुक्रवार को एक विरोध प्रदर्शन किया गया।रालोद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक व अध्यक्ष रामावतार पलसानिया द्वारा अपने फेसबुक पेज के माध्यम से एक लाइव वीडियो प्रसारित किया गया।जो तीस मिनट तक प्रसारित किया गया। रामाअवतार पलसानिया द्वारा एक षडयंत्र के तहत टिपणी की गई है।जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा।पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तुरन्त कार्रवाई करे। असामाजिक व्यक्ति द्वारा एक घृणित मानसिकता के तहत टिप्पणी कर उकसावे का काम किया गया है।जिसे बर्दाश्त नही किया जाएगा प्रशासन तुरन्त गिरफ्तारी कर आरोपी को जेल भेजे।अक्षित चौधरी ने कहा कि दो दिन पूर्व हम सबके व सर्व समाज के सम्मानित नेता चौधरी चरण सिंह को लेकर रामावतार द्वारा की गयी अशोभनीय टिप्पणी छोटी सोच समाज को तोड़ने का काम करने वाली है।जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अनिवार्य है। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह को शिकायत पत्र देने वालों में मुख्य रूप से रविंद्र आर्य जिला सचिव रालोद, मनोज उर्फ बिन्नू राठी, सिद्धार्थ राठी निरगाजनी, हेमंत चौधरी, विकास सहरावत,चौधरी इंद्रपाल सिंह ,धर्मेंद्र सिंह तोमर, संजय सिंह तोमर, सागर खत्री, नीशू चौधरी, योगेंद्र सिंह दोहन, पंकज मलिक, राजीव चौधरी सेक्टर प्रभारी रालोद आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक **आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः** मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# कैप्टन विजय की सकुशल घर वापसी पर मनाई खुशी

**□ कैप्टन विजय ने विधायक अशरफ अली खान व सरकार का आभार व्यक्त किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** विधानसभा क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी कैप्टन विजय के सकुशल स्वदेश लौटने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि 8 दिसम्बर 2025 को कैप्टन विजय 18 सदस्यीय चालक दल के साथ वेलीयेंट रोअर नामक तेल टैंकर पर सवार थे, जिस पर नीदरलैंड का झंडा लगा हुआ था। यह जहाज संयुक्त अरब अमीरात के दिब्बा बंद. रगाह के निकट पहुंचा ही था कि ईरानी नौसेना ने उसे बंधक बना लिया था।

इस घटना के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बन गया था। कैप्टन विजय और उनके साथियों की सुरक्षित रिहाई के लिए भारत सरकार ने कूटनीतिक स्तर पर लगातार प्रयास किए। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के विशेष विशेष प्रयास और विदेश मंत्रालय की सक्रियता के चलते आखिरकार यह मिशन सफल रहा और सभी चालक दल के सदस्य सकुशल भारत लौट आए। इस पूरे घटनाक्रम में थानाभवन के विधायक अशरफ अली खान की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने लगातार मामले की निगरानी करते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा



और परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की। शुक्रवार को विधायक अशरफ अली खान गांव भैंसवाल पहुंचे, जहां उन्होंने कैप्टन विजय से मुलाकात की और उनकी सुरक्षित वापसी पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने कैप्टन विजय का जोरदार स्वागत किया और उनके साहस की सराहना की। कैप्टन विजय ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि बंधक बनाए जाने के दौरान परिस्थितियां बेहद चुनौतीपूर्ण थीं, लेकिन सभी चालक दल के सदस्यों ने धैर्य बनाए रखा। उन्होंने भारत सरकार और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से उनकी सुरक्षित वापसी संभव हो सकी। गांव भैंसवाल में कैप्टन विजय की वापसी को लेकर लोगों में गर्व और खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे सरकार और जन प्रतिनिधियों के प्रयासों की बड़ी सफलता बताया है।

# शामली में खुलेगा पासपोर्ट कार्यालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपदवासियों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर है, क्योंकि शामली में जल्द ही पासपोर्ट कार्यालय का शुभारंभ होने जा रहा है। इसके शुरू होने से अब लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए गाजियाबाद या अन्य शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

इसी क्रम में लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अंकित गोयल ने गाजियाबाद स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शामली में पासपोर्ट कार्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू होने पर उनका आभार व्यक्त किया। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप ने



बताया कि विदेश मंत्रालय से शामली में पासपोर्ट कार्यालय स्थापित करने की अनुमति मिल चुकी है और इसके लिए आगे की आवश्यक प्रक्रियाएं तेजी से पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कार्यालय के संचालन के लिए बिजली कनेक्शन, विद्युत फिटिंग, वाई-फाई सुविधा और फर्नीचर आदि की व्यवस्था हेतु टेंडर जारी कर दिया गया है। सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूर्ण होते ही पासपोर्ट कार्यालय का विधिवत शुभारंभ कर दिया जाएगा। साथ ही, कार्यालय में तीन अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थायी स्टाफ भी तैनात किया जाएगा, ताकि पासपोर्ट से संबंधित कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। अंकित गोयल ने कहा कि पासपोर्ट कार्यालय खुलने से शामली के लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब नागरिकों को अपने ही जनपद में यह महत्वपूर्ण सेवा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने इसे जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार और संबंधित अधिकारियों का आभार जताया।

# ईएमटी डे पर ईएमटी व पायलट सम्मानित

**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा नेशनल ईएमटी डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ईएमटी और एम्बुलेंस पायलटों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किशोर आहूजा तथा 108 व 102 एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी ने सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया और मिष्ठान वितरित किया गया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. किशोर आहूजा ने सभी ईएमटी कर्मियों से कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई परिवार मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति से जूझ रहा होता है, तब सबसे पहले उम्मीद की किरण बनकर ईएमटी और एम्बुलेंस कर्मी ही मौके पर पहुंचते हैं।उन्होंने कहा कि 108 और 102 एम्बुलेंस सेवाओं के माध्यम से आप सभी जो जीवन रक्षा का कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है।आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं के कर्मी वास्तव में समाज के असली हीरो हैं। अपने धैर्य, साहस और सेवाभाव के साथ आप लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आपके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही अनेक परिवारों के चेहरे पर आज मुस्कान है। कार्यक्रम के दौरान ईएमटी जितेंद्र, दिलशाद, साहिब आलम, गुरमीत, मदन मौजूद रहे।

# किसान मसीहा के अपमान पर भड़के किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र में उस समय माहौल गरमा गया जब दर्जनों किसानों और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से जुड़े नेताओं ने थाने पहुंचकर भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंच गए । आक्रोशित किसानों ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी राम अवतार पलसानिया नामक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। किसानों का आरोप है कि आरोपी द्वारा की गई आपत्ति. जनक टिप्पणी न केवल एक महान नेता का अपमान है, बल्कि देश के करोड़ों अन्नदाताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का भी गंभीर प्रयास





है। इस मामले को लेकर थाने पहुंचे किसानों और नेताओं ने जोरदार विरा. ेध दर्ज कराया और प्रशासन से तत्काल सख्त कदम उठाने की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कार्रवाई का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को समाज में वैमनस्य फैलाने या महान विभूतियों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।वक्ताओं ने कहा कि किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और ग्रामीण भारत के उत्थान के लिए समर्पित किया। उनके प्रयासों से ही किसानों को देश की राजनीति में सम्मानजनक स्थान मिला। ऐसे राष्ट्रनिर्माता के प्रति इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी निंदनीय ही नहीं, बल्कि अस्वीकार्य भी है। किसान नेताओं ने कहा कि यह घटना समाज में गलत संदेश देती है और हमारी सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार की हरकत करने का साहस न कर सके। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार, किसान नेता सुनील पंवार, पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, विजेंद्र सिंह, विनोद प्रधान, कपिल पवार अशोक कुमार, इरफान तुर्की सहित दर्जनों किसान एवं रालोद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### बालाजी जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

**थानाभवन।** नगर में श्री बालाजी जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर के मुख्य मार्गो से होकर एक भव्य शोभा यात्रा भी निकाली गई स जिसका जगह-जगह श्र द्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया स शोभा यात्रा के दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। शोभा यात्रा से पूर्व बालाजी मंदिर प्रांगण में पंडित जी के सानिध्य में हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर किया। शोभायात्रा बाला. जी मंदिर से ढोल नगाड़ो और भक्ति गीतों, झांकियां के साथ निकली स यात्रा में शामिल झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनरू मंदिर प्रांगण में जाकर संपंन हुई। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, विनय तायल, सचिन अग्रवाल, मोहित तायल, कुलदीप गर्ग, सुशील गर्ग, सन्नी जिंदल, चेतन अग्रवाल, शिवम गोयल, रामअवतार गर्ग, अक्षय गोयल, कन्हैया सैनी, अंकुर सैनी, रक्षित गुप्ता दीपक,अग्रवाल,आदि सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर पुलिसबल मौजूद रहा। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपंन हुई।

### शादी समारोह में रिश्तेदारो से मारपीट

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव गढी हसनपुर में एक परिवार मे बेटी की शादी थी। जिसमे दूरदराज के सभी रिश्तेदार पहुँचें हुए थे। बताया गया है कि शादी समारोह मे पहुँचें रिश्तेदारो के दो पक्षो में पहले से ही शादी के बाद विवाद चला आ रहा था।शादी मे होने के दौरान रिश्तेदारो ने आपस मे बातचीत करानी चाही। जिस पर दोनो पक्षो मे कहासुनी होने लगी। गाली गलौच बढी तो दोनों पक्ष लाठीडंडो के साथ सड़क पर आ गए और झगडने लगे। मारपीट में गुंलाम अली निवासी गढी हसनपुर, अय्यूब फिरोज व सलमान निवासी टोडा व इरशाद व आसिफ निवासी मवीं कला थाना कैराना को गम्भीर चोटे आई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची और घायलो को अस्पताल मे भर्ती कराया गया। हालाकि पुलिस को किसी भी पक्ष ने तहरीर नही दी है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी को शांतिभंग में जेल भेज दिया।

### मायके में घुसकर महिला से मारपीट

कैराना। गांव बसेड़ा निवासी फरयाना पत्नी मारुफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह करीब नौ वर्ष पूर्व हुआ था और उसका आठ वर्षीय बेटा है। पीड़िता के अनुसार 28 जनवरी को उसके देवर अनीस, अकरम व ससुर इलियास उसके मायके पहुंचे और आते ही गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर साथ ले जाने का प्रयास किया, लेकिन परिवार के लोगों के विरोध के चलते वे सफल नहीं हो सके। आरोप है कि जाते समय आरोपी महिला के पास रखे चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट कर बहू को घर से निकाला

**कैराना।** कोतवाली गांव मवी निवासी फन्नी पत्नी फुरकान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 1 अप्रैल को उसके पति व ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता अपने छोटे बच्चे को लेकर मायके चली गई। आरोप है कि कुछ देर बाद ससुराल पक्ष के लोग मायके पहुंच गए और वहां भी महिला के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की तथा बच्चे को जबरन छीनने का प्रयास किया। पीड़िता ने तहरीर में ससुर कामिल, सास बानो, जेठ, जेठानी साजो, साईना और रेशो रानी पर मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दो दोषियों को जेल और जुर्माना

**कैराना।** अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शामली पुलिस ने प्रभावी पैरवी के बल पर दो अलग-अलग मामलों में दो अभियुक्तों को सजा दिलाई है। माननीय न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर दोनों को कारावास के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। पहला मामला थाना थानाभवन क्षेत्र का है। वर्ष 2020 में दर्ज शस्त्र अधिनियम के मुकदमे में अभियुक्त अरशद पुत्र अजमल निवासी मौहल्ला नील, ग्राम चौक, कस्बा जलालाबाद को न्यायालय ने दोषी करार दिया। सीजेएम शामली की अदालत ने उसे 6 माह 15 दिन के कारावास और 1,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। दूसरा मामला थाना झिंझाना क्षेत्र का है। वर्ष 2021 में आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे 477/2021 में अभियुक्त बिलेन्द्र पुत्र चन्द्रा निवासी मोहल्ला ताड़वाला को दोषी पाया गया। एसीजेएम शामली की अदालत ने उसे 2 वर्ष के कारावास और 12,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 2 माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और सख्त पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

### किशोरी को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने करीब दस दिन पहले थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि गांव खंद्रावली निवासी शाहरुख पुत्र सलीम उसकी नाबालिग पुत्री को अपने झांसे में लेकर बहला-फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। शुक्रवार को पुलिस को सफलता हाथ लगी और कार्रवाई करते हुए किशोरी को बरामद कर लिया गया। साथ ही आरोपी शाहरुख को भी गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई बाद पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया गया है तथा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

कांधला। बाबरी क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी गौरव पुत्र मदन सिंह अपनी बाइक पर सवार होकर एक निजी कंपनी हरियाणा के सोनीपत से वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह क्षेत्र के भारसी मोड़ के पास पहुंचा,तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की टीम ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार देते हुए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### खेत में फलदार पेड़ों को जलाने का आरोप

**झिंझाना।** गांव टपराना निवासी नदीम पुत्र रियासत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता के नाम खसरा संख्या 195 की जमीन है, जिसमें उसने करीब 12 वर्ष पूर्व नाशपाती के पेड़ लगाए थे। ये पेड़ अब पूरी तरह फलदार हो चुके थे और अच्छी पैदावार दे रहे थे। आरोप है कि पड़ोसी खेत के खातेदार कय्यूम पुत्र अय्यूब और उसका पुत्र फरीद अक्सर उसकी फसल को नुकसान पहुंचाते रहते हैं। कई बार समझाने और गांव के जिम्मेदार लोगों से कहलवाने के बावजूद भी आरोपित अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। 2 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे आरोपितों ने अपने नौकर महरबान के माध्यम से उसके खेत में लगे करीब 10 नाशपाती के पेड़ों को ईख की सूखी पत्तियों में आग लगाकर जला दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई

# गंगा-यमुना संगम पर चला सफाई अभियान, जनता ने किया श्रमदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के गंदेवड़ा स्थित गंगा-यमुना संगम पर स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर श्रमदान किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला गंगा समिति के तत्वावधान में आयोजित यह अभियान जिला परियोजना अधिकारी डॉ. सोनू कुमार के निर्देशन में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान संगम क्षेत्र और नदी तटों पर जमा कचरा, प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाया गया। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों, स्वयंसेवकों और जनप्रति. निधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई।

डॉ. सोनू कुमार ने नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि नदियों की स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से नदियों में कचरा न डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने और नदी तटों को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की। अभियान के अंत में उपस्थित लोगों को नदियों की स्वच्छता, निर्मलता और अविरलता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान मुजन फाउंडेशन से डॉ. राशिद अली, प्लांटरम इंडिया के संस्थापक सारून, विजय कुमार, कमल देव, शोधार्थी हिमांशु, नीरज, पंकज, संदीप आदि मौजूद रहे।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 1.20 लाख की ठगी

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मवी काकौर में प्लॉट दिलाने के नाम पर महिला से करीब 1.20 लाख रुपये हड़पने और रकम वापस मांगने पर घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव मवी काकौर निवासी नफीसा पत्नी उस्मान ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि एक जुलाई 2024 को गांव के ही फुरकान पुत्र शौकत से उसने एक प्लॉट खरीदने का सौदा तय किया था। इस दौरान उसने 10 हजार रुपये नकद बतौर बयाना दिए थे। आरोप है कि बाद में आरोपी ने भरोसे में लेकर उससे अलग-अलग किस्तों में करीब 1.10 लाख रुपये और ऑनलाइन माध्यम से भी ले लिए। महिला के पास ऑनलाइन भुगतान के स्क्रीनशॉट भी मौजूद हैं। पीड़िता का आरोप है कि कुछ समय बाद उसे पता चला कि जिस प्लॉट का सौदा उससे किया गया था, उसे आरोपी ने किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया है। जब उसने आरोपी से अपनी रकम वापस मांगी तो उसने दस दिन में पैसे लौटाने का आश्वासन दिया। बुधवार सुबह उसने फिर से अपने रुपये मांगे तो आरोपी फुरकान ने घर आकर पैसे देने की बात कही।

आरोप है कि थोड़ी देर बाद वह अपने भाइयों मेहरबान और रिजवान पुत्रगण शौकत के साथ उसके घर पहुंच गया। वहां पहुंचते ही तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने पीड़िता के निर्माणाधीन मकान के लेंटर के लिए लगी बल्लियां भी गिरा दीं, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो गया। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने रुपये वापस न देने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूटा ,दो दर्जन गावों में पसरा अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** शामली शामला बिजली घर से खेड़ी खुशनाम को जाने वाली विद्युत लाइन के इंसुलेटर में फॉल्ट के बाद तार टूट गया जिससे प्रभावित होकर विद्युत उपकेंद्र चौसाना एवं खोड़समा की आपूर्ति बाधित हो गई। दो दर्जन से अधिक गांवों में अंधेरा पसर गया।

शाम के समय तेज आंधी के कारण शामली शामला बिजली घर से गुजरकर खेड़ी खुशनाम जाने वाली विद्युत लाइन में फॉल्ट होकर तार टूट गया और जमीन पर जा गिरा।तार टूटने से कोई हादसा तो नहीं हुआ लेकिन चौसाना एवं खोड़समा विद्युत उपकेंद्र की आपूर्ति ठप्प हो गई। उपकेंद्र पर आपूर्ति भी होने के कारण कस्बे सहित दर्जनों गांवों की सप्लाई बाधित रही जिससे चारो और अंधेरा छाया रहा। विद्युत उपकेंद्र के जेई आजम का कहना है कि सुबह तक लाइन सही हो सकेगी।

# शामली में श्री बाला. जीधाम मंदिर पर 11 कुंडीय महायज्ञ

**शामली।** शहर के करनाल रोड स्थित श्री बालाजीधाम मंदिर में गुरुवार देर रात 11 कुंडीय महायज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। श्री बालाजी धाम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने श्री हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महायज्ञ में 11 कुंड स्थापित किए गए, जिनमें अलग-अलग परिवारों ने यजमान बनकर विधि-विधान से आहुति दी। मंदिर के पुजारी प्रियांशु शर्मा और पंडित प्रशांत शर्मा ने पूरे अनुष्ठान को वैदिक रीति से संपन्न कराया। यज्ञ के समापन पर पूर्ण आहुति दी गई, जिसके बाद श्री बालाजी की महाआरती व विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

# निजी स्कूलों में फीस वृद्धि पर कांग्रेस का आंदोलन

**शामली।** जनपद में निजी विद्यालयों द्वारा फीस बढ़ोतरी और महंगी निजी प्रकाशनों की किताबें लागू किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी है। इस मुद्दे को लेकर पार्टी ने अभिभावकों के आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है।

शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव और जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड के निजी विद्यालय संचालक अधिकारियों के साथ मिलकर एनसीईआरटी की पुस्तकों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लागू कर रहे हैं। साथ ही बुक सेलरों के साथ गठजोड़ कर अभिभावकों को एक ही दुकान से कोर्स खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे नर्सरी से 12वीं तक का कोर्स तीन हजार से दस हजार रुपये तक बेचा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विद्यालयों द्वारा 15 से 40 प्रतिशत तक फीस बढ़ाकर महंगाई और बेरोजगारी के दौर में अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने की अपील की। बैठक में अरविंद कुमार, जावेद, साबिर अली, संदीप शर्मा, फरमान, जुबेर आदि मौजूद रहे

# तीन हफ्ते बाद भी आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में ऑनलाइन भुगतान के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिव मूर्ति, गांधी चौक निवासी संजय कुमार ने बताया कि 18 मार्च को सुबह करीब बजे उसकी दुकान पर बाइक सवार तीन अज्ञात युवक पहुंचे और 100-100 रुपये के नए नोटों की तीन गड्डियां मांगीं। दुकानदार ने उन्हें 30 हजार रुपये की नकदी दे दी। आरोप है कि इसी दौरान एक युवक ने ऑनलाइन भुगतान करने की बात कहकर मोबाइल से पैसे ट्रांसफर करने का दावा किया और तीनों मौके से फरार हो गए। बाद में जब दुकानदार ने अपना फोनपे खाता चेक किया तो उसमें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई। पीड़ित ने बताया कि उसने आरोपियों की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

# ट्रायल में खिलाड़ियों ने बहाया पसीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद उधम सिंह स्टेडियम में आयोजित 24वीं उत्तर प्रदेश स्टेट जूनियर फेडरेशन एथलेटिक्स चौंपियनशिप के ट्रायल में जनपद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एथलेटिक्स सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी 8 व 9 अप्रैल को प्रयागराज स्थित पंडित मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के परिणामों में 100 मीटर दौड़ में आयुष प्रथम व सिकंदर द्वितीय रहे। 200 मीटर में वंश शर्मा प्रथम व शुभम द्वितीय, जबकि 400 मीटर में शुभम प्रथम व वंश शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर में आशु प्रथम व विश्वास द्वितीय तथा 1500 मीटर में सक्षम प्रथम व राजीव द्वितीय रहे। इसी प्रकार 3000 मीटर में प्रांजल प्रथम व आदित्य द्वितीय, 5000 मीटर में राजन प्रथम व अजय द्वितीय रहे। ऊंची कूद में विकसित प्रथम व देव द्वितीय, लंबी कूद में देव प्रथम व जावेद द्वितीय स्थान पर रहे। गोला फेंक में प्रियांशु प्रथम व आदित्य द्वितीय, चक्का फेंक में आदित्य प्रथम व प्रियांशु द्वितीय तथा भाला फेंक में अंजुल प्रथम व हर्ष द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में निपम ने 100 व 200 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अर्चना द्वितीय रहीं। ऊंची कूद में अंजुम चौधरी प्रथम व गीता द्वितीय तथा 3000 मीटर में गार्गी तोमर प्रथम व रीना द्वितीय स्थान पर रहीं। इस दौरान कुलदीप तोमर, हिमांशु अहलावत, सचिन पवार मौजूद रहे।

# बाइक सहित वाहन चोर किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं में वांछित एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। कैराना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हाशिम पुत्र कासिम निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली, जनपद बागपत के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स, जिनमें एक टायर और नंबर प्लेट बरामद की है। गिर फ्तारी और बरामदगी के संबंध में थाना कैराना पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, इससे पहले 3 जनवरी 2026 को कैराना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में रिजवान अंसारी उर्फ भूरा और मोहम्मद शकील को गिरफ्तार कर कई मोटरसाइकिलें बरामद की थीं। पूछताछ के दौरान इस मामले में हासिम का नाम भी सामने आया था, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बताया गया कि 21 दिसंबर 2025 को गांव पंजीठ निवासी तौसिफ की मोटरसाइकिल शादी समारोह से चोरी हो गई थी, जबकि 2 जनवरी 2026 को गांव उच्चागांव निवासी राहुल कुमार की बाइक सरकारी अस्पताल कैराना से चोरी हो गई थी। दोनों मामलों में थाना कैराना पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरा. ेपी हाशिम के खिलाफ पहले भी वाहन चोरी सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में जानक. ारी जुटाने में लगी हुई है।

# व्यापारियों पर बढ़ते हमलों से आक्रोश

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने बताया कि गढ़ीपुख्ता में हाल ही में कोल्ड ड्रिंक व्यापारी ऋषभ मित्तल से उधार के 100 रुपये मांगने पर मारपीट और गाली-गलौज की गई। वहीं एक सप्ताह पूर्व एलम में मिठाई विक्रेता आशीष पर भी पैसे मांगने को लेकर जानलेवा हमला किया गया था। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं के बावजूद आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है। साथ ही, शामली शहर के गांधी चौक पर पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में व्यापारियों पर हमला होना बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण है। घनश्याम दास गर्ग ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की घटनाएं जारी रहीं तो व्यापारी भय के माहौल में काम करने को मजबूर होंगे।

# स्वकर प्रणाली पर जनता में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत में लागू की गई स्वकर प्रणाली को लेकर अब जनता का गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। पहले भी कस्बेवासियों ने अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा से मिलकर इस प्रणाली पर आपत्ति जताई थी लेकिन अब हालात और ज्यादा गरमा गए हैं

।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में इस मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती गई और बिना स्पष्ट सहमति के ही टैक्स थोप दिया गया। कस्बा निवासी मनु गोयल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उनका मकान महज 100 गज में बना है लेकिन तीन मंजिल होने के नाम पर उनसे 300 गज के बराबर हाउस टैक्स वसूला जा रहा है। इतना ही नहीं जिन घरों में पानी का कनेक्शन तक नहीं है उनसे भी पानी का टैक्स वसूला जा रहा है। मनु गोयल ने इसे सीधी-सीधी जनता के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि यह प्रणाली नहीं बल्कि



खुली लूट है।

वहीं निक्की चावला ने भी इस व्यवस्था का विरोध करते हुए नगर पंचायत पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। दूसरी ओर अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा का कहना है कि बोर्ड बैठक में इस विषय पर सभासदों से चर्चा की गई थी और किसी ने विरोध नहीं किया। इसीलिए नियमों के तहत टैक्स वसूली की जा रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। कस्बे के लोगों का कहना है कि पहले जहां 150 रुपये तक टैक्स लगता था। अब वही टैक्स कई गुना बढ़ाकर वसूला जा रहा है। जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। अब सवाल यह उठता है कि क्या यह स्वकर प्रणाली वाकई जनहित में है या फिर इसके नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है? लगातार बढ़ते विरोध के बीच नगर पंचायत प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# रेहडी पटरी वालों की दुकानों में लगी आग

## मौके पर पहुंचे सपा पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद गाडा, पीड़ितों को मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** विद्युत लाईन में हुए शॉर्ट सर्किट होने से काली मंदिर के बाहर रेहड़ी पटरी वालों की दुकान में आग लगने के कारण उनका लाखों रुपये का नुकसान हो गया। पूर्व सपा जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा ने सरकार से पीड़ितों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार को देर रात्रि के समय बस स्टैंड के निकट काली मंदिर के बाहर रेहड़ी पटरी की दुकानों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत लाईन के तारों में शॉट होने के कारण कोई चिंगारी रेहड़ी के छप्पर पर गिर गई और रेहड़ी से यह आग बढ़ती बढ़ती कई रेहड़ी पटरी की दुकानों पहुंच गई। देखते ही देखते इस आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आस पास के लोगो ने पहले तो बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग नही बुझ पाई। जिसके बाद सूचना पाकर अग्निशमन टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण इन गरीब दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।



वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार को दोपहर के समय पूर्व सपा जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा घटनास्थल पहुंचे तथा रेहड़ी पटरी वाले गरीब पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। रेहड़ी पटरी वालो ने बताया कि उनकी रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इस दौरान फरहाद आलम गाडा ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से फोंन वार्ता कर सरकार से गरीब पीड़ित दुकानदारों को मुआवजा दिलवाए जाने की मांग की।

# गेंहू क्रय केंद्रों पर बैनर लगा की औपचारिकता पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शासनादेशों के अनुपालन में सरकारी गेंहू क्रय केन्द्रों को खोलने की बैनर लगाकर औपचारिकता पूरी करके किसानों के रजिस्ट्रेशन करने का कार्य शुरु कर दिया गया है।

बारदाने सहित अन्य तैयारियां पूरी की जा चुकी है। हालांकि अभी मंडी में गेंहू की आवक शुरु नही हो सकी है। मंडी सचिव सोहन वीर सिंह के अनुसार मंडी समिति अंतर्गत इस बार कुल ग्यारह गेंहू क्रय केन्द्र खोले जाने है। मंडी परिसर में आरएफसी के क्रय केन्द्र के साथ ही मंडी समिति का भी एक गेंहू क्रय केन्द्र खोला जाना है। इसके अलावा विभिन्न सहकारी क्रय विक्रय समितियों के गेंहू क्रय केन्द्र तीतरों, बीनपुर, रंधेडी, लखनौती, सांगाठेडा महंगी, सिकन्दरपुर व जांडखेडा और सहक. ारी क्रय विक्रय समिति गंगोह में क्रय केन्द्र खोलने की तैयारी है।

# एंटी रोमियो टीम ने स्कूल जाकर बच्चों को दिए सुरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो प्रभारी मिथलेश राठौर ने अपनी टीम के साथ डॉक्टर हुसैन मेमोरियल पब्लिक स्कूल खुजनावर का दौरा कर बच्चों को विभिन्न सुरक्षा विषयों पर जागरूक किया

महिला पीआरडी सुषमा के साथ खुजनावर वह शाहबपुरा गांव पहुंची एंटी रोमियो प्रभारी राठौर ने बच्चों को गुड टच-बैड टच, सड़क सुरक्षा अजनबियों से सावधानी, साइबर क्राइम से बचाव तथा आपात स्थिति में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 का उपयोग करने की जानकारी दी बच्चों से संवाद करते हुए मिथलेश राठौर ने कहा आप सभी हमारी आने वाली पीढ़ी हैं अपनी सुरक्षा का ध्यान खुद रखें और कोई भी गलत बात हो तो तुरंत परिजनों या पुलिस को बताएं मिथिलेश राठौर ने बच्चों को



यातायात नियमों का पालन करना, स्कूल आते-जाते समय सड़क के दाहिने तरफ चलना तथा अजनबी के साथ कहीं न जाने की सलाह भी दी कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साह के साथ सवाल पूछे और एंटी रोमियो प्रभारी को थैंक्स दीदी कहा प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने एंटी रोमियो प्रभारी राठौर की इस पहल की दिल से तारिफ की एंटी रोमियो प्रभारी मिथिलेश राठौर ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं।

# भागवत कथा को सातवें दिन दिया गया विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम टोडरपुर भूकडी मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा को विश्राम दिया गया।

समापन दिवस पर कथा व्यास ने भक्तों को बताया कि कैसे सुदामा जब श्री कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंते है। तब श्री कृष्ण ने एक राजा की तरह नहीं अपितु एक सच्चे मित्र की तरह उनका स्वागत किया। उन्होंने सुदामा के पैर धोए तथा अपनी प्रगाढ़ मित्रता का अनुभव किया। कथा व्यास ने बताया कि सुदामा एक गरीब ब्राह्मण थे जो कि भिक्षा मांगकर अपना जीवन यापन किया करते थे। अपनी पत्नी के आग्रह पर वह द्वारका में भगवान श्री कृष्ण से मिलने गए तो श्री कृष्ण ने सुदामा का नाम सुनते ही नंगे पांव दौड़कर उन्हें गले लगा लिया व उनके पांव धोए। श्री कृष्ण ने सुदामा को अपने शाही आसन पर बैठाया और अपनी पटरानियों से उनका आशीर्वाद दिलाया।

सुदामा ने श्री कृष्ण से कुछ नहीं मांगा लेकिन कृष्ण ने अपनी कृपा से उनके घर को भव्य महल में बदल दिया जो कि सच्ची भक्ति और मित्रता का परिणाम था। इस अवसर पर गौरक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार, जनक प्रधान, संजय प्रधान, संजय कपिल, सुमेरचंद कपिल, शिवम पंवार, चौधरी अजब सिंह, प्रमोद कुमार, भोपाल सिंह, अजय चौधरी, गुरमेल चौधरी, राजकुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# यज्ञ के साथ नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शिक्षा विकास समिति के अंतर्गत संचालित श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के उपलक्ष्य में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में पदाधिकारी सहित सभी छात्र छात्राओं ने आहुति डाली।

कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष मेघगोपाल गोयल व उमेश गोयल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रबंधक राक. ेश तायल, नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता, सुनील गर्ग, चंद्रमो. हन गोयल व दोनों विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता, लिटिल अग्रवाल ने मां के चरणों में पुष्प अर्पित किए। इसके बाद आयोजित



यज्ञ के यजमान अध्यक्ष मेघगोपाल गोयल व उमेश गोयल व पुरोहित पंडित अवनीश शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार से संपन्न कराया। यज्ञ में यज्ञ में पदाधिकारी सहित सभी छात्र छात्राओं ने आहुति डाली। शिक्षकों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए प्रत्येक छात्र छात्रा का रोरी-तिलक लगाकर कर स्वागत किया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। दोनों विद्यालय के अध्यक्षों ने कहा कि विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि ज्ञान का मंदिर है। भारतीय संस्कृत में किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत के यज्ञ से करने की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कारों का महत्व भी समझाया और सभी से नए सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि सत्र के पहले दिन इस तरह के स्वागत का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना और उन्हें स्कूल से अपनत्व महसूस कराना है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की ताकि वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर जिम्मेदार नागरिक बन सकें। संचालन अंजना शर्मा ने किया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय का स्टाफ व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पीएम आवास योजना में शामिल करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 02 मोहल्ला कोठीवाला निवासी दलित समाज के 100 से अधिक परिवारों ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किए जाने की मांग की है। सभी परिवारों ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन लिखकर नकुड़ विधायक मुक. ेश चौधरी को सौंपा है।

कस्बा सुल्तानपुर निवासी दलित युवा नेता आकाश काशी ने बताया है कि जिस जगह पर वह लोग निवास कर रहे है, वहां पर यह सभी परिवार लगभग 70-80 वर्षों से रहते आ रहे है तथा यहां उनकी चौथी पीढ़ी निवास कर रही है। यह सभी परिवार दलित रविदासी व वाल्मीकि समाज से आते हैं।इसी जगह का यह लोग भवन कर तथा जलकर नगर पंचायत कार्यालय में जमा करते आ रहे हैं। उक्त स्थान पर नगर पंचायत द्वारा सड़के, नाली, पाईप लाईन व सभी सुविधाएं दी गयी है। वही विद्युत विभाग द्वारा यहां प्रत्येक गली में विद्युत पोल व बिजली की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। बावजूद इसके उक्त स्थान पर इन गरीब लोगों का योजना के तहत आवास बनाने का लाभ देने से वंचित रखा गया है।

ज्ञापन देने वालो में बुच्चा सिंह, रमेश चंद, संदीप, अंकित, सुभाष, मनीष, सतपाल, आशीष, विपिन, सूरज, प्रदीप, मोनू, स्वराज, सुधा, सीमा, संदीपा, हिना, निरमा आदि शामिल रहे।

# आम्बेडकर जयंती पर बाधी में होगा आयोजन

**■ गुरु रविदास मंदिर में करोडों रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यो का होगा लोकार्पण: मुकेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र के गांव बाधी स्थित गुरु रविदास मंदिर परिसर एक ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बनने जा रहा है।

डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर यहां करोड़ों रुपये की लागत से कराए गए विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे शुरू होगा, जिसमें प्रदेश के समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर उद्घाटन करेंगे। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। कार्यक्रम संयोजक मुकेश चौधरी ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक समारोह नहीं, बल्कि बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प है। ग्राम बाधी सहित आसपास के गांवों में कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों के पहुंचने की संभावना है। यह आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करने के साथ क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा।

## आग से बचाव के प्रति जागरुक किया

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अग्निशमन दल ने छात्रों को आग से बचाव और सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। धामपुर से आए अग्निशमन निरीक्षक दीपक चौधरी ने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों और बचाव के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रसोई घर के गैस सिलेंडर में आग लगने या अन्य स्थानों पर लगने वाली आग से निपटने के लिए तैयार करना था। निरीक्षक चौधरी ने विभिन्न प्रकार की आग पर नियंत्रण पाने के व्यावहारिक तरीके बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आग लगने पर घबराना नहीं चाहिए। यदि आग गैस सिलेंडर में लगी हो, तो उसे अग्निशमन यंत्र गीले कपड़े या पानी के तेज बहाव से नियंत्रित किया जा सकता है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया बालाजी जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर में बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ आयोजित के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोग ने प्रसाद ग्रहण किया।

बालाजी धाम में कार्यक्रम का आरंभ जन कल्याण और संकट मोचन यज्ञ से किया गया जिसमें विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। दोपहर में आयोजित भंडारें में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बडी

संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रात: 6 बजे से कतार बद्ध होकर श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया। आठ बजे आयोजित संकट मोचन यज्ञ में पुरोहित रोहित शर्मा द्वारा किए गए मंत्रोच्चारण के साथ महंत सुशील शर्मा सपत्नीक सुनीता शर्मा सहित अनेक परिवारों ने आहुतियां देकर जनकल्याण और विश्व शांति की कामना की। आहूति देने वालों में सभासद आशू गर्ग, प्रदीप गोयल, बलवंत मलिक, प्रखर शर्मा, अरविंद मखीजा, विवेक गर्ग, अनुराग शर्मा, सुनील अग्रवाल आदि शामिल रहे। धर्म ध्वजा पूजन उपरांत दोपहर में भंडारें का आयोजन किया गया। सर्राफा बाजार स्थित सनातन धर्म सभा के पास स्थित शिव-हनुमान मंदिर में भी बाला जी जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया। मंदिर में यज्ञ पं. गौरव शर्मा ने संपन्न कराया।

# स्कूलों की मनमानी के विरोध में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्षेत्र के नागरिकों की तरफ से निजी विद्यालयों एवं पुस्तक विक्रेताओं द्वारा किताबें व ड्रेस खरीदने में की जा रही मनमानी पर रोक लगाने की मांग करते हुए ज्योति किरण चौकी पर एक दिन का धरना दिया गया है।

आसपा के विधानसभा अध्यक्ष विनोद पेगवाल व सुबोध कुमार के नेतृत्व में दर्जन पर कार्यकर्ता शुक्रवार को सुबह लगभग 11 बजे ज्योति किरण चौकी पर पहुंचे तथा नारेबाजी करते हुए वहां धरने पर बैठ गए। विनोद पेगवाल ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों के प्रबंधकों को किताबें तथा अन्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन इसके बावजूद कई विद्यालय आज भी अभिभावकों को महंगी एवं अनावश्यक पुस्तकें




खरीदने के लिए बाध्य कर रहे हैं। वक्ताओं का आरोप है कि एक ही बुक सेलर के यहां स्कूलों द्वारा लिखी गई किताबें उपलब्ध है। सुबोध कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन को सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी का कोर्स उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित करना चाहिए। बाद में थाना फतेहपुर के एसएसआई भूपेंद्र शर्मा से बात. चीत में सभी मांगों को जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के आश्वासन पर धरने को स्थगित कर दिया गया। इस मौके पर भीम आर्मी संस्थापक सदस्य सतीश रावत, संदीप कुमार चिन कुमार एडवोकेट, बंटी रानी औरंगजेब खान बफैसल मिर्जा दिनेश कुमार मोहम्मद सलमान मोहम्मद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# अंबेहटा में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** गुरुवार को नगर में श्री बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

दुर्गा मंदिर बाला जी धाम में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा में बैंड-बाजे की मधुर धुनों के साथ सुंदर झांकियां और बालाजी की आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिन्होंने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। शोभायात्रा के दौरान मुख्य बस स्टैंड पर समिति के सदस्यों ने पूर्व चेयरमैन इनाम साकिर और पूर्व चेयरमैन राज. कुमार खुराना, समाजसेवी अनू ठेकेदार, शादाब,को पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए वापस दुर्गा मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना पुलिस फोर्स और पीएसी बल के साथ मौजूद रहे।इस अवसर पर अमित गुप्ता, नितिन भटनागर,समी जैन,सोनू शर्मा,रवि कश्यप, मनोज गुप्ता,विशाल कश्यप, रवि भटनागर,विकास जांगिड, बारु जांगिड, प्रदीप पांचाल, मोनू भटनागर, राजू रोहिला, कुलदीप रोि. हला, सोनू कश्यप, दिनेश धीमान, राजेंद्र मित्तल, रवि प्रजापत, धर्मेंद्र कोरी, सुभम सिरोही सहित कई समिति सदस्य और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# टॉपर बच्चों को प्रदान की गई ट्रॉफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस एस जूनियर हाई स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भावुक माहौल में हुई, जहां छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विद्यालय के संस्थापक रहे स्वर्गीय मास्टर जमील अहमद को याद करते हुए उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों और उनके उसूलों को याद किया उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई। विद्यालय के संरक्षक एवं केयरटेकर मौलाना राशिद जमाल कघसमी साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुए तालीम की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शिक्षा ही इंसान को सही दिशा देती है और मेहनत, अनुशासन तथा अच्छे संस्कार ही कामयाबी की असली कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे चरित्र, ईमानदारी और समाज के प्रति जिम्मेदारी को भी समझना चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें और देश व समाज के लिए एक अच्छे नागरिक बनें।

**सूचना**

हमने अपनी पुत्री प्राची उर्फ साक्षी सैनी को गलत आचरण व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**बबिता पत्नी अजमेर सिंह व अजमेर सिंह पुत्र प्रभु सिंह निवासी ग्राम नागल राजपूत हाल निवासी मौहल्ला कोटला, गंगोह, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सलमान व पुत्रवधू श्रीमती अफसाना को गलत संगत में पडने व नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**भूरा पुत्र मन्जूर निवासी ग्राम गागलहेडी, बडी मस्जिद के पास, थाना गागलहेडी, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मेरे मुवक्किल नीरज कामरा पुत्र किशन कुमार कामरा व रजनी कामरा पत्नी नीरज कामरा निवासी बेरी बाग थाना जनकपुरी सहारनपुर (यूपी) 247001 के निवासी है। उनका एक बैनामा जिसकी बही संख्या 1 जिल्द सख्या 1925 पृष्ठ संख्या 141 से 172 पर क्रमांक 8255 जो कि दिनांक 28/12/2011 को रजिस्ट्रीकृत हुआ। जो दिनांक 15/02/2026 को वास्तव मे खो गया है जिसका प्रयोग अवैध होगा। अगर किसी को यह बैनामा मिलता है। तो वह 10 दिन के अन्दर सम्पर्क करे।

**रितेश त्यागी (एडवोकेट)**
**चैंबर न.19 सिविल कोर्ट**
**सहारनपुर (यूपी) 247001**
**मोबाइल: 8810002033**

## मन्नतें मांगी

**गंगोह।** बुधवार को ककराली मंदिर परिसर स्थित मां बाला सुंदरी के मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ा कर मनौतियां मांगी।

दुर्गा चर्तुदशी के अवसर पर ककराली मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई थी श्रद्धालुओं ने माता बाला सुंदरी मंदिर में जाकर मां की आराधना कर मन्नतें मांगी। सुबह से दर्शन का चला सिलसिला दिन भर जारी रहा। पुजारी किशोर शर्मा ने बताया कि गर्मी के बावजूद लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा में लगे रहे। बच्चों में खेल-खिलौनों के प्रति आकर्षण दिखा। चाट-पकौडी की दुकानों पर भी भीड़ लगी रही। तडके कार्यक्रम का आरंभ पूजा-पाठ से किया गया। माता का श्रंगार कर चुनरी अर्पण की गई। इससे पूर्व मंदिर पर धर्म ध्वजा स्थापित की गई। इसके बाद मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती चली गई।

# पांच सभासदों को दिलाई शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** सरसावा नगर पालिका परिषद बोर्ड के लिएशासन से नामित सभी पाच सभाससदो को पालि. का अध्यक्ष कोमल पवार ने गोपनीयता की शपथ दिलाई

श्री बनखंडी महादेव मंदिर के सभागार में आयोजित शासन द्वारा नामी सभी पांच नामित सभासदों श्यामलाल धीमान, कुलदीप चौधरी, दीपक गुप्ता, यशपाल सैनी, शिक्षा सिसोदिया को पालिका अध्यक्ष कोमल पवार ने गोपनीयता की शपथ दिलाई इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचे विधायक मुकेश चौधरी ने नामित बोर्ड के सदस्यों को बधाई देते कहां की नगर विकास मे महत्वपूर्ण योगदान देंगे ऐसी आपेक्षा की गई है।

इस मौके पर ईओ राजीव कुमार,भ ाजपा नगराध्यक्ष सागर चौधरी देहात मंडल अध्यक्ष ओमकुमार सैनी, पालि. का अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू पवार, सुशील काबोज, सरंग जैन आदि मौजूद रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया

**गंगोह।** इनर व्हील क्लब द्वारा डीबीएम ऑटोमोटिव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर सभी कर्मचारियों के लिए शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं हीमोग्लोबिन की जांच की गई।

यूनिक लैब के गुरदयाल सैनी एवं उनकी टीम द्वारा कुल 100 महिला व पुरुष कर्मचारियों स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर समय-समय पर जांच के महत्व को समझाया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. वीणा सैनी को रीना गर्ग, रश्मि गोयल, डॉ निर्मल जैन, नीरा शर्मा, सोनिका तायल नमिता सिंघल, डॉ. मनोज जैन, डॉ एस आर सैनी, डॉ. अरुण शर्मा, मुकेश गुप्ता का सहयोग मिला। डीबीएम के एमडी सुभाष सैनी ने इनर व्हील क्लब के प्रयास को सराहते हुए आभार जताया। क्लब अध्यक्ष निशा गुप्ता ने मोमेंट भेंट किए।

# ट्रायल्स में फुटबाल के खिलाड़ियों का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आज अंडर-20 स्वामी विवेकानंद ट्रॉफी (नेशनल) के लिए इंटर रीजनल स्टेट फुटबॉल चौंपियनशिप हेतु सहारनपुर टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में लगभग 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें सहारनपुर के विभिन्न स्कूलों के साथ-साथ शामली, मुजफ्फरनगर और देवबंद जिले के खिलाड़ी भी शामिल रहे।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड में सहारनपुर फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी समीर खान ने बताया कि चयनित टीम 12 अप्रैल को मुरादाबाद के लिए रवाना होगी तथा टीम की चयनित सूची 11 अप्रैल को जारी की जाएगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि खिलाड़ियों का चयन उनकी फिटनेस (फिजिकल) और खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जिसमें से 16 खिलाड़ी सहारनपुर टीम का प्रति. निधित्व करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य चयनकर्ता आशुतोष कुमार (राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी), मोहम्मद अकरम (राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी), कोच स्प्रिंग डेल, जाकिर अंसारी (इंडसइंड बैंक के हब मैनेजर), मोहम्मद तैय्यब , यशपाल , मोहम्मद अली खान, दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आदेश सिसोदिया एवं मैनेजर जावेद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** पेंठ बाजार स्थित मां काली मंदिर के स्थापना दिवस पर यज्ञ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्व कल्याण की कामना मां दुर्गा से की गई।

मंदिर के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित यज्ञ में अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ की संपूर्ण आहुति के बाद विश्व के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई तथा दुनिया को समृद्ध व खुशहाल बनाने की प्रार्थना की गई। यज्ञ के यजमान पंडित शशी कांत शर्मा रहे जबकि यज्ञ पं. सागर कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। इससे पूर्व प्रात काल के पूजन के बाद माता का श्रंगार कर वस्त्र बदले गए।

यज्ञ में पुजारी सूर्य कांत शर्मा, गौरव शर्मा, सचिन शर्मा, गोपाल शर्मा, अजय शर्मा, देवी चंद पांचाल, अनिल कश्यप, आदित्य, आशुतोष, अग्रज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चेन्नई ने पंजाब को जीतने के लिए 210 का टारगेट दिया

### आयुष म्हात्रे की फिफ्टी, सरफराज ने 32, दुबे ने 45 रन बनाए, वैशाख ने लिए 2 विकेट

**चेन्नई, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 210 रन का टारगेट दिया। चेपाक स्टेडियम में शुक्रवार को पीबीएसके ने बालिंग चुनी। सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। आयुष म्हात्रे ने 73, शिवम दुबे ने 45 और सरफराज खान ने 32 रन बनाए।

विजयकुमार वैशाख को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सीएसके ने 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए। शिवम दुबे ने आखिरी 2 गेंद पर 2 चौके लगाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने 45 रन बनाए। उनके सामने प्रशांत वीर 6 रन बनाकर नाटआउट लौटे। 19 ओवर में चेन्नई ने 9 विकेट के नुकसान पर 195 रन बना लिए। प्रशांत वीर और शिवम दुबे नाटआउट रहे। 17वें ओवर में चेन्नई ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल विजयकुमार वैशाख ने गुड लेंथ पर लेग कटर फेंकी। सरफराज बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन मिड आन पर नेहल वाधोरा के हाथों कैच हो गए। उन्होंने 12 गेंद पर 32 रन बनाए। चेन्नई ने 16वें ओवर में 150 रन पूरे कर लिए। सरफराज खान ने जैवियर बार्टलेट के खिलाफ छक्का लगाया और टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। शिवम दुबे भी पिच पर मौजूद रहे। 14वें ओवर में चेन्नई ने चौथा विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल मार्को यानसन ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। गेंद कार्तिक शर्मा के पैड्स पर लगी। पीबीएसके ने पगबाधा आउट की अपील की, लेकिन अंपायर ने आउट नहीं दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिव्यू लिया, रिप्ले में कार्तिक आउट नजर आए। वे 1 रन ही बना सके। यह मैच में यानसन का पहला ही विकेट रहा। 13वें ओवर में चेन्नई ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल विजयकुमार वैशाख ने ऑफ स्टंप के बाहर यार्कर फेंकी। आयुष म्हात्रे ने शाट खेला, लेकिन शार्ट थर्ड मैन पोजिशन पर युजवेंद्र चहल के हाथों कैच हो गए। म्हात्रे ने 73 रन बनाए। 12वें ओवर में चेन्नई ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की पहली बाल युजवेंद्र चहल ने लेग स्टंप की ओर गुड लेंथ पर फेंकी। ऋतुराज गायकवाड ने शाट खेला, लेकिन लान्ग लेग पोजिशन पर कैच हो गए। गायकवाड ने 28 रन बनाए। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ 96 रन की पार्टनरशिप की।



# मेरे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठाने वाले लोग मुझसे जलते हैं: रहाणे

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 65 रनों के बड़े अंतर से हार झेलनी पड़ी है। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस (एमआई) के बाद यह उनकी लगातार दूसरी शिकस्त है। इन दोनों ही मैचों के बाद कप्तान अजिंक्य रहाणे एक शब्द का बार-बार प्रयोग कर रहे हैं - 'टीम संतुलन'।

हालांकि एसआरएच के खिलाफ मिली हार ने साफ कर दिया है कि समस्या सिर्फ चोटिल गेंदबाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि केकेआर के मध्यक्रम में भी कुछ समस्याएं हैं। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रहाणे ने एसआरएच के खिलाफ मिली हार का एक प्रमुख कारण बीच के ओवरों में साझेदारी न बन पाना बताया। उन्होंने कहा, ष्आज की विकेट बल्लेबाजी के लिए मुफीद थी, लेकिन हमारी बल्लेबाजी में वह लय नजर नहीं आई। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने के लिए हमें और बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत थी। बीच के ओवरों में हम साझेदारी नहीं कर सके, जबकि जरूरत यह थी कि कुछ बड़ी साझेदारियां हों और खेल को अंत तक ले जाया जाए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में भी केकेआर ने बीच के ओवरों में ही मोमेंटम गंवाया था। उस मैच में केकेआर ने 10 ओवर में 120 रन बना दिए थे, लेकिन अगले 10 ओवरों में टीम सिर्फ 102 रन ही जोड़ सकी।



एसआरएच के खिलाफ भी कहानी लगभग वही रही। शुरुआती पांच ओवर में 67 रन ठोकने के बावजूद टीम उस रफ्तार को बरकरार नहीं रख पाई। इस मैच में रहाणे ने खुद 10 गेंदों पर महज 8 रन बनाए, जिसके बाद उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठना लाजमी था। हालांकि, आमतौर पर शांत रहने वाले रहाणे ने इस बार जवाब थोड़ा अलग तरीके से दिया। उन्होंने कहा कि 2023 के बाद से पावरप्ले में मेरा स्ट्राइक रेट बेहतरीन रहा है। (552 रन, 167-78 की स्ट्राइक रेट, 69 का औसत) जो लोग मेरे खेल या स्ट्राइक रेट पर बात कर रहे हैं।

**खेल विशेष**

### निकहत, प्रिया और प्रीति सेमीफाइनल में, भारत के तीन पदक पक्के

**उलानबटार, वार्ता।** मंगोलिया के उलानबटार में एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 के पांचवें दिन, निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिससे भारत के तीन पदक पक्के हो गए हैं। भारतीय अभियान की अगुवाई करते हुए, निकहत जरीन महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पूरी तरह से हावी रहीं। उन्होंने अपने दबदबे भरे प्रदर्शन में पहले ही राउंड में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) के आधार पर फिलीपींस की जियान बागहिन को हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना अब तक की सबसे कठिन चुनौती से होगा, जब वे चीन की वू यू (पेरिस 2024 ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता) के खिलाफ रिंग में उतरेंगी।

### बॉल टैंपरिंग के खिलाफ फखर जमां की अपील खारिज, दो मैचों का प्रतिबंध बरकरार

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स के बल्लेबाज फखर जमान 3 अप्रैल को मुल्तान सुल्तांस और 9 अप्रैल को इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले मैचों में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि पीएसएल टेक्निकल कमेटी ने मैच रेफरी रोशन महानामा द्वारा लगाए गए दो मैचों के प्रतिबंध को बरकरार रखा है। यह सजा गेंद की स्थिति में बदलाव (बॉल टैंपरिग) के कारण उन्हें दी गई थी। फखर ने इस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जो पीएसएल के कोड ऑफ कंडक्ट के तहत उनका अधिकार है। महानामा ने 2026 सीजन में उनके पहले लेवल-3 अपराध के लिए अधिकतम सजा सुनाई थी। फखर ने इस आरोप को चुनौती दी थी, जिसकी सुनवाई के बाद यह फैसला लिया गया। पीएसएल के नियमों के अनुसार, पहली बार लेवल-3 अपराध के लिए खिलाड़ी को कम से कम एक मैच और अधिकतम दो मैचों का निलंबन दिया जा सकता है।

# रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर बार्सिलोना सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को दूसरे लेग में अपने घरेलू मैदान पर रियल मैड्रिड को 6-0 से रौंदकर महिला चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कैंप नोउ में 60,000 से ज्यादा फैन्स ने बार्सिलोना का दबदबा देखा। यह मुकाबला पहले लेग में ही 6-2 की जीत के साथ लगभग तय हो चुका था, जो बार्सिलोना ने रियल मैड्रिड के घरेलू मैदान पर हासिल की थी।

क्लब के लिए अपना 500वां मैच खेल रहीं अलेक्सिया पुटेलस ने आठवें मिनट में पहला गोल किया। उन्होंने यह गोल तब किया जब मीसा रोड्रिग ने इवा पाजोर के शुरुआती शॉट को रोक दिया था। इसके बाद पुटेलस ने 15वें मिनट में कैरोलिन ग्राहम हानसेन को उनके दो गोलों में से पहला गोल करने में मदद की। फिर 27वें मिनट में इरीन परेडेस ने एक कॉर्नर किक पर हेडर से गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। 34वें मिनट में विक्की लोपेघ ने पाजोर को क्रॉस दिया, जिस पर पाजोर ने फार पोस्ट पर बार्सिलोना का चौथा गोल किया। इस तरह मेजबान टीम ने अपनी आक्रामक 'हाई प्रेस' रणनीति से रियल मैड्रिड को पूरी तरह से पछाड़ दिया। दूसरे हाफ के 10 मिनट बाद पुटेलस और ग्राहम हानसेन ने मिलकर पांचवां गोल किया।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली का लक्ष्य इतिहास बदलना

### दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस एक बार फिर शनिवार को आमने-सामने होंगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक जानी-पहचानी कहानी की तरह, जो थोड़े-बहुत बदलावों के साथ खुद को दोहराती रहती है, दिल्ली कैपिटल्स एक बार फिर मुंबई इंडियंस के आमने-सामने होगी। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का यह शनिवार का दिन का मैच बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है, लेकिन साथ ही इसमें एकतरफा मुकाबले की झलक भी दिख सकती है, क्योंकि दोनों टीमें इस सीजन में अपनी दूसरी जीत की तलाश में हैं।

दिल्ली, लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत के बाद इस मैच में उतर रही है। इस जीत से टीम को हौसला तो मिला है, लेकिन उनकी बैटिंग लाइन-अप के ऊपरी क्रम में जो पुरानी चिंताएं बनी हुई हैं, वे अभी पूरी तरह से दूर नहीं हुई हैं। दूसरी ओर, मुंबई ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर आसान जीत के साथ अपनी लय वापस पा ली है। उन्होंने सबको यह याद दिला दिया है कि इतिहास की तरह ही, अच्छी फॉर्म भी अक्सर जानी-पहचानी टीमों का ही साथ देती है। अक्षर पटेल की कप्तानी में, दिल्ली ने एक खास संतुलन दिखाया है, खासकर अपनी बॉलिंग और निचले मध्य क्रम में। हालांकि, उनका ऊपरी क्रम (टॉप ऑर्डर) अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। केएल राहुल और पथुम निसांका-जो बड़े नाम हैं और जिनसे काफी उम्मीदें हैं-पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। इसके चलते टीम को एक मजबूत आधार (प्लेटफॉर्म) बनाने के बजाय, मुश्किल हालात से निकालने वाले प्रदर्शनों पर निर्भर रहना पड़ा। समीर रिजवी के हालिया अर्धशतक ने टीम को कुछ हद तक राहत दी है। वहीं, नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी भी मौके का इंतजार कर रहे हैं, ताकि पारी की जरूरत के हिंसाब से वे या तो पारी को संभाल सकें या फिर उसे मुश्किल से बाहर निकाल सकें। इसके विपरीत, उनकी बॉलिंग यूनिट ज्यादा आत्मविश्वास से भरी नजर आती है। लुंगी एनगिडी, मुकेश कुमार, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और टी- नटराजन की यह टीम तेज गेंदबाजी, स्पिन और विविधता का ऐसा मिश्रण पेश करती है, जो किसी भी मजबूत से मजबूत बैटिंग लाइन-अप को मुश्किल में डाल सकता है। एनगिडी की शुरुआती विकेट लेने की काबिलियत और कुलदीप का बीच के ओवरों में गेंद पर नियंत्रण-ए दोनों ही बातें यह तय कर सकती हैं कि मुंबई की बैटिंग को रोका जा सकेगा या फिर उसे खुलकर खेलने का मौका मिलेगा। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में, मुंबई एक ऐसे शांत आत्मविश्वास के साथ खेल रही है, जो अब उनकी आदत सी बन गई है। दिल्ली के खिलाफ उनका रिकॉर्ड-पिछले छह मुकाबलों में पांच जीत-महज एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि यह उस मनोवैज्ञानिक बढ़त की याद दिलाता है, जो समय के साथ और भी मजबूत होती गई है। उनकी बैटिंग लाइन-अप, जिसने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन किया था, अभी भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। ऊपरी क्रम में, रयान रिकेटन और रोहित शर्मा की जोड़ी आक्रामकता और स्थिरता-दोनों का ही बेहतरीन तालमेल पेश करती है। ए दोनों ही खिलाड़ी बड़े स्कोर खड़ा करने या फिर बड़े लक्ष्यों का पीछा करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। मिडिल ऑर्डर, जिसमें सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या शामिल हैं, टीम को न सिर्फ अंदाज देता है, बल्कि गहराई भी देता है।

# वैभव सूर्यवंशी को रोकना होगी गुजरात की प्राथमिकता

**अहमदाबाद, वार्ता।** मात्र 15 साल की उम्र में अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा रहे युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रोकना गुजरात टाइटंस की पहली प्राथमिकता होगी जब उसका शनिवार को राजस्थान रॉयल्स से मुकाबला होगा। अहमदाबाद ने कई शानदार मैच देखे हैं, लेकिन आईपीएल की हर शाम एक नई दुल्हन की तरह उम्मीद और एक पुराने जुआरी की तरह अनिश्चितता लेकर आती है।

शनिवार को, नरेंद्र मोदी स्टेडियम गुजरात टाइटन्स और राजस्थान रॉयल्स की मेजबानी करेगा, ए दो टीमें हैं जिन्होंने अपने 2026 के अभियान की शुरुआत बहुत अलग-अलग तरीकों से की है, फिर भी वे यहां अपनी अहमियत और लय के लिए बराबर बेताब हैं। गुजरात थोड़ी लड़खड़ाती हुई उतरी, अपने शुरुआती मुकाबले में मामूली स्कोर बनाने के बाद लड़खड़ा गई थी, जिसे उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। टॉप ऑर्डर पर एक जानी-पहचानी निर्भरता है - साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर - तीन नाम जो बराबर उम्मीद और दबाव दोनों रखते हैं। सुदर्शन, जो अपने पिछले सीजन में शानदार और प्रोडक्टिव रहे थे, अब सहजता की तलाश में हैं। गिल, जो ज्यादातर विरोधियों के खिलाफ भरोसेमंद हैं, राजस्थान के खिलाफ उनका औसत ठीक-ठाक है और उनसे आगे बढ़कर लीड करने की उम्मीद की जाएगी। बटलर, जो कभी टीम को बर्बाद करने वाले खिलाड़ी थे, आजकल ऐसे लग रहे हैं जैसे कोई बंद मैच को खोलने के बजाय खोई हुई चाबी ढूंढने की कोशिश कर रहा हो। मिडिल ऑर्डर, जैसा कि अक्सर कई मॉडर्न टीमों के साथ होता है, भरोसेमंद होने के बजाय ज्यादा सजावटी लगता है। वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान भरोसे के बजाय ऑप्शन देते हैं। हालांकि, फिलिप्स की पहचान एक ऐसे खिलाड़ी की बनी हुई है जो शांत ओवर को शोरगुल वाले ओवर में बदल सकता है। इसके उलट, गुजरात की बॉलिंग ज्यादा सधी हुई दिखती है। राशिद खान उनके ताबीज बने हुए हैं।



# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।

# कोमालिका बारी और अर्जुन खारा ने जीते स्वर्ण पदक

**रायपुर, वार्ता।** पूर्व विश्व जूनियर चैंपियन झारखंड की कोमालिका बारी ने अपने मिक्स्ड टीम खिताब के बाद महिला रिकर्व तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि ओडिशा के अर्जुन खारा ने पुरुष रिकर्व वर्ग में स्वर्ण अपने नाम किया। हालांकि, इन उपलब्धियों के बावजूद अंतिम दिन कर्नाटक को पदक तालिका के शीर्ष स्थान से हटाया नहीं जा सका और वह उद्घाटन खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में शीर्ष पर बना रहा।

टूर्नामेंट के इस संस्करण में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 3,800 खिलाड़ियों ने नौ खेल विधाओं में प्रतिस्पर्धा की। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर थे, जबकि मल्लखंभ और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल प्रदर्शन (डेमोंस्ट्रेशन) खेलों के रूप में शामिल थे। इन 106 स्वर्ण पदकों में से कर्नाटक ने 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। ओडिशा 21 स्वर्ण, 15 रजत और 21 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा और 57 पदकों के साथ 50 से अधिक पदक जीतने वाला एकमात्र दल बना। झारखंड 16 स्वर्ण, 8 रजत और 11 कांस्य पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मेजबान छत्तीसगढ़ ने भी जनजातीय समुदाय की खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 10 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर नौवां स्थान हासिल किया। छत्तीसगढ़ का आखिरी पदक पुरुष फुटबॉल में रजत के रूप में आया, जब वे फाइनल में पश्चिम बंगाल से 0-1 से हार गए। ओवरऑल चैंपियन कर्नाटक ने पहले ही दिन से पदक तालिका में बढ़त बना ली थी, खासकर तैराकी में दबदबा बनाते हुए उन्होंने 15 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा एथलेटिक्स में 5 और कुश्ती में 3 स्वर्ण पदक जोड़कर उन्होंने सुनिश्चित किया कि ओडिशा और झारखंड उनसे आगे न निकल सकें। कर्नाटक के मणिकांत एल 8 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ खेलों के सबसे सफल खिलाड़ी रहे, जबकि उनके साथी धोनिश एन ने तैराकी में 5 स्वर्ण और 1 रजत पदक जीते। महिला वर्ग में ओडिशा की तैराक अंजलि मुंडा ने 5 स्वर्ण पदक जीते, जबकि कर्नाटक की मेघांजलि ने 4 स्वर्ण और 2 कांस्य पदक अपने नाम किए। ओडिशा एकमात्र ऐसा दल रहा जिसने सभी छह खेल विधाओं में कम से कम एक स्वर्ण पदक जीता, जिसमें एथलेटिक्स में 8 और तैराकी में 7 स्वर्ण शामिल हैं।

### मेघालय ने 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारियां तेज कीं

**शिलांग, वार्ता।** खेल एवं युवा मामलों के आयुक्त और सचिव डा. विजय कुमार डी- ने बताया कि मेघालय सरकार ने 2027 में राज्य में आयोजित होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं और अब पूरे राज्य में टीमों को प्रशिक्षण की गतिविधियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। डा. कुमार डी- ने कहा कि मेघालय को खेलों की महाशक्ति बनाने के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य, खेल बुनियादी ढांचे, एथलीटों के विकास और युवाओं की भागीदारी में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है। डा. कुमार डी-ने बताया कि विभिन्न खेलों में टीमों की तैयारी और एथलीटों के विकास को बढ़ावा देने के लिए 27 राज्य खेल संघों को प्रथम चरण के रूप में 40 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण के मूल में सरकार का भरोसे पर आधारित मॉडल है।

# रात में मछुआरे का काम करने वाले अब्दुल फताह लंबी ने कूद में जीता स्वर्ण पदक

**जगदलपुर, वार्ता।** अब्दुल फताह ज्यादातर रातों को समुद्र में होते हैं, जहां वे मछुआरे बनकर अपने परिवार की रोजी-रोटी कमाने में मदद करते हैं। जैसे ही सुबह होती है, वे सीधे ट्रेनिंग ग्राउंड की ओर निकल पड़ते हैं और एक एक अलग सपने का पीछा करते हुए लक्षद्वीप को 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स' 2026 में पहला पदक दिलाया।

कवरत्ती और कदमत द्वीपों के बीच स्थित, दूरदराज के अमीनी द्वीप जो लगभग 2-7 किमी लंबा और 1-2 किमी चौड़ा है, और जिसका कुल भू-क्षेत्रफल 2-60 वर्ग किमी है के 18 वर्षीय लॉन्ग जम्पर ने अब्दुल फताह ने जगदलपुर के क्रीड़ा परिसर मैदान में 7-03 मीटर की अपनी करियर की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। यह इस छोटे से केंद्र शासित प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। केंद्र शासित प्रदेश के खेल अधिकारी अहमद जावेद हसन ने मुस्कुराते हुए कहा, ष्वह लक्षद्वीप के पहले ऐसे एथलीट हैं जिन्होंने 7 मीटर की दूरी पार की है और यह वाकई एक खास बात है। मछुआरे परिवार में जन्मे फताह भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं और घर की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं। 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद, आर्थिक तंगी के कारण उन्हें अपनी पढ़ाई बीच में ही रोकनी पड़ी। इसके बजाय, उन्होंने अपने पिता के पारिवारिक व्यवसाय में हाथ बंटाने और खेल को अपने जुनून के तौर पर अपनाने का फैसला किया। फताह ने कहा कि कोई और चारा नहीं है, आपको चीजों में संतुलन बनाना ही पड़ता है। जब मैं स्कूल में था, तभी से मैं अपने पिता की मछली पकड़ने के काम में मदद करता आ रहा हूं। यही हमारी आमदनी का एकमात्र जरिया है। हमारे परिवार में छह लोग हैं। सुबह मैं अपनी ट्रेनिंग के लिए जाता हूं, मेरे परिवार को इस बारे में पता है, भले ही वे इस खेल के बारे में बहुत कम समझते हों। दिलचस्प बात यह है कि एथलेटिक्स उनका पहला प्यार नहीं था। फताह शुरू में फुटबॉल खेलते थे, जैसा कि द्वीप के कई दूसरे युवा करते थे। हालांकि, कुछ साल पहले एक स्थानीय इंटर-आइलैंड प्रतियोगिता के दौरान उनकी यात्रा में एक अहम मोड़ आया। कोच मोहम्मद कासिम ने इस युवा की दौड़ने की जबरदस्त काबिलियत को पहचाना और उन्हें एथलेटिक्स में आने का सुझाव दिया। तब से, फताह ने लॉन्ग जंप और 100-मीटर स्प्रिंट में ट्रेनिंग शुरू कर दी। लगभग उसी समय, अमिनी एथलेटिक्स एसोसिएशन का गठन होने लगा, जिससे इस क्षेत्र में खेलों के विकास को एक सही ढांचा मिला।



# परिक्षेत्र में कानून व्यवस्था रहे चाक चौबंदः अभिषेक सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने परिक्षेत्र के तीनों जिलों के पुलिस अधिकारियों के साथ ऑन लाइन बैठक कर डा. भीमराव अंबेडकर जयंती और वीआईपी आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिये।



डीआईजी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी लाइन एवं प्रतिसार निरीक्षकों से आगामी कार्यक्रमों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की।विशेष रूप से अम्बेडकर जयंती के अवसर पर पुलिस फोर्स के समुचित आवंटन तथा विगत वर्षों में लगाए गए फोर्स के विवरण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विगत वर्षो मे तथा भविष्य में वीवीआईपी, वीआईपी भ्रमण कार्यक्रमों के दृष्टिगत फोर्स आवंटन की समीक्षा की तथा पूर्व वर्षों के अनुभवों के आधार पर प्रभावी रणनीति तैयार करने पर बल दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी आयोजनों एवं संभावित महानुभावों के भ्रमण कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखें तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे।

# प्रभु यीशू के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर के सभी गिरजाघरों में गुड फ्राइडे मनाकर प्रभु यीशू मसीह के संदेशो को अंगीकार करने का आहवान किया गया। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थनाएं भी की गई।

सेक्रेट हार्ट चर्च के दोनों फादर ने प्रार्थना सभा की और गिरजाघर के प्रांगण में यीशु मसीह पर आधारित नाट्य रूपांतरण किया। जिसमें यीशु मसीह के जैसे वस्त्र पहन कर एक युवा को और युवा के साथ सिपाही हाथ में चाबुक लेकर चल रहे थे इसे देखकर लोग भावुक हो गए फादर जॉन चिमन ने बताया आज के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था और फादर ने बताया ईसा मसीह जानते थे कि मैं संसार में किस काम के लिए आया हूं। ईसा मसीह की उम्र 33 से 34 साल की थी और उन्होंने लोगों को बीमारियों से छुटकारा दिलाया अंधों को आंखें और बुरी आत्माएं, मुर्दों को जिंदा किया और भी कई बड़े-बड़े उन्होंने कार्य किया और हमें पापों से छुटकारा दिलाने के लिए वह हंसते-हंसते सूली पर चढ़ गए। सूली पर भी चढ़ने के बाद




उन्होंने प्रार्थना की जो लोग उन्हें सूली पर चढ़ा रहे हैं वह नहीं जानते वह क्या कर रहे हैं उन्हें भी उन्होंने क्षमा किया। पादरी सोलोमन सिंह ने भी प्रार्थना की और लोगों को ईसा मसीह के बारे में उपदेश दिया और उन्होंने बताया ईसा मसीह के बड़े-बड़े चमत्कार किए और एक बार एक लाजार नाम के व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी वहां पर उसकी मां रो रही थी ईसा मसीह वहां से निकल रहे थे उन्होंने उस मरे व्यक्ति से कहा लाजार खड़ा हो जा और वह जिंदा हो गया।

इस मौके पर फादर संत टियागो, सिस्टर शीला सोलंकी, सिस्टर जीवन लता, सिस्टर उषा, अर्चना जॉय, एवलिन मेसी, माइकल सोलोमन, मास्टर अजय, जीनत, रेशु, अनुष्का,अनु विलियम, नीरज जॉय, लुइजा, सुनीता, मधु, दिलीप, सरोज मसीही, सागर आदि मौजूद रहे।

## साइबर ठगी की रकम कराई वापस

सहारनपुर। थाना कुतुबशेर की साइबर पुलिस ने ऑनलाईन ठगी के शिकार पीड़ित के खाते में ठगे गए 3 हजार रूपए वापए कराए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को वादी मुमत्याज पुत्र नफीस अहमद निवासी भाऊपुर नल्हेड़ा बक्कार थाना कुतुबशेर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात ठग ने धोखाधड़ी से तीन हजार रूपए ऑनलाईन ठग लिए हैं। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज थाने साइबर टीम ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, निरीक्षक कंवरपाल, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार व उपनिरीक्षक सुधा त्यागी के नेतृत्व में साइबर हेल्प डेस्ट टीम ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए फ्रॉड में ठगी गई धनराशि 3 हजार रूपए पीड़ित के खाते में वापस करा दिए।

# पूर्व सांसद प्रदीप ने किया बालाजी संध्या का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। श्री बाला जी संकट मोचन सेवा समिति के तत्वाधान में बाला जी जन्मोत्सव पर बाला जी संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम गुरुवार सुबह तक चला जिसमें श्रोताओं की भारी भीड़ सुबह तक बैठी रही।

कार्यक्रम की शुरूआत पूजन से की गई। समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पत्नी सुनीता देवी व सदस्यों ने श्रद्धा भाव से पूजन कराया। पूजन पंडित रोहित शर्मा ने संपन्न कराया। उद्घाटन ज्योति प्रज्ज्वलित कर पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी व कुवर शेखर विजेंद्र ने किया।

आशू गोयल गाजियाबाद, विधायक योगेंद्र राणा असंध करनाल, प्रदीप बंसल करनाल, आदेश गर्ग, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, अरविंद कपूर आदि ने इस आयोजन में शामिल होकर भगवान की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का संचालन श्रवण शर्मा ने किया। बाला जी स्तुति से गणेश व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाहर से आए गायकों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम गुरुवार सुबह तक चला जिसमें श्रोताओं की भारी भीड़ सुबह तक बैठी रही।

## हादसाः 20 फीट नीचे खेत में गिरी कार

शाह टाइम्स संवाददाता

अफजलगढ़। समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध मोड़ पर एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में गिरकर पलट गई, जिसमें बैठे चालक सहित सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। हरियाणा प्रदेश के जनपद रोहतक से रामनगर (उत्तराखंड) जा रही एक अर्टिका कार आज प्रातः मानियावाला स्थित बनैली नदी पुल के तटबंध के तीव्र मोड़ पर अनियंत्रित होकर लगभग 20 फीट नीचे खेत में जाकर पलट गई। कार को सोनू (32 वर्ष) पुत्र रामकुमार निवासी ग्राम चरणवास थाना कलानौर जनपद हिसार (हरियाणा) चल रहा था। कार में खेमचंद (40 वर्ष) पुत्र श्रीराम, जगदीश (40 वर्ष) पुत्र धनीराम, योगेश (17 वर्ष) पुत्र प्रेम प्रकाश, दयाल (55 वर्ष) पुत्र श्रीराम, गिरधारी (50 वर्ष) पुत्र धर्मराज, आनंद (52 वर्ष) पुत्र धनीराम निवासी ग्राम मिताल घाट जनपद नैनीताल (उत्तराखंड) सवार थे। यात्रियों के मुताबिक मोड़ तीव्र होने के कारण चालक कर पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेतों में जाकर पलट गई। कार में सवार सभी यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

# नवनिर्वाचित बार काउंसिल सदस्यों को दिया सहारनपुर आने का निमंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। राष्ट्रीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व संयुक्त सचिव सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन जमाल साबरी एडवोकेट ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ नवनिर्वाचित सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तराखंड व उनकी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी।

जमाल साबरी अपने साथियों जुबैर अली एडवोकेट, पुष्पेन्द्र कुमार एडवोकेट, रूमन लाम्बा एडवोकेट, मेघा तेश्वर एडवोकेट, हसरत एडवोकेट, हसीन एडवोकेट के साथ देहरादून पहुंचे और पूर्व चैयरमैन एव नवनिर्वाचित सदस्या



बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तराखंड रजिया बेग एडवोकेट एवं पूर्व चैयरमेन व नवनिर्वाचित सदस्य बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तराखंड राकेश गुप्ता एडवोकेट को मिल कर शुभकामनाएं दी। जमाल साबरी एडवोकेट ने उन्हें सहारनपुर आने का निमंत्रण भी दिया गया।

## मोबाइल फोन बैट्री सहित दो चोर पकड़े

चिलकाना। थाना पुलिस टीम ने चोरी की दो घटनाओ का खुलासा करते हुए घटना में शामिल रहे दो शातिर आरोपी चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी गये 2 मोबाईल फोन, मोटरसाईकिल की 2 बैटरी एंव घटना में प्रयुक्त 1 सरिया बरामद भी बरामद किया गया। ज्ञात हो कि अज्ञात चोरों ने 24 व 30 मार्च को साईफन पुलिया के निकट दो अलग अलग दुकानो को अपना निशाना बनाया था। जहां एक दुकान से दो मोबाईल फोन चोरी किये गए थे। वहीं दूसरी दुकान से बाईक एलॉय व्हील तथा दो बैटरियां उड़ा ली गई थी। पीड़ित दुकानदार शाकिब पुत्र अफजाल निवासी ग्राम मनोहरपुर तथा आमिर पुत्र यूनुस निवासी ग्राम बुड्ढा खेड़ा थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने पश्चात पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुट गई थी।

थाना प्रभारी एएसपी थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गस्त तथा चौकिंग के दौरान चोरी की दोनो घटनाओं का खुलासा करते हुए शातिर आरोपी चोर शम्सु पुत्र हामिद निवासी मोहल्ला भावा सराय खुमरान पुल थाना कोतवाली नगर सहारनपुर व सलमान पुत्र इस्लाम निवासी मोहल्ला चौधरी विहार थाना कोतवाली देहात सहारनपुर को चिलकाना में टीवीएस एजेन्सी के निकट सुल्तानपुर जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन मकान के समीप से गिरफ्तार किया है।

# सेंट थॉमस चर्च में मनाया गया गुड फ्राइडे

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सेंट थॉमस चर्च में गुड फ्राइडे की आराधना का आयोजन किया गया जिसमें यीशु मसीह के संसार के पाप को मिटाने के लिए क्रूस पर किये गये बलिदान को याद किया।

आराधना का संचालन फादर संजय एबल सिंह ने किया। उन्होने बाईबल में से क्रूस पर से यीशु के द्वारा कहें गये सात वचनों पर मनन किया और बताया कि यीशु मसीह ने सम्पूर्ण मानव जाति को मोक्ष प्रदान करने एवं स्वर्ग के बंद द्वार को उन सभी के लिए खोलने के लिए जो यीशु के सलीबी बलिदान पर विश्वास करते है अपने आप को सलीब पर बलिदान कर दिया । उन्होंने क्षमा, प्रेम और मानवता के लिए बलिदान की बहुत बड़ी मिसाल को समस्त मानव जाति के समक्ष रखा। फादर डैनियल मसीह ने यीशु के क्षमा के संदेश को स्वीकार करने का लोगो से आव्हान किया कि हम स्वयं के जीवन को जांचे कि क्या हम क्षमा के भाव को अपने जीवन में अपनाते हैं। आज संसार की सबसे बड़ी आवश्यक्ता क्षमा है। बैरभाव सभी में सामान्य है। परन्तु प्रेम और क्षमा वह भाव है जो सामान्य व्यक्ति के लिए बहुत कठिन है। उसके लिए ईश्वरीय हृदय की आवश्यक्ता होती है, और



इस संसार मे विशिष्ट गुणों को जो यीशु ने मानव रूप में आ कर उद्हारण स्वरूप हमारे समक्ष रखे, अपनाने की आवश्यक्ता है।

उन्होंने बताया कि क्रूस पर कही की सात वाणियाँ यीशु के स्वभाव, जिम्मेदारी के भाव, आज्ञाकरिता, क्षमा, प्रेम, बलीदानी स्वभाव, और समर्पण को दर्शाती है। इस आराधना मे सभी ने यीशु की महीमा मे क्रूस के गीतो को गया और यीशु के स्वभाव को अपने अंदर समाहित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर अभित सेन, अरुण, डैनिस, प्रिंस, अमित कुमार, मून, डौमिनिक और अनीशा श्रीमति फिबे मसीह, अक्शा, सिंथिया, जिनी, द्विया, मैरी, नीलम, अनीता, रितू, रोशना, कुमार मौजूद रहे।

## जानलेवा हमला करने के छह फरार आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। थाना पुलिस टीम ने दबंगो द्वारा एक राय होकर पीड़ित के घर मे घुसकर जानलेवा हमला कर तीन लोगों को गम्भीर रुप से घायल करने के मामले में छह फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात हो कि बुधवार को ग्राम बुड्ढाखेडा में रात्रि के समय मस्जिद में अजान देने को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षो में मामूली कहासुनी हो गई। आरोप था कि इसी कहासुनी से गुस्साए एक पक्ष के लोगों द्वारा एक राय होकर दूसरे पक्ष के घर मे घुसकर मारपीट की गई। बृहस्पतिवार को पीड़ित जहाँगीर पुत्र रिजवान निवासी ग्राम बुड़ाखेड़ा की ओर से मिली तहरीर पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला तथा जान से मारने की धमकी देने आदि के सम्बन्ध में संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद थाना प्रभारी एएसपी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उपरोक्त मामले छह फरार आरोपीयों साजिद पुत्र अब्दुल समद, नदीम पुत्र अहद, बब्बल उर्फ तजम्मुल हुसैन पुत्र इम्तियाज, सफाकत पुत्र शकील अमहद, हैदर पुत्र अहद तथा वसीम पुत्र अहद निवासीगण ग्राम बुड्ध्ढाखेडा थाना चिलकाना को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लाठी व डंडे भी बरामद किए हैं।

# टाइफाइड में बरतें सावधानीः डा.मिगलानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। नगर के प्रख्यात चिकित्सक डा.संजीव मिगलानी ने कहा कि टायफाइड एक गंभीर बीमारी है और यदि इसका समय से इलाज न कराया जाये तो मरीज की जान भी जा सकती है। डा.मिगलानी ने कहा कि टाइफाईड आजकल भारत, नेपाल, बाग्लादेश और भूटान में बुखार का मुख्य कारण है। आजकल जो टाइफाईड फैल रहा है वह ज्यादातर एम. डी. आर. टाइफाईड है। यदि टाइफाईड का सम से इलाज ना किया जाए तो 8 प्रतिशत लोग अपनी जान से चले जाते है। उन्होनें बताया कि तेज बुखार, सिर दर्द, मासपेशियो में दर्द इसके मुख्य लक्षण है। इसमें कई मरीजों में यह बुखार 24 घण्टे रहता



है। जिसके चलते पेट में दर्द, डायरिया, कब्ज, आंतो का फुट जाना, लीवर तिल्ली का बढ़ जाना, बुखार का दिमाग में चढकर बेहोशी और दौरे पडना, कई मरीजो के पेट पर लाल दाने पड जाना, लीवर और

**कहा-समय से इलाज न मिलने पर आठ प्रतिशत गंवाते हैं अपनी जान**

गुर्दे का लेट स्टेज में फेल हो जाने की शिकायत होती है। कभी कभी यह बुखार हार्ट पर भी असर डाल देता है। टायफाइड से बचने के लिये दूध और दूध से बनी मावे की पुरानी चीजे, आइस्क्रीम पेस्ट्री, अधपका मीट, सुबह वाली सब्जी शाम को नहीं खानी चाहिये। बाहर का पानी 4-5 बार उबालकर पीना चाहिए या बोतल का पीना चाहिए। इसके साथ ही बाजार में कट कट हुए फल नहीं खाने चाहिए। खाना खाने से पहले और शोचालय जाने के बाद हाथ को अच्छे से धोने चाहिये।

## घर पर खड़ी कार का उत्तराखंड में कटा चालान

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां घर पर खड़ी कार का दूसरे राज्य में चालान कट गया।

थाना सदर बाजार क्षेत्र की गिल कॉलोनी निवासी राजीव ठाकुर ने बताया कि उनकी कार संख्या यूपी 16ईवी 8049 का चालान उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में कट गया, जबकि उनकी गाड़ी कभी सहारनपुर से बाहर नहीं गई। पीड़ित के अनुसार, होली के बाद से उनकी कार घर पर ही खड़ी है और 3 अप्रैल को उनके मोबाइल पर 4000 रुपये के चालान का मैसेज आया। चालान उत्तराखंड यातायात पुलिस द्वारा किया गया है। मैसेज देखकर वह हैरान रह गए, क्योंकि गाड़ी लगातार उनके घर पर सीसीटीवी निगरानी में खड़ी थी। चालान में यह दर्शाया गया है कि वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, जबकि राजीव ठाकुर का कहना है कि उनके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद है। उन्होंने इसे पूरी तरह गलत बताया है। राजीव ठाकुर ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी गाड़ी का फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाया होगा, जिसके कारण यह चालान उनके नाम पर दर्ज हो गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाना सदर बाजार में शिकायत दर्ज करा दी है। साथ ही आरटीओ और एसपी ट्रैफिक को भी शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# रक्तदान के जरिए शहीदों को नमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। अमर शहीद सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु के शहीदी दिवस को समर्पित फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर में 203 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

जैन बाग, रामपुर मनिहारान में शिविर का संयोजन अभयराज चौधरी एवं विकास पंवार द्वारा किया गया।अभय राज चौधरी एवं विकास पवार ने बताया कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। रक्तदान के माध्यम से किसी को जीवन देना ही उनके बलिदान का सम्मान है। पंकज कुमार पाँचाल, अश्वनी कुमार मित्तल, जितेंद्र कुमार सैनी, आशीष रोहिला, राहुल कुमार, दिनेश कुमार वर्मा, कुलबीर चौहान ने कहा कि फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे ये प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर आवश्यक हैं। रक्तदान शिविर में मास्टर सुशील पवार, अनुज प्रधान, बलराज सिंह,



सत्यम भुर्यान, अंकित प्रधान, आरिफ, राहुल बाटला, अंजू देवी, संगीता, सोनू गौड़, प्रदीप, रुचिन, शेखर, कर्मवीर, शिवम गुप्ता, अर्चित जैन, आदित्य, सचिन, सुमित, कविता डिवाइज संगीता, शेखर, आदेश, रीता, घनश्याम, दीपक, अर्जुन, मीना आदि ने भाग लिया।

# विजेता खिलाड़ी सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। हनुमान जन्मोत्सव दिवस जिसको क्रीड़ा भारती अपने स्थापना दिवस के रूप में मनाता है, के अंतर्गत दो दिवसीय 2 और 3 अप्रैल को डा भीमराव अंबेडकर स्टेडियम पर परंपरागत खेलों (कुश्ती व कबड्डी) आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित कर एवं विभिन्न अन्य खेलों के उत्कृष्ट पदक विजेता खिलाड़ियों को नगद धनराशि एवं अन्य विशेष उपहारों के साथ सम्मानित कर मनाया गया।

आयोजन का शुभारंभ सहारनपुर क्रीड़ा भारती के महानगर अध्यक्ष डॉ अशोक गुप्ता, मुख्य अतिथि प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी शिवकुमार राणा, रविंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि यशपाल सिंह पुंडीर, दीपक गुप्ता, भावना तोमर एवं पार्षद संजय गर्ग के द्वारा महाबली हनुमान जी की प्रतिमा को सिंदूर लगाकर, पुष्प, पुष्प माला अर्पित के साथ दीप प्रज्वालित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सैकड़ो खिलाड़ियों के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया और फिर प्रशाद वितरण किया गया। उसके बाद कुश्ती खेल प्रशिक्षक आदेश कुमार के नेतृत्व में कुश्ती खेल की प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें अलग-अलग 10 भार वर्गों में भाग लेकर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किए। एथलेटिक्स (महिला) के 400 मीटर, 800 मीटर खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किये। इस अवसर पर कुश्ती की कुछ महिला खिलाड़ी जो प्रदेश में पदक अर्जित कर कर लौटी थी, उनका भी स्वागत कर उपहार भेंट किए गए। विशेष रूप से शिवकुमार राणा व अभिषेक तोमर के द्वारा अपनी ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप आकर्षक उपहार भी भेंट किए गए।

## सेवानिवृत्ति पर विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगोह। दलीप सिंह राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या नीरा शर्मा के 35 वर्षों के सफल एवं समर्पित सेवाकाल पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय स्टाफ द्वारा शॉल, माला एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रबंधक पूनम कृष्णा, अध्यक्ष राकेश सिंघल, योगेन्द्र गर्ग, राकेश गर्ग व सुनीता गर्ग ने उपहार देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरा शर्मा के पति डॉ. अरुण शर्मा, पुत्र डॉ. अभिनव शर्मा, पुत्रवधु डॉ. आकांक्षा शर्मा, कुशाग्र आदि रहें। पूर्व आयुक्त संजय कृष्ण, आदेश गोयल, सुनील गर्ग, प्रदीप खन्ना, प्रमोद गोयल, संयम शर्मा सहित गणमान्य मनोज जैन, डॉ. एसआर. सैनी, डॉ. नरेन्द्र पाल, डॉ. निर्मलजैन, डॉ. वीना सैनी एवं अरायना आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रबंधक पुनम कृष्णा ने नीरा शर्मा व अध्यक्ष राकेश सिंघल ने उनके योगदान को सराहा।

# धूमधाम से निकाली मंगल कलश व श्री बालाजी रथयात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव एंव श्री बालाजी जन्मोत्सवम के उपलक्ष्य में आज मंगल कलश यात्रा एंव श्री बालाजी रथयात्रा धूमधाम के साथ निकाली गयी, जिसमें नासिक का बैंड और देवी-देवताओं की झांकिया आर्कशण का केन्द्र रही यात्रा काव्यापार मंडलों ने विभिन्न बजारों में स्वागत किया।

मोहल्ला चौन्ताला स्थित मन्दिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा स्वरूप आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ के उपलक्ष्य में आज मंगल कलष यात्रा एंव श्रीबाला जी



रथयात्रा निकाली गयी। मंदिर परिसर से यात्राएं श्रीबाला जी महाराज के पूजा-अर्चना के साथ आरंभ और ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात मेयर डा. अजय सिंह ने शोभायात्राओं को उद्घाटन किया। षोभायात्रा में सबसे आ गे एक युवक धर्म ध्वज लेकर चल रहा था। उनके साथ दो युवा समिति का बैनर लिये चल रहे थे। शोभायात्रा का नेतृत्व एक विशेष रथ विराजमान भगवान श्रीगणेश जी कर रहे थे। साथ ही मंदिर समिति के पदाधिकारी भी शोभायात्राएं का संचालन कर रहे थे।

शोभायात्रा में विभिन्न बैंड धार्मिक धुनों से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान कर वातावरण को भक्तिमय किये हुए थे। वहीं विभिन्न देवी -देवताओं की झाांकिया सभी के लिये आकर्षण का केन्द्र बनी थी। नासिक के बैंड से प्रस्तुतियों से सभी को अपनी और आकर्षित किया हुआ था। शोभायात्रा में खाटू याम के रथ के साारथी का दायित्व मनी गुप्ता व ओम गुप्ता, श्री भैरव जी महाराज के रथ के सारथी का दायित्व मुकेश चौरसिया, कमल, अरूण व नितिन तथा श्री बाला जी महाराज के सथ के सारथी के दायित्व श्रवण कुमार, नितिन, गौतम व संयम बंसल ने निभाया। शोभायात्रा चौन्ताला से आंरभ होकर बडतला यादगार, भगत सिंह चौक, बाजार मोरगंज, चौक फव्वारा, नया बाजार से होते हुए हलवाई हट्टा पहुंची जंहा केके सेरेमनी की गयी और फिर यात्रा चौन्ताला स्थित मंदिर पहुंच कर सम्पन हुयी। उत्सव संचालक विनय जिंदल, पूर्व पार्षद मानसिंह जैन, अध्यक्ष मुकेश चौरसिया, कार्यक्रम संयोजक पवन गोयल, सुरेंद्र मोहन संजू,योगेष गोयल बिट्टू, राजकुमार गोयल, सतीश सिंघल, नितिन कंसल, राज. कुमार गोयल, मुकेश मित्तल, विजय गुप्ता, मुन्नी गुप्ता, राधेश्याम शर्मा, राकेश मोहन शर्मा, संजय मोहन शर्मा संजू, अजय शर्मा, विजय शर्मा, शिवाशु गोयल, मोहित शर्मा आदि का विषेश योगदान रहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 4 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# जरूरत है भरोसे की

मालदा की हालिया घटना और सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणियों ने पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर जनता के बीच बढ़ती नाराजगी, प्रशासनिक स्तर पर कमजोरियों के आरोप और बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायतों ने अविश्वास का माहौल और गहरा कर दिया है। मालदा के कालियाचक में घटी घटना, जिसमें उग्र भीड़ ने सात न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बनाकर रखा, यह दर्शाती है कि राज्य में हालात कितने तनावपूर्ण हो चुके हैं। लगातार विरोध-प्रदर्शन, सड़क जाम और प्रशासन के खिलाफ बढ़ती नाराजगी यह साफ संकेत देती है कि आम जनता के बीच स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर गहरी असंतुष्टि है। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कानून को हाथ में लेना उचित नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इस घटना ने यह जरूर उजागर कर दिया है कि लोगों की चिंताओं को समय रहते सही तरीके से नहीं समझा गया। यह पूरी स्थिति प्रशासनिक विफलता की ओर भी इशारा करती है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में आई कमजोरी के कारण ही न्यायपालिका को सख्त रुख अपनाना पड़ा। राज्य में लंबे समय से तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पहले भी चुनावी कार्यों में लगे कर्मचारियों को असुरक्षा का सामना करना पड़ा है। यदि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते हालात की गंभीरता को भांपने में असफल रहे, तो यह निश्चित रूप से उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। चुनाव की घोषणा के बाद बड़े पैमाने पर अधिकारियों के तबादले भी प्रशासनिक स्थिरता को प्रभावित करने वाले कारकों में शामिल हैं। इस पूरे मामले में जनता की चिंताओं को समझना भी उतना ही जरूरी है। पहले जहां राज्य में लगभग 7.6 करोड़ मतदाता थे, वहीं पुनरीक्षण के बाद इसमें करीब 10 प्रतिशत की कमी सामने आई है। अंतिम सूची जारी होने के बाद लाखों मतदाताओं को विभिन्न कारणों से चिन्हित किया गया, जिनमें से बड़ी संख्या में आपत्तियों का निपटारा भी किया जा चुका है। इसके बावजूद नाम खारिज होने की दर काफी अधिक बताई जा रही है, जिससे लोगों में यह आशंका बढ़ी है कि कहीं योग्य मतदाता भी सूची से बाहर न हो जाएं। यही कारण है कि जनता के बीच अविश्वास का माहौल तेजी से गहराता जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने आश्वासन दिया है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित नहीं रहेगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट भी इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है और उसने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति जैसे कदम उठाए हैं, जो एक असाधारण पहल मानी जा रही है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ी आवश्यकता जनता और प्रशासन के बीच भरोसा बहाल करने की है। राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी यहां और बढ़ जाती है कि वे इस मुद्दे को केवल चुनावी लाभ-हानि के नजरिए से न देखें, बल्कि संवेदनशीलता के साथ जनता की समस्याओं को समझें।

## हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया



कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच 16 अप्रैल से महिला आरक्षण विधेयक में संशोधन पर चर्चा के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाना सरकार का एकतरफा निर्णय है और इस बैठक को लेकर विपक्ष को नजरअंदाज कर पूरी तरह से मनमानी की गई है, सरकार ने विपक्ष की मांग को दरकिनार करते हुए 16 अप्रैल से तीन दिन की संसद की बैठक बुलाई है, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि इस सत्र में महिला आरक्षण विधेयक के साथ-साथ परिसीमन का मुद्दा भी उठाया जा सकता है, परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अब तक कोई व्यापक चर्चा नहीं हुई है, कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण का समर्थन किया है।

**-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# ईरान-अमेरिका युद्ध से दुनिया में महंगाई का लगा तड़का



रोहिताश सिंह वर्मा

**"अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।**




अमेरिका-ईरान और इजरायल युद्ध का आज 35 वां दिन है। इस बीच अमेरिका का कहना है कि ईरान ने अपना बहुत कुछ खो दिया है, जबकि ईरान ने अमेरिका के दावों को झूठा बताया है, दोनों में से कौन झूठ बोल रहा हैँ और कौन सच, ये तो वहां के लोगों और मीडिया से बेहतर और कोई नहीं जान सकता, लेकिन इसके बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी महंगाई का संकट पैदा कर दिया है। दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हुए हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें 105 डालर प्रति बैरल के पार जाने से तेल संकट, परिवहन लागत में वृद्धि और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं। अमेरिका-ईरान तनाव से वैश्विक महंगाई के मुख्य कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आना है। संघर्ष के कारण आपूर्ति रुकने के डर से तेल के दाम 105 डॉलर के पार पहुंच गए हैं। इससे पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की कीमतें बढ़ रही हैं, जो हर तरह की महंगाई का मुख्य कारण है। होर्मुज जल डमरूमध्य के पास तनाव से समुद्री व्यापार प्रभावित हो रहा है।

इससे वस्तुओं की आवाजाही रुकने से खाद्य पदार्थों और अन्य कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। युद्ध के डर से निवेशकों ने भारतीय सहित दुनिया भर के बाजारों से पैसा निकालना शुरू कर दिया है, जिससे आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई है। सऊदी अरब और यूएई जैसे खाड़ी देशों के अमेरिका से खफा होने और तनाव बढ़ने से तेल आपूर्ति का बड़ा संकट पैदा होने की आशंका है। भारत की ऊर्जा सुरक्षा, उर्वरक आपूर्ति और व्यापार पर इसका सीधा और नकारात्मक असर पड़ने का खतरा है, जिससे देश में महंगाई दर बढ़ सकती है। भारतीय तेल बास्केट की कीमत मार्च में 113.49 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इससे पहले मार्च 2023 में यूक्रेन युद्ध के समय यह 112.87 डॉलर तक पहुंचा था, लेकिन बाद में कीमतों में नरमी आई थी। पिछले रविवार को हुई ओपेक देशों की बैठक में ऑयल उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा की गई।

1 अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। अब सामान्य पेट्रोल की कीमत 119.85 और प्रीमियम पावर वेरिएंट की कीमत 129.85 प्रति लीटर हो गई है। डीजल की कीमतों में इससे भी अधिक 25.01 प्रति लीटर की भारी वृद्धि देखी गई है। सामान्य डीजल बढ़कर 123.52 और प्रीमियम डीजल 133.52 प्रति लीटर पर पहुंच गया है। हालांकि भारत सरकार की एजेंसियों ने अभी तक पेट्रोल व डीजल की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। गौरतलब है कि दो हफ्ते पहले भी शेल ने कुछ फिलिंग स्टेशनों पर मामूली संशोधन करते हुए पेट्रोल में 2 से 2.50 प्रति लीटर और डीजल की कीमतों को 93.50 तक बढ़ाया था। शेल से पहले 27 मार्च को नायरा एनर्जी ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमशः 5 और 3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। महाराष्ट्र में अब नायरा पंपों पर पेट्रोल 103.82 से बढ़कर 108.82 प्रति लीटर हो गया है, जबकि डीजल 90.09 से बढ़कर 93.09 प्रति लीटर पर बिक रहा है। भारत का ऑयल बास्केट ओमान, दुबई (खट्टे ग्रेड) और ब्रेंट (मीठे ग्रेड) के औसत पर आधारित होता है। इसे पिछले वित्त वर्ष में प्रोसेस किए गए कच्चे तेल के अनुपात के अनुसार तय किया जाता है। सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई जैसे प्रमुख उत्पादकों ने उत्पादन घटा दिया है। वहीं रूस का उत्पादन भी ड्रोन हमलों के कारण प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को अब तक की सबसे बड़ी तेल आपूर्ति बाधा माना जा रहा है।

**एक अप्रैल को भारतीय रिफाइनरियों के लिए कच्चे तेल की कीमत 120.84 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई, जबकि ब्रेंट क्रूड लगभग 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें फिलहाल 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई हैं, जिससे दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ रहा है। आज शुक्रवार को कच्चे तेल की कीमत में पिफर से तेजी आई। बुधवार 1 अप्रैल से निजी ईंधन खुदरा विक्रेता कंपनी शेल इंडिया ने अपने आउटलेट्स पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी की है। इससे पहले नायरा एनर्जी ने भी तेल के दाम बढ़ा चुकी है। बेंगलुरु में शेल आउटलेट्स पर पेट्रोल की कीमतों में 7.41 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आर्थिक साम्राज्य और बालेन सरकार का शिकंजा

**पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए तब दो अप्रेल को उसे काठमांडू के नक्शाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है तो इस मुलाकात के तरह तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है,इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है तो वह केवल के पी शर्मा ओली ,रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं। नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है।

पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नी अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है। बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसाई का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है। और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है। नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाला दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं।

एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसाई की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डाक्टर बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डाक्टर बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यवसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए। 44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शिक्षक, शोध और शिक्षा, सबका नया केंद्र बनेगी एनसीईआरटी



प्रो. आर.के. जैन

जब किसी देश की शिक्षा व्यवस्था करवट लेती है, तो बदलाव केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की दिशा और दशा दोनों बदल जाती हैं। भारत की शिक्षा यात्रा में 2026 का आरंभ ऐसा ही एक निर्णायक पड़ाव बन गया है। पिछले 6 दशकों से करोड़ों विद्यार्थियों को अपनी पुस्तकों के माध्यम से मार्ग दिखाने वाली एनसीईआरटी अब 'डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी' बनने जा रही है। अब वह केवल किताबें तैयार करने वाली संस्था नहीं रहेगी, बल्कि डिग्री प्रदान करेगी, शोध को बढ़ावा देगी, नए शिक्षकों का निर्माण करेगी और शिक्षा की नई नीतियों की आधारशिला रखेगी। यह बदलाव महज एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था को भीतर तक बदल देने वाली उस ऐतिहासिक क्रांति की शुरुआत है, जिसकी नींव राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने रखी थी।

1961 में स्थापित एनसीईआरटी ने दशकों तक भारतीय विद्यालई शिक्षा की आधारशिला बनकर कार्य किया। देश के अधिकांश स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकें, पाठ्यक्रम और मूल्यांकन पद्धतियां इसी संस्था की दृष्टि से आकार लेती रहीं। इसकी किताबों ने गांव के छोटे विद्यालय से लेकर महानगरों के प्रतिष्ठित स्कूलों तक शिक्षा का एक समान आधार तैयार किया। लेकिन समय बदलने के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल पाठ्यपुस्तकें तैयार कर देना पर्याप्त नहीं है। नई शिक्षा व्यवस्था को ऐसे विशेषज्ञों की जरूरत है, जो शिक्षा को गहराई से समझें, उस पर शोध करें और बदलते समय के अनुसार उसे नया स्वरूप दे सकें। यही सोच एनसीईआरटी को विद्यालई शिक्षा की सीमाओं से आगे बढ़ाकर उच्च शिक्षा के केंद्र में ले आई।

वर्ष 2023 में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली बार सार्वजनिक रूप से संकेत दिया था कि एनसीईआरटी को शोध और शिक्षक शिक्षा का राष्ट्रीय केंद्र बनाया जाएगा। लगभग 3 वर्षों की तैयारी, विशेषज्ञों की सिफारिशों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बाद अब यह निर्णय अंतिम रूप लेने जा रहा है। दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर, मैसूर और शिलांग के क्षेत्रीय संस्थान भी इस नए स्वरूप का हिस्सा बनेंगे। इसका अर्थ केवल इतना नहीं कि एनसीईआरटी का दायरा बढ़ेगा, बल्कि यह कि देश के अलग-अलग हिस्सों में शिक्षा और शोध के नए केंद्र उभरेंगे। पहली बार विद्यालई शिक्षा और विश्वविद्यालई शोध एक ही मंच पर साथ दिखाई देंगे। डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिलने के बाद एनसीईआरटी को व्यापक शैक्षणिक अधिकार प्राप्त हो जाएंगे। अब वह स्वतंत्र रूप से डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर तक के पाठ्ड्क्रम संचालित कर सकेगा। शिक्षा, मनोविज्ञान, बाल विकास, समावेशी शिक्षा, डिजिटल शिक्षण, बहुभाषी अध्ययन और शिक्षक-प्रशिक्षण जैसे विषयों में विशेष डिग्रियां दी जा सकेंगी। संस्था को अपने पाठ्ड्क्रम स्वयं बनाने, शैक्षणिक ऋण बैंक प्रणाली लागू करने और राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचे में शामिल होने की स्वतंत्रता मिलेगी। इसके साथ ही विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी, छात्र-शिक्षक




आदान-प्रदान तथा नए परिसर खोलने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एनसीईआरटी का उद्देश्य लाभ कमाना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई तक पहुंचाना होगा। दशकों से भारतीय शिक्षा व्यवस्था दो हिस्सों में बंटी हुई दिखाई देती रही हैकृएक ओर स्कूल, दूसरी ओर विश्वविद्यालय। विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली सामग्री और विश्वविद्यालयों में होने वाला शोध शायद ही कभी एक-दूसरे से जुड़ पाए। परिणामस्वरूप शोध पुस्तकालयों और रिपोर्टों तक सीमित रह गया, जबकि स्कूल पुराने ढर्रे पर चलते रहे। एनसीईआरटी का यह नया रूप अब इस दूरी को समाप्त करने वाला सशक्त सेतु बनेगा। जो विशेषज्ञ पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, वही शिक्षक गढ़ेंगे और वही शिक्षा पर शोध भी करेंगे। इससे नई खोजें और नए विचार सीधे कक्षा तक पहुंचेंगे। बच्चों की पढ़ाई अधिक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप बन सकेगी। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हमेशा से प्रशिक्षित और सक्षम शिक्षकों की कमी रही है। अनेक शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थान आज भी पुराने पाठ्यक्रमों और पारंपरिक तरीकों तक सीमित हैं। ऐसे समय में एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में नई क्रांति ला सकता है। अब वह ऐसे पाठ्यक्रम प्रारंभ कर सकेगा, जिनमें डिजिटल शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित शिक्षण, व्यावसायिक शिक्षा, समावेशी कक्षाएं और बहुभाषी अध्ययन जैसे आधुनिक विषय शामिल होंगे। क्षेत्रीय संस्थानों में पीजी और पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने से युवा शोधकर्ताओं को विद्यालई शिक्षा की वास्तविक चुनौतियों पर काम करने का अवसर मिलेगा। उनके शोध के परिणाम सीधे पाठ्यक्रमों और शिक्षा नीतियों में दिखाई देंगे, जिससे शिक्षा अधिक जीवंत, प्रभावी और समयानुकूल बन सकेगी। हर बड़ा परिवर्तन अपने साथ चुनौतियां भी लाता है। एनसीईआरटी के सामने भी कई गंभीर प्रश्न हैं। कुछ शिक्षाविदों का मानना है कि यूजीसी के नियमों के अधीन आने से उसकी स्वतंत्र कार्यशैली प्रभावित हो सकती है। जिस संस्था की पहचान अब तक विद्यालई शिक्षा से रही है, उसके लिए विश्वविद्यालई ढांचे में ढलना आसान नहीं होगा। नए विभाग, प्रशिक्षित संकाय, शोध सुविधाएं, पर्याप्त बजट और प्रशासनिक सुधारों की आवश्यकता पड़ेगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उच्च शिक्षा की नई भूमिका निभाते हुए एनसीईआरटी अपनी मूल जिम्मेदारी, यानी स्कूल शिक्षा को मजबूत बनाने, से दूर न हो। यदि योजना, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर बराबर ध्यान दिया गया, तो यही चुनौतियां उसकी सबसे बड़ी शक्ति बन सकती हैं। यदि यह परिवर्तन सफल हुआ, तो आने वाले समय में एनसीईआरटी केवल एक संस्था नहीं, बल्कि भारतीय शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगी। एक ओर देश का विद्यार्थी उसकी किताबों से पढ़ेगा, दूसरी ओर उसी संस्था का शोधकर्ता नई शिक्षा नीति तैयार करेगा और वही शिक्षक गढ़े जाएंगे, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देंगे। यह ऐसा मॉडल होगा, जहां शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण एक-दूसरे से सीधे जुड़े होंगे। विकसित भारत का सपना केवल उद्योग, तकनीक और अर्थव्यवस्था से पूरा नहीं होगाय उसकी सबसे मजबूत आधारशिला शिक्षा ही बनेगी। एनसीईआरटी का यह नया स्वरूप उसी आधारशिला को अधिक मजबूत, व्यापक और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणाली को तैनात करने पर बातचीत

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने शुक्रवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ फोन पर बातचीत की। इस दौरान कुवैत में ब्रिटेन की 'रैपिड सेंट्री' वायु रक्षा प्रणालियों की तैनाती को लेकर चर्चा की गई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने बताया कि स्टार्मर ने कुवैती तेल रिफाइनरी पर रात भर हुए ड्रोन हमले की निंदा की। दोनों नेता होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के प्रयासों पर मिलकर काम करने के लिए भी सहमत हुए।

### बंगलादेश में खसरे के प्रकोप से बढ़ रहे बच्चों के मौत के मामले

**ढाका।** बांगलादेश में खसरे का प्रकोप तेजी से बढ़ने से अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। देश के हर जिले में यह संक्रमण फैल चुका है और बच्चों की मौत के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। 'ढाका ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक कम से कम 42 बच्चों की जान जा चुकी है। अगर जिला और निजी अस्पतालों के आंकड़े जोड़ें, तो यह संख्या 46 या उससे भी ज्यादा हो सकती है। पिछले 24 घंटों में ही संक्रमण के 685 नए मामले सामने आए हैं और चार बच्चों की मौत हुई है।

### स्विट्जरलैंड ने सौ से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाला

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने शरण के कड़े नियमों के तहत पांच महीनों में 100 से ज्यादा यूक्रेनी नागरिकों को निकाल दिया है। प्रवासन राज्य सचिवालय (एसईएम) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक नवम्बर से पश्चिमी यूक्रेन के सात इलाकों से शरण मांगने वाले अब स्विट्जरलैंड में प्रोटेक्शन स्टेटस एस के लिए पात्र नहीं हैं। इस नए नियम के अनुसार, एसईएम ने फरवरी के आखिर तक 104 लोगों को यूक्रेन के लिए निकाल दिया। स्विट्जरलैंड की संघीय सभा अक्टूबर 2025 में उन लोगों को अस्थाई संरक्षण देने पर सहमत हुई थी, जिनका आखिरी घर यूक्रेन का कोई ऐसा इलाका था जो युद्ध क्षेत्र में है।

# अमेरिका को एक और यूरोपीय देश ने दिया झटका

## ऑस्ट्रिया ने ईरान से जुड़े सैन्य ऑपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकराई



**वियना।** यूरोप के कई देशों ने अमेरिका के सैन्य अभियानों से दूरी बनानी शुरू कर दी है। इसमें सबसे नया नाम आस्ट्रिया का जुड़ गया है। जिसने ईरान से जुड़े सैन्य आपरेशनों के लिए अपने एयरस्पेस के इस्तेमाल की अमेरिकी मांग ठुकरा दी है।

आस्ट्रिया के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला देश के सख्त तटस्थता कानून के तहत लिया गया है। मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से ब्राडकास्टर ओआरएफ ने पुष्टि की कि वाशिंगटन की ओर से कई अनुरोध आए थे, लेकिन हर मामले को विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर अलग-अलग आधार पर परखा जाएगा। हालांकि, आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है। यूरोप में यह रुख अकेला नहीं है। स्पेन, जो इस युद्ध का खुलकर विरोध कर रहा है, पहले ही अपने एयरस्पेस को संघर्ष में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए बंद कर चुका है। वहीं इटली ने भी पिछले हफ्ते सिसिली स्थित अपने सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति अमेरिकी बमवर्षक विमानों को देने से इन्कार कर दिया था। यूरोपीय देशों के इन्कार से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी काफी खफा हैं। वो ट्रुथ के अलावा विभिन्न प्लेटफार्म्स पर खुलकर विरोध जता चुके हैं। कई मीडिया साक्षात्कार में खुले तौर पर नाटो और यूरोपीय देशों के खिलाफ राय जाहिर कर चुके हैं। लगभग हर दूसरे दिन वो ट्रुथ पर मदद न करने का तंज कसते हुए कह देते हैं कि अमेरिका याद रखेगा। जिस होर्मुज स्ट्रेट पर कब्जे का वो दावा करते थे अब उसे लेकर भी उन्होंने रुचि नहीं दिखाई है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि अब उसकी जिम्मेदारी वो उठाएं, जिन्हें वहां से अपना सामान ले जाना है। हाल ही में डेली टेलीग्राफ को दिए एक साक्षात्कार में ट्रम्प ने ईरान-इजरायल संघर्ष के दौरान नाटो सहयोगियों, खासकर ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से सैन्य मदद न देने पर नाराजगी जताई। ट्रम्प ने नाटो को कागजी शेर करार दिया और अमेरिका के गठबंधन से बाहर निकलने की धमकी दी।

**■ आस्ट्रिया ने पूरी तरह से अमेरिकी उड़ानों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, बल्कि हर अनुरोध की समीक्षा तथ्यों के आधार पर की जा रही है**



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आरएन रवि के साथ हाथ मिलाते विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## फ्रांस अकेले ही राफेल एफ-5 लड़ाकू विमान बनाने का खर्च वहन करेगा

**पेरिस।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ मतभेदों के कारण फ्रांस को अपने राफेल एफ5 लड़ाकू विमान परियोजना को अकेले ही वित्तपोषित करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। फ्रांसीसी समाचार पत्र 'ला ट्रिब्यून' की गुरुवार की रिपोर्ट में कहा गया कि फ्रांस के अनुरोध पर, यूएई पिछले साल के अंत तक लड़ाकू विमान के आधुनिकीकरण के लिए लगभग पांच अरब यूरो (5.4 अरब डॉलर) के कुल बजट में से 3.5 अरब यूरो की वित्तीय सहायता देने के लिए तैयार था।

# होर्मुज में ईरान-ओमान के साथ मिलकर करेगा खेल

## दोनों देशों का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना

**दुबई/तेल अवीव।** ईरान ने एक बड़ा दावा किया है। ईरान के राजनयिक काजेम गरीबाबादी ने बताया कि उनका देश ओमान के साथ मिलकर होर्मुज जलडमरूमधय की निंगरानी के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहा है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने इस खबर की जानकारी दी है। गरीबाबादी के अनुसार, इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य जहाजों के आने-जाने के रास्ते को आसान और सुरक्षित बनाना है। इसके साथ ही, इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों को बेहतर सेवाएं देना भी इस योजना का हिस्सा है। होर्मुज जलडमरूमधय फारस की खाड़ी का एक बहुत ही संकरा और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है। पिछले कुछ समय में इस समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर कई हमले हुए हैं। इन हमलों के पीछे ईरान का हाथ होने की बात कही जाती रही है। इसके अलावा ईरान पर आरोप भी लगे है कि ईरान इस संकरे रास्ते से गुजरने के बदले जहाजों से 20 लाख डालर तक की मांग करता है। जिसकी वजह से इस समुद्री मार्ग पर जहाजों की आवाजाही में काफी मुश्किलें पैदा हो गई हैं। फिलहाल यह साफ नहीं है कि ईरान के इस नए प्रस्ताव का असल में क्या मतलब होगा। ओमान ने अभी तक इस दावे को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है और न ही इसकी पुष्टि की है। भौगोलिक रूप से यह समुद्री रास्ता ईरान और ओमान की सीमाओं के भीतर आता है। इसके बावजूद इसे एक अंतर्राष्ट्रीय जलमार्ग माना जाता है। अंतर्राष्ट्रीय नियमों के मुताबिक, यहां से जहाजों को बिना किसी रुकावट के गुजरने की आजादी मिलनी चाहिए। ईरानी राजनयिक गरीबाबादी ने अपने बयान में यह भी कहा कि जब भी कोई आक्रामक कार्रवाई होती है, तो जहाजों के रास्ते में गंभीर समस्याएं आती हैं। उन्होंने आगे कहा, हम इस समय युद्ध की स्थिति में हैं। ऐसे में हम यह उम्मीद नहीं कर सकते कि शांति के समय वाले नियम युद्ध की स्थितियों में भी लागू होंगे। दूसरी ओर ईरान के खिलाफ युद्ध जारी रखने को लेकर इजरायली जनता के समर्थन में 'लगातार गिरावट' आई है। एक नए सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है। तेल अवीव विश्वविद्यालय से संबद्ध थिक टैंक 'इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज' (आईएनएसएस) द्वारा गुरुवार को जारी सर्वेक्षण के अनुसार, ईरानी शासन को उखाड़ फेंकने तक अभियान जारी रखने के लिए सार्वजनिक समर्थन कम होता जा रहा है।



**■ ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के प्रति इजरायल में जनसमर्थन में आई गिरावट: सर्वेक्षण**

### आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की ओर मिसाइलें दागे जाने का पता लगाया

तेल अवीव। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल के क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइलों की पहचान की। खतरे को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां सक्रिय हैं उल्लेखनीय है कि ईरान गत 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल द्वारा शुरू किए गए एक संयुक्त सैन्य अभियान के जवाब में इजरायली क्षेत्रों और पश्चिमी एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है।

# ट्रम्प ने ईरान में तबाही मचाने की दी चेतावनी

**वाशिगंटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी है कि वह ईरान के और भी पुलों और बिजलीघरों को तबाह कर देंगे। उन्होंने ईरान से कहा है कि जो 'किया जाना चाहिए', उसे 'तेजी' से करे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर तबाह कर देगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिकी सेना ने 'ईरान में अभी तक नष्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू नहीं की है' और कहा 'पहले पुल, फिर पावर प्लांट्स' को लक्ष्य बनाया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अगला नंबर पुलों का है, फिर बिजलीघरों का! ईरान के नए शासन को पता है कि क्या किया जाना चाहिए और इसे तेजी से करना होगा। ट्रम्प की यह चेतावनी एक बड़े अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत अब ईरानी सैन्य ठिकानों के बजाय नागरिक सुविधाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसमें स्टील प्लांट, बिजलीघर और दवा कंपनियों पर हमले शामिल हैं।



**■ कहा: अगर उनकी शर्तें नहीं मानी तो वह उनके नागरिक बुनियादी ढांचे-जैसे पुलों और विद्युत पावर प्लांट्स को निशाना बनाकर नष्ट कर देंगे**

# यूएन ने की भारतीय सैनिकों की सराहना

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने दक्षिण सूडान में तैनात भारतीय शांति सैनिकों के प्रयासों की सराहना की है। इन सैनिकों ने पिछले साल बाढ़ से प्रभावित एक महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को फिर से खोला है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि स्थानीय समुदायों की मदद करने में शांति मिशनों की भूमिका बहुत अहम है।

महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने न्यूयार्क में एक मीडिया वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दक्षिण सूडान के मुश्किल समय में एक उम्मीद जगाने वाली खबर है। अपर नाइल राज्य में भारतीय इंजीनियरिंग यूनिट के सैनिकों ने मालाकाल-रेंक मुख्य सप्लाई मार्ग के एक बड़े हिस्से को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह रास्ता पिछले साल आई बाढ़ के बाद से पूरी तरह बंद था। उन्होंने कहा सैनिकों ने बाढ़ के पानी के बीच से जमीन को फिर से निकाला और सड़क का नया ढांचा तैयार किया। अब अकोका-किलो 20- पालोइच-रेंक के रास्ते एक नया मार्ग बन गया है। इससे इलाके में लोगों का आना-जाना सुरक्षित होगा। साथ ही, इस रास्ते से जरूरतमंद लोगों तक खाना और दवाइयां जैसी मानवीय सहायता पहुंचाना बहुत आसान हो जाएगा। दुजारिक ने कहा कि भारतीय सैनिकों की यह कोशिश दिखाती है कि शांति मिशन किस तरह स्थिरता बनाए रखने में मदद करते हैं। वे सबसे कठिन वातावरण में भी कमजोर नागरिकों तक जरूरी मदद पहुंचाने का काम कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मिशन दक्षिण सूडान (यूएनएमआईएसएस) ने भी सोशल मीडिया पर इस सफलता की जानकारी साझा की है।

**■ शांति रक्षक दल ने अफ्रीकी देश में दूर किया संकट, आम लोगों को मिलेगी बड़ी राहत**

# जरीफ ने की अमेरिका के साथ शांति की अपील

**तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद जावेद जरीफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'लापरवाह आक्रमकता' का उल्लेख करते हुए उसके साथ शांति स्थापित करने की अपील की है। जरीफ ने कहा कि लंबी अवधि का संघर्ष केवल विनाश और अनिश्चितता को बढ़ाता है और स्थाई समाधान के लिए प्रत्यक्ष और वास्तविक बातचीत ही एकमात्र मार्ग है। उन्होंने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण ढंग से विवाद सुलझाने और क्षेत्रीय तनाव को कम करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा है कि मौजूदा संघर्ष के किसी भी समाधान में ईरान के राष्ट्रीय हितों का ध्यान रखना सबसे जरूरी है।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
फीस 100/- रुपये मात्र
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लेंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरु
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर... www.shahtimesnews.com

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवीन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक),CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर),ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.